भारतीय प्रबंध संस्थान, अहमदाबाद
INDIAN INSTITUTE OF MANAGEMENT, AHMEDABAD

YEARS
1961-2011

49 वार्षिक प्रतिवेदन ANNUAL REPORT 2010-11

संस्थापक प्रणेता

डॉ. जीवराज मेहता

कस्तूरभाई लालभाई

डॉ. विक्रम साराभाई

पूर्व अध्यक्ष

डॉ. जीवराज एन. मेहता

श्री प्रकाश टंडन

श्री एस.एल. किर्लोस्कर

श्री केशव महिन्द्रा

श्री वी. कृष्णमूर्ति

श्री ए.पी. वेंकटेश्वरन

प्रोफेसर एस.के. खन्ना

डॉ. आई. जी. पटेल

श्री एन.आर. नारायण मूर्ति

वर्तमान अध्यक्ष

डॉ.विजयपत सिंघानिया

वर्तमान निदेशक

प्रोफेसर समीर के. बरुआ

पूर्व निदेशक

डॉ. विक्रम ए. साराभाई


प्रोफेसर रवि जे. मथाई

डॉ. सैम्युअल पॉल

प्रोफेसर वी. एस. व्यास

डॉ. आई. जी. पटेल

प्रोफेसर एन. आर. शेठ

प्रोफेसर पी. एन. खांडवाला

प्रोफेसर जहर साहा

प्रोफेसर बकुल एच. धोलकिया

उनचासवाँ वार्षिक प्रतिवेदनः 2010-11

भारतीय प्रबंध संस्थान, अहमदाबाद

Indian Institute of Management, Ahmedabad

विषयसूची

वर्ष का सिंहावलोकन 1

शैक्षणिक कार्यक्रम 6

प्रबंध में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी) 6

कृषि-व्यवसाय प्रबंध में स्नातकोत्तर कार्यक्रम 10

कार्यपालकों के लिए स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपीएक्स) 12

प्रबंध में फैलो कार्यक्रम 12

नियुक्ति 13

दीक्षांत समारोह 15

प्रबंध में संकाय विकास कार्यक्रम 16

अनुसंधान एवं प्रकाशन 18

प्रबंध विकास कार्यक्रम 20

अंतर्विषयक केंद्र एवं समूह 21

इलेक्ट्रॉनिक अभिशासन केन्द्र 21

अवसंरचना नीति एवं विनियमन केंद्र 21

नवाचार, ऊष्मायन एवं उद्यमिता केंद्र 22

कृषि प्रबंध केंद्र 26

स्वास्थ्य सेवा प्रबंध केंद्र 27

खुदरा बिक्री केंद्र 28

कंप्यूटर एवं सूचना प्रणाली समूह 28

लिंग संसाधन केन्द्र 29

सार्वजनिक प्रणाली समूह 29

रवि जे. मथाई शैक्षणिक नवाचार केंद्र 31

अनुशासनिक क्षेत्र 32

व्यापार नीति 32

संचार 33

अर्थशास्त्र 34

वित्त एवं लेखा 34

विपणन 35

संगठनात्मक व्यवहार 36

कार्मिक एवं औद्योगिक संबंध 37

उत्पादन व मात्रात्मक तरीके 37

पूर्वछात्र केन्द्र गतिविधियाँ 39

स्वर्ण जयंती समारोह 42

वैश्विक भागीदारी और कॉर्पोरेट मामले 44

सहायता अनुदान 46

बुनियादी ढाँचे का विकास 47

कार्मिक 48

छात्र गतिविधियाँ 50

विक्रम साराभाई पुस्तकालय 57

कल्याण गतिविधियाँ 60

परिशिष्ट 63

शासी मंडल

अध्यक्ष

डॉ. विजयपत सिंघानिया

सदस्य

श्रीमती विभा पूरी दास

श्री एस. के. राय

डॉ. पुष्पितो के. घोष

श्री ए. के. जोती

श्री हसमुख अढिया

प्रोफेसर एस. एस. मन्था

श्री संजय एस. लालभाई

श्री चिन्तन एन. परिख

डॉ. हसित जोशीपुरा

श्री अशांक देसाई

श्री सुनिल भारती मित्तल

डॉ. अमृता पटेल

सुश्री रमा बिजापुरकर

श्री नोएल एन. टाटा

श्री केवल हान्डा

श्री एन. सी. वासुदेवन

प्रोफेसर राकेश बसन्त

प्रोफेसर प्रेम पंगोत्रा

श्री मनविन्दर सिंह (विन्दी) बंगा

प्रोफेसर समीर के. बरुआ



वर्ष का सिंहावलोकन

आर्थिक संकट के मध्य, संस्थान ने स्थिति से निपटने के लिए महत्त्वपूर्ण नीति से उठाये कदमों के कारण लचीलापन दिखाया। वास्तव में यह वर्ष संस्थान की वित्तीय स्थिति में एक निर्णायक मोड़ बन गया। यह प्रतिवेदन करते हुए मैं अति प्रसन्न हूँ कि कीमतों के विवेकपूर्ण प्रबंधन और अतिरिक्त उपार्जन के अवसरों के सृजन द्वारा पहली बार पूरी तरह से संस्थान के पेंशन दायित्व के वित्तपोषण के बाद 2011 में संस्थान ने परिचालन अधिशेष हासिल किया है। यह पेंशन दायित्व के बीमांकिक मूल्य के 60% तक लगभग 2011 के अंत तक 860 लाख रु. (छठे वेतन आयोग की सिफारिशों के कारण) बढ़ाने के बावजूद हासिल किया है। अब संस्थान से पेंशन लेने वाले किसी भी व्यक्ति को संस्थान की असमर्थता के बारे में चिंता करने की ज़रुरत नहीं है।

द्विवर्षीय स्नातकोत्तर कार्यक्रम

देश में सबसे प्रतिष्ठित स्नातकोत्तर प्रबंधन कार्यक्रम, द्विवर्षीय स्नातकोत्तर प्रबंध कार्यक्रम (पीजीपी) ने संस्थान के प्रमुखतम कार्यक्रम के तौर पर अपना वर्चस्व जारी रखा है। इसी कार्यक्रम से संस्थान ने 2010-11 में देश के प्रथम संस्थान के अद्वितीय गौरव को हासिल करने के साथ ही "फाइनेंसियल टाइम्स" (एफटी) के स्नातकोत्तर प्रबंधन कार्यक्रम की प्रतिष्ठित वैश्विक रैंकिंग में 8वाँ स्थान प्राप्त किया है।

यह वर्ष अन्य पिछड़ा वर्ग यथांश से संबंधित विस्तारण के अंतिम चरण के कार्यान्वयन का साक्षी रहा है। मुझे यह प्रतिवेदित करते हुए अति प्रसन्नता हो रही है कि हमारे संस्थान ने सत्र के बढ़ते आकार को ध्यान में रखकर अन्य आईआईएम संस्थानों से अलग तरीके से अपेक्षित सुविधाओं की योजना बनाई है। अधिकतर साथियों को अनुकूलन के लिए आवास एवं भोजन व्यवस्था की सुविधाओं तथा वर्गखंड की क्षमता के विस्तार के साथ समय पर पूरा किया गया है।

सत्र के आकार के तेज़ी से हुए विस्तार से निपटना भी एक चुनौती बन रहा है। बढ़ती संख्या के अलावा सत्र की संरचना में परिवर्तन एक ऐसा मुद्दा है, जिससे संस्थान को भविष्य में निपटना है। समुचित कार्यक्रम आयोजित करने के लिए सोच में उचित बदलाव की आवश्यकता है, जिससे कि कार्यक्रम की गुणवत्ता सुनिश्चितता रहे।

संस्थान के कृषि क्षेत्र में द्विवर्षीय कृषि व्यवसाय प्रबंध में स्नातकोत्तर कार्यक्रम में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के संबंधित विस्तारण के कारण शैक्षिक कार्यक्रम में महत्त्वपूर्ण वृद्धि देखने को मिली है। कृषि और कृषि प्रधान समाज की आजीविका से संबंधित मुद्दों ने मानव जाति के भविष्य पर वैश्विक वार्ता में मुख्य स्थान ले लिया है। इस क्षेत्र में उभरते मुद्दों के साथ तालमेल करने के लिए कार्यक्रम को फिर से डिजाइन करने की आवश्यकता है।

फैलो प्रबंध कार्यक्रम

एक व्यापक समीक्षा लंबित है तब इस वर्ष के दौरान कई नीतिगत पहल फैलो प्रबंध कार्यक्रम (एफपीएम) के डॉक्टरेट कार्यक्रम को मज़बूत बनाने के लिए की गई। इस कार्यक्रम के बारे में एक प्रमुख चिंता का विषय यह है कि यह अति सघन संसाधन कार्यक्रम पूरी तरह से संस्थान द्वारा वित्त पोषित है। सरकार की प्रतिबद्धता के आधार पर संस्थान के डॉक्टरेट कार्यक्रम के वित्त पोषण के लिए एक प्रस्ताव हमने सरकार को प्रस्तुत किया है। इस कार्यक्रम के आकार को बाहर के वित्त पोषण के बिना बढ़ाना मुश्किल होगा।

इस कार्यक्रम में बाहरी उम्मीदवारों को प्रवेश के लिए पूर्वछात्रों की ओर से शुल्क का भुगतान करने के लिए विशेष रूप से प्रस्ताव आ चुके हैं, जिसमें उम्मीदवारों को अपने डॉक्टरेट की उपाधि को आगे बढ़ाने की अनुमति मिल सकती है। इस संस्थान एवं अन्य प्रबंध स्कूलों के द्वारा इस तरह से कार्यक्रमों के विस्तार के कारण ऐसे विकल्प को गंभीर रूप से ध्यान में लेने की जरूरत है, जो कि शायद प्रबंध शिक्षकों की बढ़ती कमी से निपटने का एक मात्र समाधान है।

कार्यकारी अधिकारियों के लिए प्रबंधन में एकवर्षीय स्नातकोत्तर कार्यक्रम

कार्यकारी अधिकारियों के लिए एकवर्षीय स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपीएक्स) के बाद के अनुभव के द्वारा एमबीए कार्यक्रमों के भारत के पहले संस्थान ने वर्ष 2010-11 में फाइनेंसियल टाइम्स (एफटी) की प्रतिष्ठित वैश्विक रैंकिंग में 11वाँ स्थान प्राप्त करके संस्थान के स्वर्णिम भविष्य की टोपी में एक और पंख जोड़ दिया है।

कार्यक्रम के द्वारा प्राप्त आवेदनों की गुणवत्ता बढ़ना जारी है। यह तुलनात्मक तो रहा ही है, भले ही बेहतर नहीं, लेकिन दुनिया भर के श्रेष्ठ बी-स्कूलों के साथियों की तुलना में अच्छा रहा है। इस कार्यक्रम की प्रदानता की प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए एक दृष्टिकोण के साथ कार्यक्रम की एक व्यापक समीक्षा की गई है। कार्यक्रम की रुपरेखा में परिवर्तन को लागू किया जा रहा है।

संकाय विकास कार्यक्रम

वर्ष 2010-11 में, संस्थान के चार महीनों के संकाय विकास कार्यक्रम (एफडीपी) के प्रति इथियोपिया के दस प्रबंध शिक्षक आकर्षित हुए। यह पहला अवसर है जब इस कार्यक्रम के प्रति अन्य देश से प्रतिभागी आकर्षित हुए हैं। इस कार्यक्रम का अंतर्राष्ट्रीयकरण करने के लिए स्पष्ट गुंजाइश है क्योंकि सामान्य रूप से भारत में और विशेष रूप से आईआईएम-ए में प्रबंधन में शिक्षकों को प्रशिक्षित करने के लिए अच्छी स्थिति है। इस कार्यक्रम की रुपरेखा में प्रतिभागियों से, जब वे संस्थान में हों तब अधिक ठोस शैक्षणिक निर्गम प्राप्त करने की समीक्षा की जरूरत है।

प्रबंध विकास कार्यक्रम

संस्थान ने कार्यकारी शिक्षा के क्षेत्र में अपना प्रभुत्व जारी रखा है। कार्यकारी शिक्षा के लिए मांग में इस वर्ष निरंतर विस्तार हुआ है। संस्थान में 140 से अधिक प्रबंधन शिक्षा कार्यक्रमों में विभिन्न संगठनों से 4000 से अधिक प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया। संस्थान कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रमों की पेशकश के लिए कुछ पड़ोसी देशों के साथ बातचीत में है। इस कार्यक्रम के लिए संकाय के द्वारा दिये जा रहे समय के बारे में तथा अन्य शैक्षिक गतिविधियों पर संभावित नकारात्मक प्रभाव के बारे में थोड़ी चिंता की बात है।

अनुसंधान, प्रकाशन, संगोष्ठी तथा अभ्यास के साथ संलग्नता

संस्थान के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर कई अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किये गये। इन सम्मेलनों में विभिन्न क्षेत्रों से ऐसे शिक्षाविदों को एक साथ लाया गया, जिसमें संस्थान के संकाय अनुसंधान में संलग्न थे।

इस वर्ष के दौरान *आईआईएम-ए व्यवसाय पुस्तक* श्रृंखला के अंतर्गत संस्थान के संकाय द्वारा प्रबंधन के विभिन्न क्षेत्रों में पुस्तकें प्रकाशित करने के लिए रैन्डम हाउस के साथ सहयोग किया। इसी वर्ष के दौरान चार पुस्तकों का प्रथम समूह प्रकाशित किया गया। ये पुस्तकें ऐसे लेखकों के द्वारा लिखी गयी हैं, जिनके पास विभिन्न संगठनों से कार्यकारियों को शिक्षित करने का समृद्ध अनुभव रहा है। ये पुस्तकें अभ्यास के आधार पर असंख्य उदाहरणों के साथ वार्तालाप की शैली में लिखी गयी हैं। इन पुस्तकों में दिये गये संदर्भ अधिक विशिष्ट विषयों व अवधारणाओं पर विस्तृत विवरण की जानकारी पाठकों को प्रदान करते हैं। इन पुस्तकों में पाठकों ने काफी उत्साह दिखाया है।

संस्थान के मामलों एवं शिक्षण सामग्री तक वेब आधारित पहुँच के लिए भी संस्थान ने पहल की है। मामला लेखन कार्यशालाओं के आयोजन सहित कई नई पहल इस साल के दौरान की गई हैं, जिससे संस्थान के संकाय द्वारा लिखे जा रहे मामलों की संख्या बढ़ाई जा सके।

संस्थान में ध्यान केन्द्रित अनुसंधान एवं अन्य शैक्षणिक कार्य इस प्रयोजन के उद्देश्य से बनाए गये केन्द्रों द्वारा किया जाता है। ये केन्द्र सक्रिय रहते है और अनुसंधान व अकादमिक काम को महत्त्वपूर्ण रूप से पूर्ण करते हैं। इस वर्ष के दौरान, सीआईआईई (ऊष्मायन व उद्यमिता नवाचार केन्द्र) ने स्वच्छ प्रौद्योगिकी पर आधारित उद्यमों में प्रारंभिक चरण का निवेश एवं विचारों को स्थापित करने के लिए समर्पित कोष से उद्यम के लिए कदम उठाये हैं।

शिक्षण में नेतृत्व

देश में शैक्षणिक संस्थानों के शासन के मानकों को बढ़ावा देने के लिए आईआईएम-ए ने हमेशा नेतृत्व में परिवर्तन का प्रदर्शन किया है। इस बीते हुए वर्ष में यह भी देखा गया कि नियुक्ति विषयक जानकारी की पारदर्शिता व विश्वसनीयता में सुधार करने की अन्य एक प्रमुख पहल आईआईएम-ए ने की है।

हमेशा से नियुक्ति एक ऐसा महत्त्वपूर्ण आयाम रही है कि जो प्रबंध शिक्षा पाने के इच्छुकों द्वारा स्कूल की पसंद-नापसंद को प्रभावित करती है। भारत में प्रबंध स्कूलों के द्वारा नियुक्ति पर प्रकाशित जानकारी हमेशा संदिग्ध रही है। मुम्बई में आयोजित सम्मेलन में संस्थान ने प्रबंधन स्कूलों एवं नियोक्ताओं को आमंत्रित किया तथा नियुक्ति प्रतिवेदन मानकों की रूपरेखा की प्रस्तावना रखी, जिससे नियुक्ति पर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने में सत्यनिष्ठा सुनिश्चित हो सके। संस्थान ने घोषणा की है कि इस चालू वर्ष से अपने प्रतिवेदन में प्रस्तावित मानकों का पालन किया जायेगा। संस्थान उम्मीद करता है कि पर्याप्त संस्थानों को इसमें शामिल होने के लिए राजी करेगा, जिससे कि देश भर के प्रबंधन संस्थानों में नियुक्ति पर प्रतिवेदन में सत्यनिष्ठा प्राप्त की जा सके।

व्यावहारिक जगत् में नेतृत्व

आईआईएम-ए में औपचारिक एवं अनौपचारिक दोनों व्यवस्थाओं के वातावरण में छात्रों को पढ़ने का अवसर मिलता है। सीखने में आत्मसात् छात्रों का संगठन यह सुनिश्चित करता है कि वे अभ्यास की दुनिया में नेतृत्व ग्रहण करने के लिए तैयार हैं। इसमें आश्चर्य नहीं है कि भारतीय व्यावसायिक संगठनों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों की एक बहुत बड़ी संख्या आईआईएम-ए के पूर्व छात्र हैं।

इन वर्षों में आईआईएम-ए के पूर्व छात्रों का एक महत्त्वपूर्ण प्रतिशत उद्यमी बन गया है। अपने काम के माध्यम से वे अर्थपूर्ण रूप से देश में सामाजिक परिवर्तन के लिए योगदान दे रहे हैं।

अभ्यास की दुनिया के साथ संकाय का प्रत्यक्ष जुड़ाव विभिन्न संगठनों, नियामक निकायों और सरकारी समितियों के बोर्डों की सदस्यता के माध्यम से इस वर्ष के दौरान भी जारी रहा। संकायों ने परामर्शी कार्य के माध्यम से संगठनों में नीति निर्माण एवं निर्णय निर्माण में भी अपना योगदान जारी रखा है।

सामाजिक परिवर्तन के लिए नेतृत्व

जवाजा परियोजना के साथ संस्थान का जुडाव वर्ष 2010-11 में जारी रहा। संस्थान के दो संकाय सदस्यों, एक पूर्व छात्र सहित पाँच प्रतिबद्ध व्यक्तियों के एक समूह ने मिलकर ग्रामीण विश्वविद्यालय सलाहकार बोर्ड बनाया है। यह समूह जवाजा परियोजना को पुनर्जीवित रखने के लिए काम कर रहा है। इस वर्ष के दौरान आज के बाजार के अनुरूप अधिक समकालीन डिजाइन के नए उत्पाद बनाने के लिए जवाजा के कारीगरों को प्रशिक्षित करने के लिए कार्यशालाओं का आयोजन किया गया था। इस प्रयास में आईआईएम-ए के साथ एनआईडी (राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान) भी शामिल हुआ है। इसमें कई छात्रों को भी शामिल किया गया है। इसकी हर एक बात के पीछे आशा की एक किरण है कि दशकों पहले श्री रवि मथाई द्वारा शुरु की गई इस पहल से जवाजा कारीगर संगठन के भाग्य का पुनरुद्धार होगा और सामाजिक परिवर्तन जारी रहेगा।

सामाजिक उत्तरदायित्व

वर्ष 2008-09 में भारतीय प्रबंध संस्थान, अहमदाबाद, विश्व का कदाचित् सबसे पहला प्रबंध-स्कूल बना, जिसने 23 छात्रों को निःशुल्क शिक्षित किया। आर्थिक रूप से गरीब परिवारों के छात्रों को निःशुल्क शिक्षा देने की पहल अब भी जारी है। प्रति वर्ष हमारे संस्थान से लगभग 45 छात्रों को निःशुल्क शिक्षा दी जाती है। इस पहल के आरंभ से तीन वर्ष के भीतर संस्थान ने शुल्क के रुप में कुल 23.4 करोड़ रु. माफ किये हैं।

वैश्विक आकांक्षाएँ

पीजीपी और पीजीपीएक्स द्वारा उत्कृष्ट वैश्विक रैंकिंग में स्थान प्राप्त करने से संस्थान की प्रतिष्ठा को काफी हद तक बढ़ावा मिला है। शैक्षणिक कार्यक्रमों के लिए भर्ती हुए साथियों की नागरिकता का अंतर्राष्ट्रीयकरण आवश्यक है, जैसा कि वैश्विक रूप से उसकी व्याख्या है। यह संस्थान के संकायों की नागरिकता की विविधता के लिए भी आवश्यक होगा।

पीजीपी व पीजीपीएक्स के प्रवेश के लिए लघुसूचित उम्मीदवारों के लिए लिखित परीक्षा द्वारा उच्च कटौती की जाती है, इससे विविध नागरिकता प्राप्त करने के लिए अन्य देशों के उम्मीदवारों के लिए अलग सीटों की संख्या सुनिश्चित करने की आवश्यकता हो सकती है। इसमें (कम से कम कुछ हद तक) चुने हुए उम्मीदवारों की गुणवत्ता में वांछित विविधता प्राप्त करने के लिए समझौता हो सकता है।

संकायों की विविध नागरिकता हासिल करने के लिए अन्य देशों के संकायों से अपेक्षित कार्य व मुआवजा संरचना में परिवर्तन की आवश्यकता हो सकती है। तथापि संकायों के लिए दो तरह की मुआवजा संरचना एवं कार्य मानदंडों के कारण कठिनाइयाँ प्रबल हो सकती हैं।

उपरोक्त मुद्दे विवादास्पद हैं। इन मुद्दों पर संस्थान को स्पष्ट दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। यदि वैश्विकीकरण वांछित है तो इसके लिए संस्थान की नीतियों को बदलना होगा, जिन तरीकों से उसे मापा गया है।

पचासवीं वर्षगाँठ पर हमारा संस्थान

संस्थान के स्वर्ण जयंती वर्ष के आरंभ के रूप में 11 दिसम्बर, 2010 को चिन्हित किया गया है। इस अवसर को सभी सत्रों के दो सौ पचास से अधिक पूर्वछात्रों, बोर्ड के पूर्व सदस्यों, बड़ी संख्या में पूर्व संकायों एवं स्टाफ के सदस्यों के साथ उत्सव के रुप में मनाया गया। पुरानी यादों से भरे हुए एक समारोह में पूर्व बोर्ड सदस्यों, संकाय सदस्यों और स्टाफ सदस्यों, जिन्होंने संस्थान में लंबी अवधि के लिए सेवाएँ दी थी, वे सभी विशेष स्वर्ण जयंती स्मृति चिह्न के साथ उपस्थित रहे।

लगभग पाँच दशक पहले, भारत सरकार और गुजरात सरकार ने आईआईएम अहमदाबाद के प्रतिपालक के रूप में हाथ मिलाया, इसीलिए इस बार संस्थान के स्वर्ण जयंती वर्ष में दीक्षांत समारोह के लिए माननीय प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को मुख्य अतिथि के रूप में, गुजरात के महामहिम राज्यपाल डॉ. श्रीमती कमला, एवं गुजरात के माननीय मुख्यमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को माननीय अतिथि के तौर पर निमंत्रित किया गया । इनकी अनुगृहित उपस्थिति से संस्थान की दोनों केन्द्रिय एवं राज्य सरकारों के लिए प्रतिबद्धता की पुष्टि हुई ।

स्वर्ण जयंती वर्ष के उत्सव में संस्थान द्वारा तीन विशेष पुस्तकों का प्रकाशन किया गया।

आईआईएम-ए देश में स्थापित अग्रणी प्रबंध संस्थानों में से एक है। देश में प्रबंधन शिक्षा के इतिहास के साथ इसका इतिहास जुड़ा हुआ है। आईआईएम-ए इन्डियाज़ मैनेजमेंट अधिनियम नामक पुस्तक अनिवार्य रूप से सचित्र पुस्तक है, जिसमें आईआईएम-ए परिसर पर जीवन, बारीकियाँ एवं संस्थान के अलग भाव और यहाँ के निवासियों, संस्थान की स्थापना के बाद से पाँच दशकों की उपलब्धियों पर केन्द्रित चित्र हैं।

अहमदाबाद शहर में संस्थान के परिसर में सबसे अधिक हरियाली भूमि है। विशाल विविधता के साथ पक्षियों, पेड़ों व पौधों का यह संस्थान घर है। परिसर में सुबह की पहली किरण का स्वागत पक्षियों की चहक से होता है, और ढलती शाम को सूरज की लुप्त होती किरणों में पक्षियों के शुभरात्रि के गायनों से दिन का अस्त होता है। रातों को कभी - कभी उल्लू रुकावट पैदा कर देते हैं तो कभी झींगुरों की लयबद्ध ध्वनि सुनाई देती हैं। प्रकृति के चित्रपटल पर ऋतुओं के बदलाव के अनुसार प्रदर्शन होता रहता है। नेचरल वर्ल्ड एट आईआईएम-ए पुस्तक में परिसर के पौधों, पेड़ों, पक्षियों व अन्य प्राणियों की विषयक चित्रावली दी गई है। यह परिसर में दिखाई देने वाले कुदरती *प्रकृति* (सौंदर्य) के प्रति एक श्रद्धांजली है।

संस्थान पहले से ही संस्थागत भवन है, जिसके विभिन्न पहलुओं पर कई लेखकों द्वारा लिखे गये लेखों के दो खंड प्रकाशित हो चुके हैं। इसी श्रृंखला के तीसरे खंड में संस्थान द्वारा अद्यतन क्षेत्रों के बारे में प्रकाशित किया गया है। एक साथ तीन खंडों में संस्थान के आज तक के सफर के अद्‌भुत अभिलेख संस्थान के अनुभवी व्यक्तियों से प्राप्त करके सम्मिलित किये गये हैं।

हमारा संस्थान पचास वर्ष का हुआ है, अब समय आ गया है कि जब सरकार, बोर्ड के सदस्य, संकाय सदस्य, स्टाफ सदस्य, सभी छात्र व पूर्वछात्र इत्यादि - संस्थान के सभी प्रमुख हितधारकों के द्वारा किए गए योगदान को पहचाना जाए। आईआईएम-ए को प्रबंधन में एक प्रतिष्ठित संस्थान बनाने में अपना योगदान करके इन सभी हितधारकों ने यादगार भूमिका निभाई है।

इस स्वर्ण जयंती वर्ष में, मैं सभी हितधारकों से आग्रह करता हूँ कि दुनिया में आईआईएम-ए को समाज को बदलने की कार्यवाही के वैचारिक नेतृत्व में पहचान दिलाने के लिए फिर से अपने आपको समर्पित करें।

समीर के बरुआ
निदेशक

शैक्षणिक कार्यक्रम

संस्थान ने पहला शैक्षणिक कार्यक्रम प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी) 1964 में पेश किया। उसके बाद से कार्यक्रमों की श्रेणी में काफी विविधता आई है। वर्तमान में यह संस्थान विभिन्न अवधियों के पाँच शैक्षणिक कार्यक्रम चलाता है : प्रबंध में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी) (एमबीए के समकक्ष), कृषि व्यवसाय प्रबंध में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी-एबीएम) (एमबीए के समकक्ष), कार्यपालकों के लिए स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपीएक्स), प्रबंध में फैलो कार्यक्रम (एफपीएम) (पीएच.डी. के समकक्ष), तथा प्रबंध-शिक्षकों एवं प्रशिक्षकों के लिए संकाय विकास कार्यक्रम (एफडीपी)।

1. प्रबंध में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी)

प्रबंध में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी) का सैंतालीसवाँ सत्र, 21 जून, 2010 को 371 छात्रों के साथ प्रारंभ हुआ। वर्ष की समाप्ति पर 371 छात्र, द्वितीय वर्ष के लिए प्रोन्नत हुए।

इस कार्यक्रम का द्वितीय वर्ष, 14 जून, 2010 को 310 छात्रों के साथ शुरू हुआ। द्वितीय वर्ष की समाप्ति पर 316 छात्रों (दोहरी उपाधि सहित) को उनके द्वारा शैक्षणिक अपेक्षाओं की संतोषप्रद पूर्ति के बाद संस्थान से उपाधि प्रदान की गई।

विवरण परिशिष्ट क1 में दिए गए हैं।

छात्र	प्रथम वर्ष	द्वितीय वर्ष
अ.जा.	56	49
अ.ज.जा.	20	11
अ.पि.व.	103	37
विकलांग	11	8

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़े वर्ग एवं विकलांग छात्रों का विवरण

तैयारी कार्यक्रम

तैयारी कार्यक्रम को चलाने का उद्देश्य संचार एवं गणितीय कौशलों में अपेक्षाकृत कमजोर छात्रों को तैयार करना है। यह कार्यक्रम नियमित सत्र प्रारंभ होने के पूर्व चलाया जाता है। पैंतीस छात्रों ने इस वर्ष 31 मई से 19 जून, 2010 तक चलाए गए तैयारी कार्यक्रम में भाग लिया।

परिचय कार्यक्रम

नए छात्रों के लिए परिचय कार्यक्रम 21 से 23 जून, 2010 के दौरान चलाया गया। इसमें निदेशक व पीजीपी अध्यक्ष के संबोधनों के अतिरिक्त, पीजीपी कार्यकारी समिति के साथ संवाद तथा कंप्यूटर एवं पुस्तकालय सुविधाओं के उपयोग से संबंधित जानकारी परिचय कार्यक्रम में शामिल थे । छात्रों को केस पद्धति शिक्षण से परिचित कराने हेतु केस-तैयारी और केस-पद्धति पर एक विस्तारित सत्र का आयोजन भी किया गया। इसका उद्देश्य नए छात्रों को शिक्षण की मामला पद्धति से परिचित कराना था, क्योंकि यही एक प्रमुख शैक्षणिक उपकरण है।

शिक्षकीय

कार्यक्रम की आवश्यक अपेक्षाओं को पूरा करने में छात्रों की सहायता के उद्देश्य से, प्रथम वर्ष के कुछ कार्यक्रमों में प्रशिक्षकों द्वारा शिक्षकीय दिए गए।

पाठ्यक्रम

इस वर्ष पीजीपी पाठ्यक्रम संबंधी समीक्षा समिति की सिफारिशों को लागू किया गया और प्रथम वर्ष के छात्रों ने 6 स्लॉटों में विस्तारित 33 पाठ्यक्रम (25.50 क्रेडिट) लिए।

द्वितीय वर्ष के छात्रों से अपेक्षा की गई कि वे पाठ्यक्रमों के न्यूनतम 17 क्रेडिट पूर्ण करें, लेकिन पाठ्यक्रमों के 20 क्रेडिट लेने तक की उन्हें अनुमति दी गई ।

द्वितीय वर्ष में 90 वैकल्पिक पाठ्यक्रम व 38 परियोजना पाठ्यक्रम (बिना क्रेडिट की 6 स्वतंत्र परियोजनाओं सहित) चलाए गए। पंजीकरण की अधिकता को देखते हुए एक वैकल्पिक पाठ्यक्रम को चार खंडों में और ग्यारह को दो खंडों में पढ़ाया गया। पेश किये गए कुल 90 वैकल्पिक पाठ्यक्रमों में से छात्रों ने 87 पाठ्यक्रम लिए।

नए पाठ्यक्रम

द्वितीय वर्ष में 20 नए वैकल्पिक पाठ्यक्रम चलाए गए।

इन पाठ्यक्रमों के सूचि परिशिष्ट क2 में दिये गये हैं।

दोहरी उपाधि कार्यक्रम एवं विनिमय कार्यक्रम

दोहरी उपाधि कार्यक्रम

शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्रों में शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक आदान-प्रदान विकसित करने के उद्देश्य से संस्थान ने विदेश के निम्नलिखित विश्वविद्यालयों के साथ स्नातकोत्तर स्तर पर दोहरी उपाधि कार्यक्रम विकसित करने पर सहयोग के लिए सहमति दीः

- ईसेक बिजिनेस स्कूल, फ़्रान्स
- यूनिवर्सिटी ऑफ बोकोनी, मिलान, इटली
- एचईसी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, फ़्रान्स

इस दोहरी उपाधि कार्यक्रम के अधीन यूनिवर्सिटी ऑफ बोकोनी के दो छात्रों और एचईसी के एक छात्र ने शैक्षणिक वर्ष 2010-11 के दौरान द्वितीय वर्ष-पीजीपी में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई । इसी समय अपने संस्थान से द्वितीय वर्ष के चार छात्र इस कार्यक्रम के अधीन ईसेक व यूनिवर्सिटी ऑफ बोकोनी में गए।

विनिमय कार्यक्रम

संस्थान ने एशिया-प्रशांत, अफ़्रीका, ऑस्ट्रेलिया, यूरोप और उत्तरी व दक्षिण अमेरिका जैसे देशों के 54 व्यावसायिक स्कूलों एवं विश्वविद्यालयों के साथ छात्र विनिमय कार्यक्रम के लिए व्यवस्था की है। इस वर्ष के दौरान संस्थान में 72 विनिमय छात्र और 3 दोहरी उपाधि छात्र आए तथा भागीदार संस्थानों ने 94 विनिमय छात्रों एवं 4 दोहरी उपाधि छात्रों को भेजा।

शैक्षणिक संस्थानों के सहयोग का विवरण परिशिष्ट क3 और क4 में दिया गया है।

व्याख्यान श्रृंखला

वर्ष 2010-11 के दौरान निम्नलिखित प्रसिद्ध व्यक्तियों ने छात्रों को संबोधित कियाः

कार्ल स्लीम	प्रमुख व प्रबंध निदेशक, जनरल मोटर्स इन्डिया
आर एस सोढी	प्रबंध निदेशक, गुजरात सहकारी दूध विपणन संघ
पंकज पटेल	मुख्य प्रबंध निदेशक, जाइडस कैडिला
डॉ.आर बी बर्मन	कार्यकारी निदेशक, आरबीआई एवं निदेशक, एनसीपीआई

छात्रवृत्तियाँ

विगत वर्षों की तरह संस्थान ने शैक्षणिक निष्पादन के आधार पर कई छात्रवृत्तियाँ दी गई।

- **उद्योग छात्रवृत्तियाँ**
  इस वर्ष के दौरान सताइस छात्रों को उद्योग-छात्रवृत्तियाँ प्रदान की गई ।

- **आदित्य बिड़ला समूह छात्रवृत्तियाँ**
  आदित्य बिड़ला समूह ने इस वर्ष के दौरान आठ छात्रों को 1,75,000 रुपयों की छात्रवृत्ति के लिए चुना।

- **रतन टाटा छात्रवृत्तियाँ**
  सर रतन टाटा ट्रस्ट द्वारा प्रायोजित सर रतन टाटा छात्रवृत्तियाँ द्वितीय वर्ष के पाँच छात्रों को उनके प्रथम वर्ष के शैक्षिक कार्य-निष्पादन के आधार पर प्रदान की गई।

- **टी थॉमस छात्रवृत्ति**
  यूनीलीवर द्वारा प्रायोजित टी थॉमस छात्रवृत्ति द्वितीय वर्ष के एक छात्र को उसके प्रथम वर्ष के कार्य-निष्पादन के आधार पर प्रदान की गई ।

- **ओ पी जिंदल इंजीनियरिंग एवं प्रबंध वृत्ति-छात्र**
  दो छात्रों को ओ पी जिंदल इंजीनियरिंग एवं प्रबंध वृत्ति-छात्र के रूप में चुना गया । इन छात्रवृत्तियों को ओ पी जिंदल समूह ने उत्कृष्ट शैक्षिक व नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए स्थापित किया है ।

  इसका विवरण परिशिष्ट क5 में दिया गया है।

- **भा. प्र. संस्थान अहमदाबाद की आवश्यकता-आधारित छात्रवृत्तियाँ**
  आवश्यकता-आधारित छात्रवृत्ति योजना के अधीन, इस संस्थान ने 23 पीजीपी और पीजीपी-एबीएम छात्रों (सत्र 2010-11) तथा 9 पीजीपी एवं पीजीपी-एबीएम छात्रों (सत्र 2009-11) को आवश्यकता-आधारित छात्रवृत्ति योजना के अधीन 9,40,000 रूपए वितरित किए। छात्रवृत्ति धनराशि 10,000 रूपए से लेकर 40,000 रूपए तक की थी।

- **सर्वोच्च श्रेणी की शिक्षा के लिए केन्द्र सरकार की केन्द्रीय क्षेत्र छात्रवृत्ति योजना**
  इन छात्रवृत्तियों के लिए 7 आवेदन इस योजना के अधीन मानव संसाधन विकास मंत्रालय को भेजे गए। पिछले वर्ष की छात्रवृत्ति की धनराशि 7,14,256 रुपए वितरित की गई ।

- **शुल्क माफी योजना**
  नई प्रारंभ की गई आय से जुड़ी शुल्क माफी योजना (आईएलटीएफडबल्यू) के अधीन कुल 9,81,81,000 रूपए की शुल्क-मुक्ति प्रदान की गई, जिसमें 47 छात्रों की पूर्ण शुल्क-मुक्ति सम्मिलित है ।

- **अ.जा./अ.ज.जा. छात्रवृत्ति**
  वर्ष 2010-11 के दौरान 136 छात्रों को 500/- रूपए प्रत्येक के हिसाब से अ.जा./अ.ज.जा. छात्रवृत्ति प्रदान की गई।

अन्य पुरस्कार

- **सर्वोत्तम पीजीपी ऑल राउंडर के लिए कोलेनगोडे वी. श्रीनिवास पुरस्कार**
  कोलेनगोडे वी. श्रीनिवास पुरस्कार स्वर्गीय कोलेनगोडे वी. श्रीनिवास के माता-पिता द्वारा किसी असाधारण छात्र के बहुमुखी निष्पादन को मान्यता देने हेतु एवं संस्थान के साथ श्रीनिवास के संबंध की स्मृति के सम्मान में प्रदान किया जाता है । इस वर्ष यह पुरस्कार उत्सव खेरिया को प्रदान किया गया ।

- **एस. उमापति पुरस्कार**
  यह पुरस्कार स्वर्गीय एस. उमापति के भाई द्वारा किसी छात्र की शैक्षणिक उत्कृष्टता को मान्यता देने तथा संस्थान के साथ एस. उमापति के संबंध की स्मृति के सम्मान में स्थापित किया गया । पीजीपी प्रथम वर्ष का सर्वोत्तम छात्र इस पुरस्कार को प्राप्त करने के लिए पात्र होता है । इस वर्ष यह पुरस्कार मयंक कुकरेजा को प्रदान किया गया।

- **श्री एस.के. सेठ स्मारक पुरस्कार**
  यह पुरस्कार श्रीमती शांति सेठ द्वारा संस्थान के प्रथम पुस्तकालयाध्यक्ष एवं अपने स्वर्गीय पति श्री एस.के. सेठ की स्मृति में स्थापित किया गया है । जो छात्र पीजीपी कार्यक्रम के प्रथम वर्ष में सर्वाधिक ग्रेड अंक प्राप्त करता है उसे यह पुरस्कार दिया जाता है। इस वर्ष यह पुरस्कार मयंक कुकरेजा को दिया गया।

- **शैक्षिक निष्पादन के लिए देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद स्वर्ण पदक**
  यह पुरस्कार भारत के प्रथम राष्ट्रपति स्व. डॉ राजेन्द्र प्रसाद की स्मृति में कामधेनु फाउण्डेशन द्वारा स्थापित किया गया है। यह उस छात्र को दिया जाता है जो कार्यक्रम के दोनों वर्षों में सर्वोच्च ग्रेड अंक प्राप्त करता है। इस वर्ष यह पुरस्कार जयदीप शंकर जगन्नाथन को दिया गया ।

- **महिला ऑल राउंडर पुरस्कार**
  पीजीपी महिला ऑल राउंडर उत्कृष्टता पुरस्कार, इस संस्थान के अल्युम्नस श्री अरूण दुग्गल की पत्नी श्रीमती रीता दुग्गल द्वारा एक असाधारण महिला छात्र के ऑलराउंड निष्पादन को मान्यता देने हेतु स्थापित किया गया है। इस वर्ष यह पुरस्कार ऋग्वेद कदम को दिया गया।

  पीजीपी महिला ऑल राउंडर उत्कृष्टता पुरस्कार क्वेजल फाउण्डेशन द्वारा एक असाधारण महिला छात्र के ऑलराउंड निष्पादन को मान्यता देने हेतु स्थापित किया गया है। इस वर्ष यह पुरस्कार ऋग्वेद कदम को दिया गया ।

प्रवेश

सामान्य प्रवेश परीक्षा 2010 कंप्यूटर-आधारित परीक्षा के रूप में 27 अक्तूबर, 2010 से 24 नवम्बर, 2010 तक की अवधि के लिए परीक्षण विंडो के रूप में 20 दिन के लिए आयोजित की गई।

जून 2011 में प्रारंभ होने वाले स्नातकोत्तर कार्यक्रम ने 174788 आवेदनों को आकृष्ट किया, जिनमें कई विदेशी आवेदकों से प्राप्त आवेदन भी शामिल थे।

प्रवेश प्रक्रिया एवं संबंधित आँकड़े आदि का विवरण परिशिष्ट क6 और क7 में दिया गया है।

	पुरुष	महिला	कुल
सामान्य	163	26	189
एनसी-ओबीसी	98	5	103
अ.जा.	50	6	56
अ.ज.जा.	19	2	21
विकलांग	11	0	11
कुल	**341**	**39**	**380**

जून 2010 से जुड़े छात्रों का विवरण

2. कृषि-व्यवसाय प्रबंध में स्नातकोत्तर कार्यक्रम

कृषि व्यवसाय प्रबंध में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी-एबीएम) की रचना इस प्रकार की गई है कि इससे ऊर्जावान और दृढ़ निश्चयी युवाओं को, उत्कृष्ट प्रबंधकों के रूप में ढाला जाए ताकि खाद्यान्न और कृषि व्यवसाय के क्षेत्र में बढ़ती जा रही चुनौतियों के कारण वे अपनी क्षमताओं पर आ पडी अपूर्व मांगों की पूर्ति करने के योग्य बन सकें।

इस क्षेत्र में संस्थान की विशेषज्ञता अपनी स्थापना के उन दिनों में वापस ले जाती है, जब इस क्षेत्र को अपने महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में से एक के रूप में शामिल किया गया। यह क्षेत्र विशेष कार्यक्रम, विश्वभर के अन्य कृषि व्यवसाय प्रबंधन कार्यक्रमों की तुलना में विशेष है क्योंकि यह प्राथमिक ध्यान केन्द्रित तकनीकी दक्षता पाने के बजाय संस्थान के प्रबंधन दृष्टिकोण एवं संस्कृति की दृढ़ता से निहित है। प्रतिभागियों में कार्यक्रम की बहु परिप्रेक्ष्यी प्रतिस्पर्धा की उच्च भावना से शिक्षा को बढ़ाने एवं समझाने के लिए प्रथम वर्ष का कार्यक्रम पीजीपी के समान है। द्वितीय वर्ष का पाठ्यक्रम सामान्य प्रबंधन पर आधारित होता है तथा योजना एवं निर्णय निर्माण में उत्कृष्टता के लिए कृषि-व्यवसाय क्षेत्र के प्रबंधकों के लिए आवश्यक विशेष बहुकार्यात्मक ज्ञान व कौशल से छात्रों को सज्जित करता है।

यह कार्यक्रम सुनिश्चित करता है कि यह उच्चतम अंतर्राष्ट्रीय मानकों को पूरा करता है तथा इसमें वास्तविक जगत् की प्रत्यक्ष प्रासंगिकता है। कृषि-खाद्य उद्योग के अत्यधिक बाजार उन्मुख वातावरण में काम की बढ़ती पर्यावरण चिंताओं व चुनौतियों में बदलाव के जवाब में गतिशीलता एवं प्रबंधकीय नीतियाँ लानी होंगी। नवीन कौशलों के साथ-साथ इस उद्योग में काम कर रहे लोगों को प्रबंधन कौशलों, नीतिगत पर्यावरण का परिचय, और एक रणनीतिक परिप्रेक्ष्य की आवश्यकता है। पीजीपी-एबीएम इस गतिशील उद्योग में प्रमुख बदलाव के उन दुष्कर कार्यों के लिए छात्रों को तैयार करता है और उन बदलावों के सामने प्रक्रिया का प्रबंधन करना सीखाता है। संकाय, स्टाफ, पूर्वछात्रों, और साथ काम कर रहे कॉर्पोरेट भागीदारों के सशक्त सहयोग से व्यवसाय शिक्षा में उत्कृष्टता हासिल करके इस कार्यक्रम के पास कृषि-व्यवसाय में अनंत संभावनाओं की खोज की पेशकश है। यह कार्यक्रम, कृषि व्यवसाय मूल्य श्रृंखला के लिए छात्रों को तैयार करता है, जबकि विशिष्ट रूप से यह निम्नलिखित का प्रयास करता है :

- छात्रों को संकल्पनात्मक एवं अंतर्वैयक्तिक कौशल से सुसज्जित करना और साथ ही उनमें कृषि-व्यवसाय के विशिष्ट संदर्भ में प्रबंधकीय निर्णय लेने और निर्णयों के कार्यान्वयन के सामाजिक उद्देश्य जाग्रत करना।
- छात्रों को कृषि-व्यवसाय के क्षेत्र में सफल व्यवसायियों के रूप में ढालने हेतु उन्हें कृषि-उद्यम अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना।
- छात्रों में नेतृत्व-क्षमताएँ विकसित करना ताकि वे परिवर्तन के अनुरूप ढल सकें और जिन संगठनों में वे कार्य करते हैं उन्हें प्रेरित कर सकें।
- छात्रों की कल्पना-शक्ति का विस्तार करना तथा व्यावसायिकता, सत्यनिष्ठा, आचरण एवं सामाजिक प्रतिबद्धता के मूल्यों को उनके मन में बैठाना।

मूलतः यह कार्यक्रम छात्रों को भारत एवं विश्व में संभावित कृषि-व्यवसाय की पेशकश का नेतृत्व करने एवं उसका लाभ लेने के लिए प्रशिक्षित करता है।

इस कार्यक्रम के कई पूर्वछात्र भारत एवं विदेशों में कृषि-व्यवसाय संबंधित कंपनियों के संगठन में महत्त्वपूर्ण पदों पर योगदान या नेतृत्व करते हैं।

अभिविन्यास कार्यक्रम

नए भर्ती हुए छात्रों के लिए 21 से 23 जून, 2010 के दौरान एक अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पीजीपी-एबीएम कार्यकारी समिति के साथ चर्चा आयोजित की गई एवं कंप्यूटर व पुस्तकालय की सुविधाओं की तथा उनके उपयोग की जानकारी दी गई। छात्रों को केस-पद्धति शिक्षण से परिचित कराने के लिए केस-तैयारी और केस-चर्चा पर एक सभा का भी आयोजन किया गया।

पाठ्यक्रम

पीजीपी-एबीएम छात्रों ने प्रथम वर्ष में 25.50 इकाई क्रेडिट का अध्ययन किया।

द्वितीय वर्ष के छात्रों से अपेक्षा की गई कि वे न्यूनतम 17 क्रेडिटों के लिए और अधिकतम 20 क्रेडिटों के लिए पंजीकरण करें। चार क्षेत्रों के विशिष्ट अनिवार्य पाठ्यक्रमों के अतिरिक्त प्रबंधन के विशिष्ट क्षेत्रों में छात्रों की समझ गहरी हो तथा ग्रामीण एवं कृषि व्यवसाय क्षेत्रों के विशेष संदर्भ में निर्णय लेने का कौशल छात्रों में विकसित करने के दृष्टिकोण से छात्रों को वैकल्पिक पाठ्यक्रम प्रस्तुत किए गए। द्वितीय वर्ष के छात्रों को प्रत्येक संयुक्त स्लॉट में पीजीपी (सामान्य) के एक वैकल्पिक पाठ्यक्रम के लिए पंजीकरण करने की अनुमति दी गई ।

शिक्षा सत्र 2010-11 के दौरान चलाए गए पाठ्यक्रमों की सूची परिशिष्ट ख1 में देखी जा सकती है ।

ग्रामीण निम्नगता मॉड्यूल

ग्रामीण निम्नगता मॉड्यूल पहला चरण 3 से 14 अप्रैल, 2010 तक आयोजित किया गया। इसमें छात्रों को छह समूहों में विभाजित किया गया। इन समूहों में से दो समूहों को बिहार में, दो समूहों को गुजरात में, और दो समूहों को महाराष्ट्र के औरंगाबाद में रखा गया।

इस मॉड्यूल का दूसरा चरण एक परियोजना-अध्ययन के साथ 11 से 20 दिसंबर, 2010 तक आयोजित किया गया। यह रिपोर्ट संबंधित गैर सरकारी संगठनों एवं अन्य के साथ साझा किया जिन्होंने छात्रों को तैनात किया था।

प्रवेश

प्राप्त हुए आवेदनों को देखते हुए पीजीपी-एबीएम कार्यक्रम का छात्र-समुदाय ने अच्छा स्वागत किया है।

वर्ष के दौरान संस्थान को पिछले वर्ष के 1,37,544 आवेदनों की तुलना में 1,19,779 आवेदन इस कार्यक्रम के लिए प्राप्त हुए। पिछले और इस वर्ष का तुलनात्मक विवरण, परिशिष्ट ख2 में दिया गया है।

सख्त चयन प्रक्रिया के बाद जिसमें सामान्य प्रवेश परीक्षा, समूह-चर्चा, और साक्षात्कार सम्मिलित थे, 40 छात्रों को इस कार्यक्रम में 2010-11 के दौरान प्रवेश दिया गया।

ईसेक एमएस कृषि व्यवसाय स्कूल के साथ विनिमय कार्यक्रम

संस्थान में ईसेक एमएस कृषि व्यवसाय स्कूल के चार छात्रों ने एक सत्र (स्लॉट 7 एवं 8) बिताया और अपना ज्ञान बढ़ाने के लिए पीजीपी-एबीएम व पीजीपी पाठ्यक्रम लिए।

छात्र विनिमय के अनुरूप पीजीपी-एबीएम के पाँच छात्रों को स्लॉट 9 व 10 के दौरान ईसेक एमएस कृषि व्यवसाय स्कूल में एक सत्र के लिए भेजा गया । इन सभी ने काफी उत्पादक समय व्यतीत किया और यूरोपीय परिप्रेक्ष्य में मुद्दों को देखने में उन्हें मदद मिली।

3. कार्यपालकों के लिए स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपीएक्स)

पीजीपीएक्स के 2010-11 के शैक्षणिक वर्ष के पाँचवें सत्र में 6 महिलाओं सहित 86 छात्रों को प्रवेश दिया गया। इनका औसत जी-मेट स्कोर 712, औसत आयु 34 वर्ष, और उनके पास औसत 10 वर्ष का कार्यानुभव था तथा अंतर्राष्ट्रीय अनुभव 4.5 वर्ष का था। उनमें 55 इंजिनियर व 31 छात्र अन्य विषयों से थे। इन छात्रों के पास विविध कार्यात्मक एवं औद्योगिक प्रोफाइल थे।

पीजीपीएक्स समीक्षा समिति की अंतरिम सिफारिशों के अनुसार अंतर्राष्ट्रीय निमग्रता भाग को पहले की एक-सप्ताह की अवधि से बढ़ाकर दो सप्ताह किया गया। बैच को चार विदेशी संस्थानों में विभाजित किया गया - हाँगकाँग में चाइनीज यूनिवर्सिटी ऑफ हाँगकाँग, यूके में वारविक बिज़नेस स्कूल, सिंगापुर में एनयूएस और शांघाई में फुदान युनिवर्सिटी।

पीजीपीएक्स का आने वाला छठा बैच सबसे बडा होगा, अब तक इसमें 101 प्रवेश हो चुके हैं। पिछले सत्रों के साथ इस सत्र का समग्र प्रोफाइल तुलनात्मक है।

4. प्रबंध में फैलो कार्यक्रम

प्रारंभ से अब तक 261 छात्रों ने इस कार्यक्रम को पूरा करके "फैलो ऑफ द इंडियन इन्सटीट्यूट ऑफ मेनेजमेन्ट, अहमदाबाद" की उपाधि प्राप्त की है। इस वर्ष स्नातक हुए 13 छात्रों को जोड़ कर, सफल हुए छात्रों की संख्या 274 हो गयी है। थीसिस फेज में 30 छात्र हैं और 25 छात्र पाठ्यक्रम का कार्य कर रहे हैं।

स्नातक की पढ़ाई कर रहे छात्रों का विवरण परिशिष्ट ग में दिया गया है ।

पिछले 10 सालों के पीजीपी, पीजीपी-एबीएम और एफपीएम में छात्रों की संख्या परिशिष्ट घ में दी गई है ।

शोध-प्रबंध प्रस्ताव पुरस्कार

छात्र का नाम	शोध प्रबंध प्रस्ताव का शीर्षक	पुरस्कार
कौशिक रॉय (बीपी)	अंतर्राष्ट्रीय संयुक्त उद्यमों के लिए गतिशील क्षमताओं का विकासः उभरती अर्थव्यवस्था के बीमा उद्योग के संदर्भ में एक अन्वेषण	आईएफसीआई पुरस्कार श्रेष्ठ शोध प्रबंध प्रस्ताव के लिए चौधरी पद्मनाभन पंत पुरस्कार साहिर स्मृति पुरस्कार
सब्यसाची सिंहा (बीपी)	प्रारंभिक फर्मों के विकास के चरण में दगाबाजी प्रबंधन	आईएफसीआई पुरस्कार

प्रथम वर्ष में शैक्षिक प्रदर्शन के लिए चौधरी पद्मनाभन पंत पुरस्कार रवि कोठारी (पी एंड क्यूएम क्षेत्र) को दिया गया।

चतुर्थ आईआईएमए डॉक्टरीय वार्ता

चतुर्थ डॉक्टरीय वार्ता का आयोजन 3-4 जनवरी, 2011 को किया गया। विश्वभर के 56 अनुसंधान कर्ताओं ने अपना अनुसंधान कार्य 12 समांतर पद्धतियों पर प्रस्तुत किया और 14 श्रेष्ठ चयनित पेपरों को प्रमाणपत्र व पारितोषिक से सम्मानित किया। अनुसंधान विषयों, रोजगार अवसरों पर कार्यशालाएँ, व अनुसंधान पद्धतिशास्त्र पर समूह चर्चाएँ आदि पर 9 सत्र इस वार्ता के दौरान आयोजित किये गये।

अपने उद्घाटन भाषण में प्रोफेसर ईरोल डी'सूजा ने संस्थानों में अपने कार्य को बाँटने व सहयोग देने वाले अनुसंधान कर्ताओं के लिए एक मंच प्रदान करने में इस वार्ता के महत्त्व एवं उद्योग में प्रबंध अनुसंधान के महत्त्व व उसके अनुप्रयोग के महत्त्व का उल्लेख किया। स्कूल ऑफ बिज़नेस एंड इकोनोमिक्स, मास्त्रिक्त विश्वविद्यालय के डीन प्रोफेसर जोस लेमिंक, ने मुख्य भाषण दिया, जिसमें प्रबंध अनुसंधान में बहु-अनुशासनात्मक दृष्टिकोण के महत्त्व पर जोर दिया गया। अकादमिक अनुसंधान के प्रति मूल्य सर्जित करने में व उद्योग में आने वाली समस्याओं का समाधान खोजने में यूरोपीय संघ और भारत के बीच सहयोग पर प्रोफेसर लेमिंक ने जोर दिया।

आलेख/सम्मेलन में प्रस्तुतियाँ/प्रकाशन

प्रकाशित आलेखों, सम्मेलनों में प्रस्तुति, और अन्य कार्यों के विवरण, शोध व प्रकाशन समिति की, अलग से प्रकाशित वार्षिक रिपोर्ट में देखे जा सकते हैं।

5. नियुक्ति

पीजीपी

314 जैसी बड़ी संख्या के सत्र के होने के बावजूद लगभग सभी छात्रों को अपनी पसंद की कंपनियों में रखा गया। 120 से अधिक कंपनियों ने पार्श्व और अंतिम नियुक्ति प्रक्रिया में भाग लिया। इसमें केवल इंटर्नशिप प्रक्रिया के माध्यम से पूर्व नियुक्ति पेशकश (पीपीओ) को बढ़ाने वाली कंपनियाँ शामिल नहीं हैं।

नियुक्ति प्रतिवेदन मानक

नये समूह आधारित भर्ती प्रणाली की समझ एवं दृश्यता सर्जित करने के लिए संस्थान ने हितधारकों के लिए नियुक्तिकर्ता तथा मीडिया सहित दो भर्ती सम्मेलनों का आयोजन किया, जहाँ समस्याएँ प्रस्तुत की गई और नई प्रणाली के बारे में चिंता जताई गई। लंबे समय में बी-स्कूलों में नियुक्ति सूचना के प्रतिवेदन की स्पष्ट व अनुरूप प्रक्रिया का लक्ष्य इन मानकों का है। सभी नियोक्ताओं को नियुक्ति प्रतिवेदन मानकों की एक प्रतिलिपि भेजी गयी, जिससे वे जान सकें कि संस्थान को किस जानकारी की आवश्यकता है। इन मानकों पर प्रतिक्रियाएँ भी नियोक्ताओं, अन्य बी-स्कूलों, मीडिया, पूर्वछात्रों और सामान्य लोगों से मँगवाई गई ।

पार्श्व नियुक्ति प्रक्रिया

पार्श्व नियुक्ति प्रक्रिया जनवरी और फरवरी में आयोजित की गई । 37 फीसदी सत्र योग्यता के साथ संपार्श्विक नियोजन पर जोर देने से यह सुनिश्चित किया गया कि छात्र अपने अनुभव का लाभ उठा सके। 40 से अधिक कंपनियाँ पार्श्व भर्ती प्रक्रिया की हिस्सा थी। ऐमेज़न, डिलॉइटकन्सल्टिंग, बेइन, बार्कलेस बैंक, यस बैंक, क्लियर वॉटर, कॉग्निजैण्ट, माइक्रोसोफ्ट, इन्फोएज आदि इनमें से मुख्य भर्तीकर्ताओं में थी।

निवेश बैंक

इस वर्ष निवेश बैंकों की संख्या में वृद्धि देखने को मिली। गोल्डमैन सॉक्स, सिटी, जे पी मॉर्गन, मॉर्गन स्टेनली, और एचएसबीसी जैसे बैंक नियुक्ति के लिए आए । जबकि गोल्डमैन सॉक्स, नोमुरा, तथा रॉयल बैंक ऑफ स्कॉटलैंड आदि पीपीओ के माध्यम से प्रस्ताव का विस्तार करने वाले मुख्य नियोक्ता थे और सिटी, मेरिल लिंच, एचएसबीसी ने इस प्रक्रिया में भाग लिया ।

अंतर्राष्ट्रीय प्रस्ताव

इस वर्ष छात्रों के अंतर्राष्ट्रीय प्रस्तावों में वृद्धि, बाजार की अवधारणा में सुधार एवं नियोक्ताओं के विश्वास को प्रतिबिंबित करती है। इस वर्ष न केवल अंतर्राष्ट्रीय बैंकों ने ही पेशकश की है, बल्कि परामर्शी कंपनियों ने ही ज्यादा अंतर्राष्ट्रीय प्रस्ताव रखे हैं। ओलिवर वीमेन, एनालिसिस मेसन, व हैड्रिक एंड स्ट्रगल्स आदि कुछ परामर्शी कंपनियाँ हैं जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय प्रस्ताव रखे हैं। विपणन कंपनियों में एचयूएल एवं पी एंड जी ने सिंगापुर में भूमिकाओं की पेशकश की है। कैडबरी क्राफ्ट एवं डाबर ने भी अच्छे अंतर्राष्ट्रीय प्रस्ताव प्रस्तुत किये हैं।

अवलोकन

बीसीजी (पीपीओ सहित 11 प्रस्ताव) और ईएक्सएल (11 प्रस्ताव) सबसे शीर्षस्थ नियोक्ता थे। इसमें मैककिन्से तथा पी एंड जी ने व्यक्तिगत रूप से 10 पेशकश (पीपीओ सहित) की थी। भारतीय मूल के रिलायन्स उद्योग ने सामान्य प्रबंधन के पद के लिए 8 पेशकश रखी। भारतीय बैंकों में से यश बैंक ने 8 पेशकश रखी।

उद्यमिता को प्रोत्साहन

संस्थान ने हमेशा छात्रों को उद्यमिता को कैरियर के रूप में अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया है। इस वर्ष नियुक्ति प्रक्रिया से बाहर रहकर 7 छात्रों ने उद्यमी बनने का विकल्प चुना। इंगरसोल रॅण्ड के ऐसे अनूठे द्विवर्षीय उद्यमशीलता विकास कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अतिरिक्त रूप से 3 छात्रों ने अंतिम नियुक्ति प्रक्रिया का उपयोग किया । एक छात्र ने 2008 में नियुक्ति प्रक्रिया से बाहर रहने का विकल्प चुना, उसने वापस आकर नियुक्ति सेवाओं का उपयोग किया।

पीजीपी-एबीएम

पीजीपी-एबीएम छात्रों के लिए अंतिम नियुक्ति में, कृषि-व्यवसाय के खाद्य प्रसंस्करण, कृषि आदानों, ग्रामीण बैंकिंग एवं बीमा, व्यापारिक वस्तुओं, खाद्य व कृषि व्यापार सलाहकार, कृषि प्रबंधन और सूचना सेवाएँ जैसे उप-क्षेत्रों में विविध पदों की पेशकश की गई। तेईस कंपनियों ने नियुक्ति प्रक्रिया में भाग लिया और 36 प्रतिभागियों के सत्र के लिए 41 प्रस्ताव आये। दो छात्र अपने उद्यम को आगे बढ़ाने के लिए नियुक्ति प्रक्रिया से बाहर रहे।

गोदरेज एग्रोवेट और आईएफएमआर ट्रस्ट जैसी कंपनियों ने कार्यक्रम में अपनी आस्था रखते हुए ही पूर्व-नियुक्ति पेशकश रखी । इस वर्ष कुछ नए भर्तीकर्ताओं में बदलाव देखा गया। इनमें से ऐक्सल क्रोप केर और शापुरजी पाल्लोनजी समूह ने विभिन्न कार्यात्मक क्षेत्रों में व्यक्तिगत रूप से प्रत्येक ने तीन पेशकश रखी। अन्य नए भर्तीकर्ताओं में हेइन्ज़, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी एर्गो, बेंगाल टूल्स, एग्रोकोम, इनगवर्न रिसर्च सर्विसिज़, और आमाल्गमेटेड प्लान्टेशन्स थे। इस बैच ने मारिको, गोदरेज एग्रोवेट, टाटा रालिस, एवं एनसीडीईएक्स जैसे पारम्परिक नियोक्ताओं से भी अच्छी प्रतिक्रिया प्राप्त की है।

पीजीपीएक्स

इस वर्ष कार्यकारी अधिकारियों के लिए एकवर्षीय पूर्वकालिक निवासी स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपीएक्स) के पाँचवें बैच में भी उत्कृष्ट नियुक्तियाँ देखी गई। इस कार्यक्रम में सीमापार तथा संस्कृतियों में नेतृत्व पर जोर देते हुए एक सामान्य प्रबंधन पर ध्यान दिया गया है और यह परिसर नियुक्ति में पदों की पेशकश में प्रतिबिंबित होता है।

भारत और विदेशों, दोनों जगहों सें पदों के लिए पेशकश की गई। बहुराष्ट्रीय, भारतीय व्यावसायिक घरानों, नए उद्यम, एसएमई, अर्द्धसरकारी इकाइयाँ, गैर-सरकारी संगठनों जैसे विविध समूह इस

सत्र से भर्ती की माँग में थे। इन नियोक्ताओं में काफी प्रसिद्ध नाम शामिल हैं, जैसे कि, ए टी केआर्नी, आर्थर डी लिटल, प्राइसवॉटरहाउसकूपर्स, कॉर्पोरेट कार्यकारी बोर्ड, फिलिप्स, गोल्डमैन सॉक्स, ड्यूश बैंक, गूगल, फेसबुक, इनफोसिस, टीसीएस, एक्सेन्चर, केपजेमिनी, माइन्डट्री, एमेज़ोन, पोलारिस, एचसीएल, हीरो होन्डा, रिलायन्स इन्डस्ट्रिज़ लिमिटेड, राष्ट्रीय ई-प्रशासन प्रभाग/स्मार्ट प्रशासन राष्ट्रीय संस्थान, आरपीजी समूह, मूल्य एवं बजट आवास निगम (वीबीएचसी), इनफिबीयम डोट कोम, फेक्टसेट और क्लिन्टन फाउन्डेशन इत्यादि।

86 छात्रों में से तीन छात्रों ने इस वर्ष नियुक्ति से बाहर रहकर उद्यमशीलता अपनाने का विकल्प चुना। इस सत्र में आठ छात्रों को संस्थान की नियुक्ति प्रक्रिया से बाहर ही रोजगार मिल गया या पिछले नियोक्ताओं के पास वापिस लौट गए। इन आठों में से चार छात्रों ने संस्थान की नियुक्ति प्रक्रिया के माध्यम से हुई पेशकश को अस्वीकार कर दिया। 2010 के सत्र के एक पूर्वछात्र ने जिसने 2010 में अपने उद्यम के लिए विकल्प चुना था, उसको भी यहाँ से नियुक्ति मिल गई। वांछित पदनाम, स्थान, पद के योग्य अनुकूलन के लिए 12 छात्रों की प्रक्रिया जारी है। इनमें से कुछ छात्रों के पास काफी अनुभव/कौशल हैं, जबकि अन्य छात्रों ने बेहतर अनुकूलन के लिए उन्हें की गई पेशकश को अस्वीकार कर दिया। जब तक इनकी पसंद की नियुक्ति हो, तब तक के लिए नियुक्ति कार्यालय ने योग्य आवश्यकताओं के साथ कंपनियों के साथ बातचीत की सुविधा प्रदान करके इनके कैरियर की योजना का समर्थन जारी रखा है।

एफपीएम

एफपीएम के छात्र शैक्षणिक और गैरशैक्षणिक दोनों नियुक्तियों के लिए विकल्प चुन सकते हैं। अकादमिक नियुक्तियों के लिए, सहायता करने के लिए संस्थान के पास कोई औपचारिक तंत्र नहीं है। पिछले कुछ वर्षों में प्रतिभागियों ने अपने दम पर शिक्षा में नियुक्तियाँ प्राप्त की हैं।

एफपीएम छात्रों की कॉर्पोरेट नियुक्ति के लिए संस्थान के पास एक अच्छी नियुक्ति टीम है। यह टीम छात्रों को गारंटी दिये बिना उपयुक्त नौकरी प्रोफाइल खोजने में सहायता प्रदान करती है। इस वर्ष दो एफपीएम छात्रों ने कॉर्पोरेट नियुक्ति में अपनी रूचि दर्शायी और उन्हें नौकरी का प्रस्ताव मिल गया।

इसका विवरण परिशिष्ट ङ में दिया गया है।

6. दीक्षांत समारोह

इस संस्थान का छियालीसवाँ दीक्षांत समारोह 26 मार्च, 2011 को आयोजित किया गया। माननीय प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने दीक्षांत भाषण दिया। इस अवसर पर गुजरात की राज्यपाल महामहिम डॉ. श्रीमती कमला, और माननीय मुख्यमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भी उपस्थित रहकर

संस्थान के छियालीसवाँ दीक्षांत समारोह में माननीय प्रधान मंत्री डॉ. मनमोहन सिंह, गुजरात की राज्यपाल महामहिम डॉ. श्रीमती कमला, और माननीय मुख्यमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी

स्वर्ण पदक विजेता

जयदीप शंकर जगन्नाथन | मयंक कुकरेजा | मोहित गर्ग | राहुल

समारोह की शोभा बढ़ाई । दीक्षांत समारोह में 13 एफपीएम छात्रों को 'भारतीय प्रबंध संस्थान, अहमदाबाद फैलो' की पदवी प्रदान की गई, 316 छात्रों को स्नातकोत्तर प्रबंध डिप्लोमा, 37 छात्रों को कृषि-व्यवसाय में स्नातकोत्तर डिप्लोमा दिया गया, 86 छात्रों को कार्यकारी प्रबंध में एकवर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा से नवाजा गया, तथा 5 छात्रों को सार्वजनिक नीति एवं प्रबंधन में एकवर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्रदान किया गया।

प्रबंध में स्नातकोत्तर कार्यक्रम के निम्नलिखित छात्रों को शैक्षिक कार्य-निष्पादन के लिए भारतीय प्रबंध संस्थान, अहमदाबाद के पदक से सम्मानित किया गयाः

- जयदीप शंकर जगन्नाथन
- मयंक कुकरेजा
- मोहित गर्ग

कार्यकारी प्रबंध के एकवर्षीय स्नातकोत्तर कार्यक्रम के छात्र राहुल ने शैक्षिक प्रदर्शन के लिए भारतीय प्रबंध संस्थान, अहमदाबाद का पदक प्राप्त किया।

7. प्रबंध में संकाय विकास कार्यक्रम

संकाय विकास कार्यक्रम एक चार महीने का आवासीय कार्यक्रम है, जो विशेष रूप से प्रबंध शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थानों के लिए बनाया गया है। 1979 में पहली बार पेश किये गये इस कार्यक्रम को निरंतर संशोधित किया गया है और प्रबंध शिक्षकों के विकास की उभरती आवश्यकताओं को देखते हुए इसका पुनर्गठन किया गया है। एफडीपी में प्रबंध शिक्षकों के शिक्षण, प्रशिक्षण व अनुसंधान कौशलों पर और विशेष रुप से शिक्षा तथा अनुसंधान तरीकों में जिन शिक्षकों को वर्तमान घटनाक्रम के परिचय का अवसर नहीं मिला है, ऐसे शिक्षकों के उन्नयन के लिए ध्यान दिया जाता है।

32वाँ एफडीपी 7 जून से 25 सितम्बर, 2010 तक आयोजित किया गया । भारतीय संस्थानों से चौंतीस और इथियोपिया से दस प्रबंध शिक्षक इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। प्रबंधन से संबंधित विविध विषयों में ग्यारह लोगों ने डॉक्टरेट किया, उसमें आठ महिलाएँ थी। 24 स्व वित्तपोषित भारतीय प्रतिभागियों को शुल्क का छोटा-सा हिस्सा मिल जाए, इस तरह से कुल मिलाकर 1,15,500 रुपयों की फैलोशिप प्रदान की गयी।

इस 32वें एफडीपी में तीन समूहों में पाठ्यक्रम का पुनर्गठन किया गया, अनुशासन आधारित पाठ्यक्रम, मूलभूत पाठ्यक्रम, और ऐच्छिक का एक समूह। पाठ्यक्रम के पहले समूह में रणनीति

2011 का स्नातक वर्ग

निर्माण व कार्यान्वयन, कानूनी पर्यावरण, प्रबंधन के लिए सूचना प्रौद्योगिकी, आर्थिक पर्यावरण व नीति, प्रबंधन लेखा, वित्तीय प्रबंधन, विपणन, संगठनात्मक व्यवहार को समझना, मानव संसाधन प्रबंधन, डेटा विश्लेषण के लिए सांख्यिकी, संचालन प्रबंधन, और राजस्व प्रबंधन को शामिल किया गया है।

मूलभूत पाठ्यक्रम में विशिष्ट शैक्षणिक व अनुसंधान कौशलों के उद्देश्य से प्रबंधन, संचार, अनुसंधान तरीके, डेटा विश्लेषण के लिए अनुप्रयोग, तथा प्रबंध शिक्षा में मामला विधि की नींव शामिल हैं।

प्रथम बार ऐच्छिक में परियोजना प्रबंधन, स्वास्थ्य व अस्पताल प्रबंधन, पाठ्यक्रम डिजाइन, जलवायु परिवर्तन प्रबंधन, पर्यावरण प्रबंधन, विपणन अनुसंधान, कार्यक्रम के डिजाइन, विकास, डिलिवरी, ज्ञान प्रबंधन, तथा अंतर्राष्ट्रीय व्यापार आदि पेश किये गये। प्रतिभागियों ने क्षेत्र का भ्रमण भी किया और मामला लेखन एवं सिद्धांत निर्माण की दो कार्यशालाओं में शामिल हुए।

देश में उपलब्ध एक गहन प्रबंधन संकाय विकास के अनुभव के लिए सबसे अच्छे कार्यक्रम के तौर पर एफडीपी को मान्यता प्राप्त है। अभी एफडीपी में 594 सदस्यों वाले पूर्वछात्र नेटवर्क में नेपाल, बांग्लादेश, मालदीव, श्रीलंका, और इथियोपिया सहित 76 प्रबंध शिक्षक हैं, जो प्रबंध शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए योगदान कर रहे हैं।

स्वर्ण पदक विजेता 1966-2010

1966
- दिवान अरुन नन्दा
- सी. के. प्रहलाद
- लक्ष्मी प्रसाद वेपा

1967
- विजय भार्गव
- जयन्त कुमार डे

1968
- जोहन सी. केमिलस
- ग्रामा कस्तूरी
- जयरामन
- बिजी के. कुरियन
- रवि वी. सारथी

1969
- पृथ्वी नाथ सेठ
- एम. जी. सुब्रह्मण्यम
- विराराघवन वी.
- वेणुगोपाल एस.

1970
- टी. के. बालाजी
- भरतकुमार जे. मेहता
- पोल माम्पिल्ली
- अशोक केवलचंद वोरा

1971
- हर किशन लाल अग्रवाल
- प्रदीप कुमार भार्गव
- अरुन पी. पान्डे
- ओद्रे इग्नेशियस रेबेलो

1972
- वेनबक्कम एस. कृष्णन
- एस. रामाकृष्णन
- एस. उमापति विजय सागर

1973
- सुदीप्तो भट्टाचार्य
- कृष्णस्वामि मोहन
- विलास के. रजवाड़े
- उत्पल सेन गुप्ता

1974
- राजीव बर्मन
- जनार्दन मोहन जी. राव
- रवि आर.
- एस. रविचन्द्रन

1975
- आर. बालागंगाधरन
- एस. बालासुब्रमणियम
- राज कुमार साहा
- श्रीधर एस.

1976
- गौतम चक्रवर्ती
- श्रीकान्त पी. पान्डे
- रीटा मोहन
- सुधर कृष्णमूर्ति

1977
- मनविन्दर सिंह बंगा
- लक्ष्मी चन्द भंडारी
- बी. रामास्वामी (एस.पी.ए.)
- हेमन्त शाह

1978
- बी. अनन्तराम
- श्रीकान्त माधव दातार
- वसन्त प्रकाश गाँधी (एस.पी.ए.)
- सन्दीप माथुर

1979
- के. चन्द्रशेखर
- मेहर करण सिंह
- विजय श्रीरंगम

1980
- संजय भार्गव
- विपुल प्रसाद जैन
- श्रीधर शेषाद्री

1981
- आलोक अग्रवाल
- राजीव कपूर
- विजय महाजन (एस.पी.ए.)
- वी. एस. सीताराम

1982
- जगमोहन सिंह राजू
- शशी कान्त सचदेव
- जयन्त राम वर्मा

1983
- सुरेश मदन (एस.पी.ए.)
- प्रकाश मिरचन्दानी
- आशीष नन्दा
- रामकुमार एस.

1984
- सुनिल गुलाटी
- पप्पू जगदीश राव

1985
- हर्ष लाल
- कादम्बी पी. जनार्दन
- श्रीनाथ मुखर्जी

1986
- अनिल आहूजा
- राजीव आहूजा
- देवीना मेहरा (सुश्री)

1987
- हरीश आर. भाट
- वेंकटेश नरसियाह
- रघुराम जी. राजन

1988
- राजीव अग्रवाल
- संजय गुप्ता
- सौरभ गर्ग

1989
- आर. सुब्रमणियम
- के. आर. एस. जामवाल
- सचित जैन

1990
- विपिन गुप्ता
- मोनिश कुमार
- मिलिन्द शहाणे

1991
- अगरवाल विजय
- एस. नागराजन

1992
- चेतनकुमार बी. शाह
- संजीव छाबरा
- विवेक रस्तोगी

1993
- संजय कुमार जैन
- गौतम कुमार
- रोहित चेटर्जी

1994
- हृषिकेश बी. परान्देकर
- एस. रमेश
- आनंद सांघी

1995
- आशुतोष पाढी
- नितीन मल्हान
- संजय पुरोहित

1996
- समित ए. पारेख
- भुपेन्दर सिंह
- पूर्वा इन्दुरकर (सुश्री)

1997
- राजीव ई. के.
- रजत भार्गव
- सन्दीप गुप्ता

1998
- सुमत राजपाल
- अविनाश अग्रवाल
- विपुल बन्सल

1999
- अमित बोर्डिया
- अनुपम मोर्टिन्स
- प्रशांत

2000
- प्रियंका अरोरा
- सुरेन्द्र कुमार जैन
- शिशिर आर. मॉकड़

2001
- कृष्ण वाय. एस. आर.
- भारद्वाज वी. टी.
- आनंद श्रीधरन

2002
- विकास गुप्ता
- मणिकन्दन नटराजन
- मोहित खुराना

2003
- अमर माखिजा
- रामनाथ बालासुब्रमणियम
- नितिन दहिया

2004
- मुकुन्दन डी.
- जी. वी. रविशंकर
- के. एन. रामगणेश

2005
- फिलिप टी. जैकब
- मनोज गुप्ता
- गौरव साइगल

2006
- कनिश सरीन
- विशै ग्रोवर
- अंकुर साहू
- अनित जानी (ए.बी.एम.)

2007
- मयंक रावत
- सुमित कुमार
- बाला वॉम्शी टाटावर्ती
- जेम्स बीसोन (पीजीपीएक्स)

2008
- कपिल मोदी
- जी. अर्जून प्रतीक
- जैन एस. ए. एम.
- रिझवी (पीजीपीएक्स)

2009
- गगनदीप सिंह
- अभिषेक वर्मा
- इशान्त गोयल
- सौरी गुडलावल्लेटी (पीजीपीएक्स)
- राकेश रंजन (पीएमपी)

2010
- सम्राट अशोक लाल
- रोहन चौधरी
- हिमांशु शर्मा
- विनोद कुमार रामचन्द्रन (पीजीपीएक्स)

अनुसंधान एवं प्रकाशन

इस संस्थान में अनुसंधान महत्वपूर्ण शैक्षणिक गतिविधि का गठन करता है। वित्तीय सहायता व अन्य समर्थनों की मात्रा के आधार पर वृहत, लघु, या मूलधन परियोजनाओं के रूप में वर्गीकृत अनुसंधान-परियोजनाओं को वित्तीय सहायता इस संस्थान द्वारा उपलब्ध कराई जाती है। केस-लेखन एक अन्य महत्वपूर्ण गतिविधि है, जिसे संस्थान से वित्तीय सहायता प्राप्त होती है। प्रकाशन के विभिन्न प्रकार जैसे पुस्तकें, मोनोग्राफ्स, जर्नल्स में लेख, या केस, इन अनुसंधान परियोजनाओं के परिणाम हैं।

वर्ष के दौरान नौ अनुसंधान परियोजनाएँ, सात मूलधन परियोजनाएँ और पाँच केस विकास परियोजनाओं का कार्य प्रारंभ किया गया। पाँच अनुसंधान परियोजनाएँ, चार मूलधन परियोजनाएँ एवं एक केस विकास परियोजना पूरी की गई। एक अनुसंधान परियोजना को स्थगित किया गया, जबकि सात ग्रीष्म इन्टर्नशिप परियोजनाएं भी पूर्ण की गई ।

इस वर्ष के दौरान शैक्षणिक समुदाय ने 19 पुस्तकें, 6 मोनोग्राफ एवं जर्नल्स में 57 लेख लिखे। उन्होंने पुस्तकों में 25 अध्यायों का योगदान दिया, सम्मेलनों में 159 आलेख प्रस्तुत किए और 47 वर्किंग पेपर लिखे।

इनके विवरण परिशिष्ट च, छ और ज में दिए गए हैं।

संस्थान में अनुसंधान गतिविधियों का और अधिक विस्तृत विवरण, अनुसंधान एवं प्रकाशन समिति की अलग से प्रकाशित वार्षिक रिपोर्ट में दिया गया है।

विकल्प : निर्णयकर्ताओं का विशिष्ट जर्नल

विकल्प : निर्णयकर्ताओं का विशिष्ट जर्नल भारतीय प्रबंध संस्थान, अहमदाबाद का तिमाही प्रकाशन है। प्रकाशन के अपने 36वें वर्ष में **विकल्प** भारत में शीर्ष प्रबंध जर्नल के रूप में उभरा है एवं विदेश में अपने समतुल्य प्रकाशनों के बीच इसने आदरपूर्ण स्थान प्राप्त किया है। यह जर्नल शिक्षाविदों एवं प्रबंधकों के बीच व्यावसायिक प्रबंध की आधुनिक संकल्पनाओं का प्रसार करता है और इस तरह यह संगठनों के संदर्भ, संसाधनों, अवसंरचनाओं, प्रणालियों, प्रक्रियाओं व कार्यनिष्पादन की बेहतर समझ विकसित करने में अपना योगदान देता है। इस जर्नल के केन्द्र बिन्दु वे प्रयुक्त अनुसंधान एवं विचार हैं, जो व्यवसायी प्रबंधकों के लिए सुसंगत हैं तथा शैक्षणिक परिश्रम के मानकों के अनुरूप हैं।

विकल्प के प्रत्येक अंक में निम्नलिखित नियमित विशेषताएँ होती हैं : **परिदृश्य** उन उभरते मुद्दों व विचारों को प्रस्तुत करता है जो संगठनों में प्रबंधकों, प्रशासकों व नीति निर्माताओं से कार्रवाई या पुनर्विचार की मांग करते हैं। **अनुसंधान** में ऐसे लेख होते हैं, जो प्रबंधकीय व शैक्षणिक मुद्दों के विश्लेषण व समाधान पर केन्द्रित होते हैं, जिनका आधार विश्लेषणात्मक अथवा केस आधारित अनुसंधान होता है। **अंतराफलक** ऐसे लेख प्रस्तुत करता है, जो प्रबंधकों के लिए व्यावहारिक रूप से उपयोगी होते हैं तथा उनके प्रबंधकीय कौशलों को अद्यतन बनाने में सहायक होते हैं। **टिप्पणियाँ एवं व्याख्याएँ** प्रारंभिक अनुसंधान, साहित्य की समीक्षा और प्रकाशित आलेखों या किसी संगत विषय पर टिप्पणियों को समाविष्ट करती हैं । **वार्ता** के अंतर्गत, प्रसिद्ध पैनलिस्टों द्वारा समसामयिक विषय पर की गई चर्चा शामिल होती है। **प्रबंध केस** में किसी एक प्रबंधक या संगठन ने रणनीतिगत, कार्यात्मक या प्रचालनात्मक स्तरों पर किसी वास्तविक स्थिति का सामना किया हो, उस पर निर्णय लिया हो या कार्रवाई की हो, उसका वर्णन होता है। **निदान**, अकादमी के सदस्यों एवं व्यवसायियों द्वारा किए गए किसी केस के विश्लेषण को मुख्यतः प्रस्तुत करता है । पिछले दो वर्षों से, ***विकल्प*** ने केस और उसके निदान को एक ही अंक में समाहित करना शुरू कर दिया है, जबकि पुरानी प्रथा यह थी कि निदान, आगामी अंकों में प्रकाशित हुआ करते थे । इनके अतिरिक्त **पुस्तक समीक्षाएँ** व महत्वपूर्ण प्रबंधकीय विषयों से संबंधित **ग्रंथों की सूची** भी ***विकल्प*** में प्रकाशित होती है। प्रत्येक लेख में विषय को तुरंत समझने के लिए एक **कार्यकारी सारांश** दिया जाता है।

विकल्प ऐसा जर्नल है जिसकी समीक्षा समान योग्यता वाले व्यक्तियों द्वारा की जाती है। प्रकाशन के लिए प्राप्त सामग्री की दो या दो से अधिक निर्णायकों द्वारा गहन समीक्षा की जाती है और स्वीकृत सामग्री इस जर्नल द्वारा अपेक्षित उच्च मानकों के अनुरूप संपादित की जाती है। वर्ष के दौरान लगभग 150 समीक्षकों (आंतरिक व बाह्य दोनों) को समीक्षा के कार्य पर लगाया गया।

2010-11 के दौरान ***विकल्प*** को 221 पेपर प्राप्त हुए, जिनमें से 92 को प्रारंभिक चरण में अस्वीकार कर दिया गया, तथा बाकी को समीक्षा के लिए भेजा गया । उनमें से 18 पेपरों को स्वीकृति मिली और 39 पेपरों को समीक्षा के बाद अस्वीकृत कर दिया गया। संवर्धन के अलावा कुल मिलाकर 24 पेपरों को विभिन्न सुविधाओं के अंतर्गत प्रकाशित किया गया।

विकल्प के प्रत्येक अंक में एक समकालीन विषय पर एक वार्ता को प्रकाशित किया गया । इसके विषय थे - सामाजिक न्याय की तलाश, नेटवर्क बनाने के लिए एक वार्ता, नए मीडिया अनुभव : खेल परिवर्तक के साथ बातचीत, सिटी गैस गोलमेज सम्मेलन भारत 2010 - पहल और चुनौतियाँ, तथा लक्ज़री गोलमेज सम्मेलन : क्या लक्जरी व्यापार के लिए पुनर्विचार की आवश्यकता है?

अब तक प्रकाशित लेख ***विकल्प*** के वेबसाइट पर पीडीएफ के प्रारूप में उपलब्ध है - **www.vikalpa.com**

विकल्प ईबीएससीओ डेटाबेस में सूचीबद्ध है।



प्रबंध विकास कार्यक्रम

वर्ष 2010-11 में संस्थान ने पिछले वर्ष के 52 की तुलना में 60 प्रबंध विकास कार्यक्रम पेश किये। इस वर्ष में, सरकारी विभागों सहित निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्र के संगठनों से 1,960 कार्यकारियों ने 14,710 प्रतिभागी-दिनों के लिए कार्यक्रम लेखांकन में भाग लिया (वर्ष 2009-10 के 1,536 प्रतिभागियों एवं 11,267 प्रतिभागी दिनों की तुलना में)।

पेश किये गये 60 कार्यक्रमों में से 8 नए कार्यक्रम थे। नया शुरू हुआ कार्यक्रम - 3टीपी मध्य प्रबंधन कार्यक्रम को दो बार पेश किया गया।

चलाए गए कार्यक्रमों, प्रतिभागियों की संख्या, कार्यक्रमों को चलाने वाले क्षेत्रों, व नये तथा पुनरावृत्त कार्यक्रम आदि के विवरण, परिशिष्ट 'झ' में दिए गए हैं।

अंतर्विषयक केंद्र एवं समूह

1. इलेक्ट्रॉनिक अभिशासन केन्द्र

चालू वर्ष के दौरान, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रायोजित ई-प्रशासी परियोजना के प्रभाव आकलन अध्ययन के दूसरे चरण को इलेक्ट्रॉनिक अभिशासन केन्द्र ने पूर्ण किया।

इनमें चार शहरों में दो राज्य स्तरीय ई-प्रशासी परियोजनाओं (शहरी स्थानीय निकायों) और पाँच राज्यों में एक केन्द्र स्तर की परियोजना (वाणिज्यिक कर) का अध्ययन शामिल है। इसके अलावा, जिला प्रशासन द्वारा सेवाओं के वितरण के लिए एक आधारभूत सर्वेक्षण पाँच राज्यों के 17 प्रायोगिक जिलों में ई-जिला मिशन मोड परियोजना (एम एम पी) के लिए आयोजित किया गया।

दोनों चरणों के लिए मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए संस्थान भागीदार रहा ।

इन परियोजनाओं पर तीन रिपोर्ट सूचना प्रौद्योगिकी विभाग को प्रस्तुत की गई।

आई एफ आई पी / सी ई जी न्यूज़लेटर

विकासशील देशों में आई टी शीर्षक अंतर्गत आई एफ आई पी / सी ई जी न्यूज़लेटर के तीन मुद्दे इस वर्ष के दौरान प्रकाशित किये गये । इस न्यूज़लेटर के 569 ग्राहक हैं और विभिन्न देशों से लगभग 3000 वार्षिक पाठक हैं।

2. अवसंरचना नीति एवं विनियमन केंद्र

अवसंरचना नीति एवं विनियमन केंद्र (सीआईपीआर), परामर्शी सेवाओं, शिक्षा, प्रकाशन, अनुसंधान तथा अवसंरचना, नीति व विनियमन के क्षेत्रों में प्रशिक्षण को बढ़ावा देता है। सीआईपीआर, बुनियादी ढाँचे व विनियमन के क्षेत्रों में नीति अनुसंधान में महत्वपूर्ण अनुभव को शक्ति प्रदान करने का प्रयास करता है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम

कंपनी के प्रबंध विकास कार्यक्रम

- आईआईएम-ए में और केलिफोर्निया में नियामक फोरम (फोर), भारत सरकार के लिए विद्युत नियामक उन्मुखीकरण कार्यक्रम, 3-10 जून, 2010
- आईएएस अधिकारियों के लिए तृतीय चरण मध्य कैरियर प्रशिक्षण एलबीएसएनएए के दौरान, मसूरी में भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के लिए मूल्यांकन कार्यक्रम पर मोड्यूल, 14-18 जून, 2010

- आईआईएम-ए में पावर एक्सचैंज इन्डिया लिमिटेड के लिए पावर मार्केट लिडरशिप प्रोग्राम, 23-26 अगस्त, 2010
- आईआईएम-ए में टोरन्ट पावर लिमिटेड के लिए वरिष्ठ प्रबंध के लिए सामान्य प्रबंध कार्यक्रम, 18-30 अक्टूबर, 2010
- आईएएस अधिकारियों के लिए चतुर्थ चरण मध्य कैरियर प्रशिक्षण एलबीएसएनएए के दौरान, मसूरी में भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के लिए पीपीपी व अवसंरचना पर मोड्यूल, 16-20 नवम्बर, 2010
- आईएएस अधिकारियों के लिए पंचम चरण मध्य कैरियर प्रशिक्षण एलबीएसएनएए के दौरान, मसूरी में भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के लिए प्रशासी चुनौतियाँ पर मोड्यूल, 21-31 दिसम्बर, 2010

सार्वजनिक प्रणाली समूह के माध्यम से प्रबंध विकास कार्यक्रम

- विमानन प्रबंधन, 15-21 अगस्त, 2010
- अवसंरचना विकास एवं नीति, 25-30 अक्टूबर, 2010
- बुनियादी ढाँचे में कानूनी व विनियामक मुद्दे, 22-27 नवम्बर, 2010
- वरिष्ठ प्रबंधन के लिए सामरिक पोर्ट प्रबंधन, 24-31 अक्टूबर, 2010

परामर्शी परियोजनाएँ

(अनुसंधान आधारित परामर्शी परियोजनाएँ)

- "विद्युत क्षेत्र में विपणन का विकासः भारत में अंतर्राष्ट्रीय अनुभव एवं मुद्दे" पीएक्सआईएल, मई 2010 (प्रोफेसर अजय पांडे व सेबास्टियन मॉरिश)

सम्मेलन

(इंडिया इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रकाशन के साथ सहयोग से आयोजित)

- कंटेनर इंन्फ्रास्ट्रक्चर विकास पर चौथा वार्षिक सम्मेलन, नई दिल्ली, 21-22 जुलाई, 2010
- रेलवे के विस्तार एवं उन्नयन पर चौथा वार्षिक सम्मेलन, नई दिल्ली, 15-16 नवम्बर, 2010
- भारत में शहरी बुनियादी ढाँचा : अनुभव, सीखना और आगे बढ़ना, 9-10 दिसम्बर, 2010
- भारत के बंदरगाहों पर आठवाँ वार्षिक सम्मेलन, नई दिल्ली, 1-2 फरवरी, 2011

3. नवाचार, ऊष्मायन एवं उद्यमिता केंद्र

नवाचार, ऊष्मायन और उद्यमिता केन्द्र नवाचार के क्षेत्र में अनुसंधान के लिए गुजरात सरकार तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सहयोग से एक केन्द्र के रूप में वर्ष 2001 में स्थापित किया गया। समय के साथ उद्यम पर पकड़ जमाने तथा ऊष्मायन शामिल करने पर ध्यान दिया गया। पिछले तीन वर्षों में सीआईआईई ने विविध क्षेत्रों में 45 से अधिक शुरुआती उद्यमों को समर्थित किया है।

सीआईआईई नए उद्यमियों की मदद के लिए कई कार्यक्रम प्रदान करता है। आई-गतिवर्धक इन्टरनेट तथा मोबाइल क्षेत्र की कंपनियों के लिए एक त्वरित शुरुआती शिविर है। यह नवाचार कार्यक्रम दूसरी ओर पुनः खोज तथा स्वच्छ प्रौद्योगिकी की शुरुआत में नए उद्यमियों को मदद करने के लिए बनाया गया है। सीआईआईई *इकोनोमिक टाइम्स* की भागीदारी में विचारों की शक्ति

के कार्यक्रम भी पेश करता है, जो देश में उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्र के पैमाने को बढ़ाने में संभवतः सबसे बड़ा प्रयास है।

सीआईआईई की दूसरी पहल, प्रेरणा स्वरुप उद्यम में उद्योग विशेषज्ञों को जोड़ने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। *स्टे हंग्री स्टे फुलिश,* पुस्तक सीआईआईई के द्वारा प्रकाशित है जिसने भारतीय युवाओं को उद्यमिता के प्रति प्रेरित करने में एक बड़ी भूमिका निभाई है और यह पुस्तक लंबे समय तक सबसे ज्यादा बिकने वाली पुस्तक के तौर पर राज करती रही है।

ऊष्मान्वित कंपनियाँ

अक्षय ऊर्जा अनुसंधान कार्यक्रम

अक्षय ऊर्जा शोध कार्यक्रम सीआईआईई द्वारा मार्च 2009 में नवीन व नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के सहयोग से अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में नवाचार व ऊष्मायन गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू किया गया। अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक कंपनियाँ ऊष्मान्वित हैं। सीआईआईई ने वैश्विक कंपनियों, निवेशकों और नवीन व नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के साथ एक मजबूत भागीदारी विकसित की है तथा इस क्षेत्र में उद्यमियों के समर्थन में एक उद्यम पूँजी निधि स्थापित की है। यह अक्षय ऊर्जा अनुसंधान कार्यक्रम, नवीन एवं अक्षय-ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त तत्त्वावधान में मार्च 2009 में शुरू किया गया।

आई-गतिवर्धक कार्यक्रम

आई-गतिवर्धक, आई टी और मोबाइल क्षेत्र में अभिनव प्रौद्योगिकियों को पहचानने, प्रोत्साहित करने तथा प्रेरणा के लिए सीआईआईई द्वारा शुरू किया गया उपक्रम है। यह दो से चार महीने का शुरुआती शिविर है, जिसका उद्देश्य है - शुरुआती-टीमों को सघन समर्थन प्रदान करना। प्रथम बार सीआईआईई ने 2008 में आई-गतिवर्धक कार्यक्रम गठित किया । दूसरा कार्यक्रम मई से अगस्त, 2009 में पेश किया और बाद में 2010 में किया । आई टी की टीमों और मोबाइल-उत्पादों के विचारों को चुना गया तथा एक आदर्श विकसित करने के लिए सहायता उपलब्ध कराई गई। इस अवधि में, टीमों ने उद्यमियों, प्रौद्योगिकी वेत्ताओं, उद्योग-विशेषज्ञों, तथा अन्यों के साथ अन्तर-वार्ता की थी। अनुभवी विशेषज्ञ, निवेशक, व कोर्पोरेट्स भी धन की भागीदारी एवं सहऊष्मायन के विकल्पों के माध्यम से इसमें शामिल हुए ।

परामर्शदाता नेटवर्क

उद्यमिता की स्फूर्ति को उत्प्रेरित करने के लिए, संस्थान के अल्युम्नी, उद्योग विशेषज्ञों और सीआईआईई ने, एक बहुत ही सक्रिय परामर्शी नैटवर्क-निर्माण के द्वारा सीआईआईई की पहुँच को देशभर में फैलाने के लिए भागीदारी की है। यह परामर्शी नेटवर्क, महत्वाकांक्षी उद्यमियों को मदद करने के लिए अल्युम्नी की व्यापार-विशेषज्ञता तथा सीआईआईई के प्रेरणा-अनुभव को शक्ति प्रदान करेगा।

विचारों के कार्यक्रम की शक्ति

इस वर्ष सीआईआईई ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग तथा *इकोनोमिक टाइम्स* के साथ अपनी तरह की सबसे बड़ी पहल विचारों की शक्ति 2010 के लिए सहयोग किया। उद्यमशीलता के स्थान में अपनी विशाल विशेषज्ञता एवं संपर्क के साथ डीएसटी (विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग) ने पाँच करोड़ रुपयों की रकम पेश की, जबकि सीआईआईई के पालकों तथा निवेशकों के नेटवर्क ने सलाह सत्रों को शक्ति देने के अलावा, पहल के रूप में मिले प्रत्येक विचार को मूल्यांकित किया ।

इस कार्यक्रम में कुल 16,242 आवेदन प्राप्त हुए । समेकित स्कोर के आधार पर 850 आवेदकों को परामर्शी कार्यक्रम के लिए लघुसूची में लाया गया और 74 आवेदकों को संस्थान में दस-दिवसीय कार्यशाला के लिए बुलाया गया।

पैंतीस आवेदकों को व्यक्तिगत रूप से पाँच लाख रुपए के अनुदान से सम्मानित किया गया, जबकि दस लोगों को दो लाख रुपए प्रति व्यक्ति के हिसाब से सम्मानित किया गया। प्रतिभागियों में से पंद्रह को डीएसटी के कोष से प्रत्येक को 20 लाख रुपयों का इक्विटी निवेश दिया गया।

पाठ्यक्रम

- सीआईआईई-प्रेरणा से संबंधित परियोजनाएँ : छात्रों ने व्यापार-विश्लेषण, निधिकरण, बाजार-विश्लेषण, और विकासशील व्यापार-मॉडलों के लिए प्रेरणा-परियोजनाएँ ली हैं।
- सीआईआईई निधि प्रबंधन : सूचना-प्रौद्योगिकी, अक्षय ऊर्जा और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पर केन्द्रित तीन मूल निधियाँ, परियोजना-पाठ्यक्रमों के माध्यम से प्रबंधित की गयी ।

अनुसंधान परियोजनाएँ

नॉकिया परियोजना

भारत में, सीआईआईई ने, नॉकिया अनुसंधान केन्द्र और राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान के साथ मिलकर, विशेषकर ग्रामीण बाजार और कम आमदनी वाले वर्ग में मोबाइल फोनों के तेजी से प्रवेश को बढ़ाने से संबंधित एक शोध-परियोजना को पूर्ण कर लिया है। इस परियोजना ने मोटे तौर पर निम्नलिखित लक्ष्य रखे हैं :

- बाजार-शोध - ग्रामीण बाजार के लिए मुख्य विशेषताएँ, मूल्य-बिन्दुओं, और प्रवेश रणनीति की पहचान करना
- अप्रयुक्त बाजार को लक्ष्य में रखकर उत्पाद के लिए अद्वितीय आवेदनों की पहचान करना
- उत्पाद की डिजाइनिंग - विभिन्न आवेदनों के लिए आदर्श विकसित करना
- मोबाइल नवीनता प्रयोगशाला

नॉकिया-परियोजना के विस्तार के रूप में, सीआईआईई ने नॉकिया के सहयोग से एक मोबाइल-नवीनता प्रयोगशाला स्थापित की है। इससे आई टी और मोबाइल जगत में शोध को सुसाध्य बनाने के लिए तथा कार्यशालाएँ आयोजित करने के लिए सुविधा होगी

- विज्ञान व प्रौद्योगिकी विभाग से निधि प्राप्त करने वाले संगठनों के लिए भुगतान (रॉयल्टी आदि) की संरचना हेतु संभव अभिगमों का सुझाव दे रहे प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड की ओर से अध्ययन।

स्पर्धाएँ / संगोष्ठियाँ

टेकनिक युनिवर्सिटी बर्लिन (टीयूबी) संगोष्ठी

14-17 मार्च, 2011 के दौरान "दक्षिण एशिया में कंपनियों एवं संगठनों में नवाचार प्रबंध" विषय पर एक अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के आयोजन में सीआईआईई ने टेकनिक युनिवर्सिटी बर्लिन (टीयूबी) के साथ सहयोग किया। टेकनिक युनिवर्सिटी बर्लिन, जर्मनी के सबसे बड़े विश्वविद्यालयों में से एक है और एशियाई विश्वविद्यालयों के साथ इसका मजबूत अंतर्राष्ट्रीय संबंध है। टीयूबी का 136 देशों में एक बड़ा-सा पूर्वछात्र नेटवर्क है। इस संगोष्ठी में निम्नलिखित विषयों को शामिल किया गया :

- नवाचार प्रबंधन
- भारत में विकास रुझान एवं भावि चुनौतियाँ
- उद्यमशीलता
- स्थायी विकास
- विज्ञान, अर्थव्यवस्था और विकास सहयोग में भारत-जर्मन सहयोग

आईएसबीए में ज्ञान विनिमय

6-8 मार्च, 2011 के दौरान अहमदाबाद के राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान में राष्ट्रीय डिजाइन व्यवसाय इन्क्यूबेटर (एनडीबीआई) के साथ सीआईआईई ने इन्डियन स्टेप्स व बिजनेस इन्क्यूबेटर एसोसिएशन (आईएसबीए) सम्मेलन की सह-मेजबानी की। यह एक वार्षिक सम्मेलन है, जहाँ देशभर से उपाय तथा प्रौद्योगिकी आधारित प्रेरक एक साथ उपस्थित रहते हैं और अपने अनुभव व ज्ञान को बाँटकर एकजुटता से नवाचार को प्रोत्साहित करते हैं। सम्मेलन का विषय था - "विकास को डिजाइन करना, परिवर्तित करना, प्रबंधित करना"।

5-6 मार्च, 2011 के दौरान, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी उद्यमशीलता पार्क व प्रौद्योगिकी व्यापार प्रेरक (स्टेप्स/टीबीआई) की समीक्षा बैठक में राष्ट्रीय सलाहकार समिति तथा सीआईआईई ने आईएसबीए के साथ मिलकर मेजबानी की। डीएसटी से निरीक्षण दल, निधिकरण दल, नीति निर्माताओं की समिति पर विशेषज्ञों में तथा प्रेरक प्रबंधकों के बीच सक्रिय बातचीत हुई । भारत के विभिन्न भागों से लगभग 40 प्रेरकों ने इसमें भाग लिया ।

निवेशकों का ऑनलाइन प्रदर्शन

आगे के अन्वेषण के लिए निवेशकों को दिलचस्प निवेश योग्य अवसरों को निवेशकों के लिए उपलब्ध कराने की एक अद्वितीय पहल के रूप में सीआईआईई ने शुरुआती सौदों के लिए एक साप्ताहिक प्रदर्शन कार्यक्रम शुरू किया है। इसके पीछे ऐसा विचार है कि सीआईआईई के द्वारा अच्छी तरह से मूल्यांकित तथा संचालित उन चुने हुए निवेशकों के शुरुआती सौदों को प्रदर्शित करना है जो 20 लाख रुपयों की सीमा तक धन उपलब्ध करवाने के लिए तैयार हों। बहुस्थानीय भागीदारी की अनुमति के लिए एक वेब कॉनफ्रेन्सिंग मंच पर यह प्रदर्शन किया जाता है। 7 प्रतिभागियों के साथ 22 मार्च, 2011 को पहला प्रदर्शन आयोजित किया गया।

शुरुआती प्रेरणा एवं उपलब्धियाँ

सीआईआईई वर्तमान में 45 से अधिक प्रौद्योगिकियों को प्रेरित कर रहा है और उनमें से अधिकांश प्रारंभिक चरण में हैं। संस्थान को सक्षम बनाने के लिए एवं इन उद्यमों को पोषित तथा पुरस्कृत

करने के लिए सीआईआईई पहल की स्थापना कंपनी अधिनियम 1956 के धारा 25 के अंतर्गत प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के तौर पर पंजीकरण से हुई। सीआईआईई पहल, सीआईआईई की निवेश शाखा के रूप में कार्य करता है और सीआईआईई द्वारा समर्थित उद्यमों में निवेश करता है। सीआईआईई पहल ने प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में नवोदित उद्यमियों का समर्थन करने के लिए सेबी में पंजीकृत उद्यम पूँजी निधि की भी स्थापना की है।

इस वर्ष के दौरान निम्नलिखित शुरुआतों को मान्यता मिली है :

- एमआईटी-तकनीक समीक्षा की 35 प्रवर्तक सूची-2011 में इनोज, इकोलिब्रियम और ग्रिडबोट्स को विजेता घोषित किया गया ।
- शीर्ष 8 नवाचार कंपनियों में ग्रिडबोट्स शामिल थी-नासकोम नवाचार पुरस्कार।
- शीर्ष 200 एशियाई कंपनियों की रेड हेरिंग सूची ग्रिडबोट्स बनाता है।
- वाइब्रेन्ट गुजरात का वेबकास्टिंग लगातार तीसरे वर्ष भी वी-मुक्ति द्वारा किया गया।

4. कृषि प्रबंध केंद्र

कृषि प्रबंध केंद्र (सीएमए) एक अंतर्विषयक समूह है, जो खाद्य, कृषि व्यवसाय, ग्रामीण व समवर्गी क्षेत्रों में अनुप्रयुक्त नीति एवं समस्या समाधान के अनुसंधान में संलग्न है। सीएमए, इन क्षेत्रों/इलाकों में शिक्षण, प्रशिक्षण व परामर्शी कार्यकलाप में भी संलग्न है। इस केन्द्र में, छह प्राथमिक और चार माध्यमिक संकाय-सदस्य हैं।

अनुसंधान

सम्पन्न

कृषि व्यापार में अध्ययन

- भारत में आर्थिक और प्रबंध फसल बीमा के पहलुओं का एक अध्ययन
- भारतीय कृषि में व्यापार प्रतिस्पर्धा और मूल्य बोध के लिए क्षमता निर्माण
- आजीविका संवर्धन के लिए क्रेडिट + अभिगम बनाम कृषि व्यवसाय और एलाइड क्रेडिट में नीति हस्तक्षेप मूल्यांकन (व्यक्तिगत केन्द्र रिपोर्ट)

विवरण परिशिष्ट ट में दिया गया है।

प्रगति में

- आजीविका संवर्धन के लिए क्रेडिट + अभिगम की तुलना में कृषि व्यवसाय और एलाइड क्रेडिट में नीति हस्तक्षेप मूल्यांकन (समेकित अध्ययन)

पाठ्यक्रम

कृषि प्रबंध केंद्र (सीएमए) ने, संस्थान के पीजीपी-एबीएम, पीजीपी में 30 पाठ्यक्रम तथा फेलो प्रबंध कार्यक्रम (कृषि) में पाँच पाठ्यक्रम चलाए।

प्रबंध विकास कार्यक्रम

- कृषि निवेश विपणन
- अनुबंध खेती का प्रबंधन
- सामरिक प्रतिस्पर्धात्मक एवं सहयोगात्मक लाभ के लिए उपयोगी बौद्धिक संपदा

- स्काउटिंग, प्रलेखन, डेटाबेस विकास और जमीनी स्तर पर नवाचारों के प्रसार के लिए क्षमता निर्माण
- कम सामान्य औषधीय पौधों और उसके साथ जुड़े पारम्परिक ज्ञान के डेटाबेस का विकास

5. स्वास्थ्य सेवा प्रबंध केंद्र

1975 में सार्वजनिक प्रणाली समूह की स्थापना के साथ ही संस्थान की भागीदारी स्वास्थ्य क्षेत्र में शुरू हुई थी। प्रारंभिक समय में प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल सेवाएँ और परिवार नियोजन के प्रबंधन पर अनुसंधान के केन्द्र में रहे। बाद में 80 के दशक में माध्यमिक स्वास्थ्य सेवाओं तथा 90 के दशक में तृतीयक स्वास्थ्य सेवाओं के प्रबंधन को शामिल करने के लिए अनुसंधान गतिविधियाँ विस्तारित की गयी। वर्तमान में अनुसंधान हितों के केन्द्र में ग्रामीण स्वास्थ्य, शहरी स्वास्थ्य, सार्वजनिक स्वास्थ्य, और अस्पताल प्रबंधन में शासन व प्रबंधन मुद्दों पर ध्यान दिया गया है।

सीएमएचएस के समग्र उद्देश्य हैं - जनसंख्या के विभिन्न क्षेत्रों की ज़रुरत के हिसाब से कुशलता एवं प्रभावी ढंग से प्रबंधकीय चुनौतियों से निपटना, स्वास्थ्य क्षेत्र में उत्कृष्टता के संस्थान का निर्माण करना, और स्वास्थ्य नीतियों व व्यापक वातावरण को प्रभावी बनाना। सभी अनुसंधान परियोजनाएँ बाह्य वित्त पोषित हैं और संस्थान ने यूएसए, यूके, यूरोप तथा एशिया में 15-20 अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के साथ अनुसंधान सहयोग विकसित किया है। सीएमएचएस ने राष्ट्रीय तथा राज्य स्तर पर और विशेष रूप से गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उड़ीसा, और बिहार के राज्यों में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के साथ भी मजबूत संपर्क बनाए हैं।

सहयोगात्मक अनुसंधान और अनुयोजन परियोजनाएँ

सम्पन्न

- यूएनओपीएस द्वारा समर्थित नोर्वे भारत भागीदारी पहल - नोर्वे के सहयोग में शिशु स्वास्थ्य देखभाल प्रबंधन

जारी

- एबरडीन विश्वविद्यालय, यूके द्वारा समर्थित डिलिवरी देखभाल तथा सुदृढ़ीकृत स्वास्थ्य प्रणाली की गुणवत्ता में सुधार के लिए प्रवेश बिंदु के रूप में संक्रमण नियंत्रण
- मैकआर्थर फाउण्डेशन द्वारा समर्थित चिरंजीवी कार्यक्रम और जननी सुरक्षा योजना का अध्ययन
- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा समर्थित, रोगप्रतिरोधक कार्यक्रम से संबंधित मानव संसाधन मुद्दे का अध्ययन
- पैथोलॉजी प्रयोगशालाएँ, जॉन्सन एंड जॉन्सन इन्डिया की दक्षता व गुणवत्ता अनुकूलन पर एमडीपी के बाद आचरण के लिए पाठ्यक्रम सामग्री डिजाइन
- नर्सिंग अकादमी अध्ययन, हैदराबाद, भारत और कारोलिंस्का संस्थान द्वारा समर्थित मातृ स्वास्थ्य : मिडवाइफरी और आपातकालीन प्रसूति देखभाल सेवा (सीडा) प्रबंध चरण-2
- दक्षिण-पूर्व एशिया के लिए डबल्यूएचओ द्वारा समर्थित नेपाल और म्यांमार में प्राथमिकी टेलीशिक्षा सेवाएँ आवश्यक आकलन पर एपीडबल्यू अध्ययन
- जॉनसन एंड जॉनसन, भारत द्वारा समर्थित अस्पताल प्रबंधन पर एमडीपी
- जॉनसन एंड जॉनसन, भारत द्वारा समर्थित जॉनसन एंड जॉनसन केस-विकास
- बिल एंड मेलिंडा फाउण्डेशन, यूएसए द्वारा समर्थित जननी सुरक्षा योजना का मूल्यांकन

6. खुदरा बिक्री केंद्र

खुदरा बिक्री केन्द्र का उद्देश्य खुदरा प्रबंधन विषयक ज्ञान का सृजन और प्रसार करना है। नौ संकाय-सदस्यों की एक अंतःशास्त्रीय टीम को इस केन्द्र के उद्देश्यों से संबंधित अनुसंधान, प्रशिक्षण, व परामर्शी कार्यकलाप में लगाया गया है ।

अनुसंधान

- दो अनुसंधान परियोजनाओं में इस केन्द्र के संकाय सक्रिय रूप से व्यस्त है।

प्रबंध विकास कार्यक्रम

इस केन्द्र ने निम्नानुसार प्रबंध विकास कार्यक्रम चलाए :

- खुदरा प्रबंध, दुबई
- खुदरा प्रबंधन

7. कंप्यूटर एवं सूचना प्रणाली समूह

पाठ्यक्रम

इस समूह ने प्रथम वर्ष पीजीपी और एफपीएम में निम्नलिखित अनिवार्य कार्यक्रमों की पेशकश की :

- व्यापार के लिए सूचना प्रणाली
- व्यापार के लिए इंटरनेट प्रौद्योगिकी
- प्रबंधकीय कम्प्यूटिंग

इसके अलावा, समूह ने निम्नलिखित वैकल्पिक पाठ्यक्रमों की पेशकश की :

- ई-शासन में परामर्श : दृष्टिकोण से कार्यान्वयन तक
- निर्णय समर्थन प्रणाली
- विकास के लिए डिजिटल समावेशन
- उद्यम डिजिटल अवसंरचना
- ईआरपी प्रणालियाँ : प्रौद्योगिकी योजना और कार्यान्वयन
- सॉफ्टवेयर परियोजनाओं और उद्यम का प्रबंधन
- सूचना प्रणाली की सामरिक योजना

एफपीएम ने निम्नलिखित पाठ्यक्रमों की पेशकश की :

- एलगोरिदम और डेटा संरचनाएँ
- कृत्रिम आसूचना
- डेटा माइनिंग एल्गोरिदम और अनुप्रयोग
- डीबीएमएस और ऑनलाइन लेनदेन प्रोसेसिंग
- कम्प्यूटर आर्किटेक्चर और सिस्टम सॉफ्टवेयर के बदले में वितरित कम्प्यूटिंग सिस्टम
- सूचना प्रणाली रूपरेखा
- प्रोग्रामिंग 1
- सिस्टम विश्लेषण और डिजाइन

एफडीपी

इस समूह ने एफडीपी में निम्नलिखित पाठ्यक्रमों की पेशकश की :

- प्रबंधन के लिए आईटी

प्रबंध विकास कार्यक्रम

इस वर्ष के दौरान इस समूह के द्वारा निम्नलिखित कार्यक्रम पेश किये गये :

- व्यापार आसूचना
- ग्राहक संबंध प्रबंधन
- ईआरपी सिस्टम : प्रौद्योगिकी योजना और कार्यान्वयन
- आईटी परियोजना प्रबंध
- आईटी आउटसोर्सिंग का प्रबंध
- सामरिक आईटी प्रबंध
- सूचना प्रणाली की सामरिक योजना

8. लिंग संसाधन केन्द्र

अभी फिर से बने लिंग संसाधन केन्द्र (जीआरसी) में पन्द्रह सदस्य हैं। 2011-12 के लिए इस केन्द्र ने वकालत या समारोह प्रबंधन के बजाय अनुसंधान, क्षमता निर्माण, प्रकाशनों, कार्यशालाओं के माध्यम से कॉन्फ्रेंसिंग, और कार्य सम्मेलनों पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए संकल्प किया गया है।

इस केन्द्र ने राष्ट्रीय प्रासंगिकता और अंतर्राष्ट्रीय महत्त्व के अनुसंधान कार्यावली को विकसित करना और नियमावली बनाना शुरू कर दिया है। यह केन्द्र एड्वान्स्ड स्टडी-शिमला, ओएस्पा जर्मनी, शक्ति-बेंगलुरू, ए के राइस इन्स्टिट्यूट, ग्रुब इन्स्टिट्यूट, यालोम इन्स्टिट्यूट-तेल अवीव, और फ्रेदरिक एबर्ट फाउण्डेशन के साथ सहयोगी संयुक्त गतिविधियों के लिए प्रस्तावों पर बातचीत कर रहा है।

9. सार्वजनिक प्रणाली समूह

इस वर्ष के दौरान, सार्वजनिक प्रणाली समूह ने अपने कार्यकलाप को पर्यावरण, परिवहन, अवसंरचना, शहरी प्रबंध, स्वास्थ्य प्रबंध और मूल्यांकन पर केन्द्रित किया ।

पाठ्यक्रम

पीजीपी

इस समूह ने इस वर्ष के दौरान निम्नलिखित पाठ्यक्रम पेश किये :

- कार्बन वित्त
- पर्यावरण प्रबंध
- अस्पताल और स्वास्थ्य-देखभाल प्रबंध
- अवसंरचना विकास एवं वित्त व्यवस्था
- कॉर्पोरेट सामाजिक अनुत्तरदायित्व की जाँच
- अवसंरचना में कानून व विनियमन संबंधी मुद्दे
- विकास के लिए भागीदारी रंगमंच
- सार्वजनिक वित्त
- सार्वजनिक नीति
- सामाजिक उद्यमिता
- शहरी अर्थव्यवस्थाएँ और व्यवसाय वातावरण

एफपीएम

- ऊर्जा एवं पर्यावरण नीति
- स्वास्थ्य नीति और योजना
- व्याख्यात्मक अनुसंधान विधियाँ
- सार्वजनिक वित्त
- सार्वजनिक प्रबंध
- सार्वजनिक नीति
- पर्यावरण प्रबंध के लिए सार्वजनिक नीति उपकरण
- परिवहन नीति पर संगोष्ठी

पीजीपीएक्स

- कार्बन वित्त
- पर्यावरण प्रबंध
- अस्पताल प्रबंध
- अवसंरचना में कानून एवं विनियामक मुद्दे
- दूरसंचार उद्यम प्रबंधन
- परिवहन अवसंरचना

पीजीपी-एबीएम

- कृषि व्यवसाय में कार्बन वित्त
- कॉर्पोरेट सामाजिक अनुत्तरदायित्व की जाँच
- सार्वजनिक वित्त
- सामाजिक उद्यमशीलता

एफडीपी

- जलवायु परिवर्तन प्रबंधन पर पाठ्यक्रम डिजाइन
- पर्यावरण प्रबंध
- स्वास्थ्य और अस्पताल प्रबंध
- गुणात्मक अनुसंधान के तरीके

प्रबंध विकास कार्यक्रम

इस वर्ष के दौरान इस समूह ने निम्नलिखित कार्यक्रम प्रस्तुत किये :

- विमानन प्रबंध
- अस्पताल प्रबंध*
- अवसंरचना विकास एवं वित्त पोषण
- नर्सिंग और दाई अग्रणियों के लिए प्रबंधन एवं नेतृत्व संबंधी कार्यशाला
- वरिष्ठ प्रबंधन के लिए सामरिक बंदरगाह प्रबंध

*सीएमएचएस और पीएसजी संकायों ने संयुक्त रूप से चलाया ।

- राज्य/जिला/ब्लॉक स्वास्थ्य प्रबंधकों के लिए प्रबंध क्षमता विकास कार्यक्रम, बिहार कार्यक्रम ।
- शहरी शासन, स्थिरता और आजीविका पर आपद केन्द्र, नई दिल्ली के साथ संयुक्त रूप से दो कार्यशालाओं की पेशकश ।
- रविवार बाजार, अहमदाबाद के लिए भागीदारी योजना एवं शहरी डिजाइन पर एनआईडी तथा अहमदाबाद गुजरी संघ के साथ संयुक्त रूप से एक कार्यशाला पेश की गई।

10. रवि जे. मथाई शैक्षणिक नवाचार केंद्र

रवि जे मथाई शैक्षणिक नवाचार केन्द्र (आरजेएमसीईआई) प्राथमिक शिक्षा, साक्षरता, माध्यमिक शिक्षा, और उच्च शिक्षा में संस्था निर्माण की शोध में शामिल है। 2010-11 के दौरान, गुजरात में चयनित उत्कृष्ट प्राथमिक शिक्षकों पर एक मामला पुस्तक तैयार की गयी । निलोबराय विद्यालय, रालेगाँव सिद्धि, और परिक्रमा स्कूल - बैंगलुरू जैसे नवीन स्कूलों के अध्ययन शुरू किये गये । शिक्षण और सीखने की परियोजना आधारित तरीकों पर अनुसंधान, छात्र की पढ़ाई व शिक्षकों की नौकरी में संतुष्टि, आत्मसम्मान, और रचनात्मकता के संज्ञानात्मक प्रेरक पहलुओं पर अपने प्रभाव का अध्ययन आदि शुरू किया गया ।

सीबीएसई स्कूलों के आचार्यों के लिए और प्रबंध शिक्षा संस्थानों के निदेशकों के लिए आरजेएमसीईआई ने हफ्ते भर के कार्यक्रमों के पेशकश जारी रखी। *शिक्षा में उद्यमशीलता* (पीजीपी) और संचार संबंधित एफडीपी व एफपीएम के पाठ्यक्रमों पर वैकल्पिक पाठ्यक्रम पेश किये गये।

2020 में प्रबंध शिक्षा : मुद्दे, चुनौतियाँ, और अवसर विषय पर 8वाँ एआईएमएस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन संयुक्त रूप से 1-4 जनवरी, 2011 को संस्थान और भारतीय प्रबंध अध्येता अंतर्राष्ट्रीय संघ द्वारा आयोजित किया गया ।

मैकमिलन इन्डिया द्वारा मार्च 2011 में *नरचरिंग इन्स्टिट्युशनल एक्सेलन्स : इन्डियन इन्स्टिट्युट ऑफ मैनेजमेंट, अहमदाबाद* पुस्तक का प्रकाशन संस्था निर्माण के अनुभवों का दस्तावेज बनाने के प्रयास में जारी किया गया। इस कार्य में विशेष रूप से 1993 के बाद से संस्थान के तथा स्वर्ण जयंती समारोह के हिस्से के रूप में संस्थागत विकास प्रक्रिया विषयक कागजातों को प्रकाशित किया गया।

अनुशासनिक क्षेत्र

संस्थान में आठ अनुशासनिक क्षेत्र हैं : व्यापार नीति, संचार, अर्थशास्त्र, वित्त एवं लेखा, विपणन, संगठनात्मक व्यवहार, कार्मिक व औद्योगिक संबंध तथा उत्पादन एवं मात्रात्मक तरीके।

1. व्यापार नीति

पाठ्यक्रम

पीजीपी

- सामरिक प्रबंध (अनिवार्य)
- व्यवसाय तथा व्यवसाय कराधान के कानूनी पहलू (अनिवार्य)

ऐच्छिक

- व्यापार, सरकार और कानून
- व्यावसायिक बौद्धिक संपदा
- रणनीति का अर्थशास्त्र
- परिवार व्यवसाय गतिशीलता
- अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार विवाद समाधान
- ज्ञान प्रबंधन
- नेतृत्व, संकल्पना, अर्थ, एवं यथार्थ (दो बार)
- अवसंरचना में विधिक नियामक मुद्दे
- विलयन, अधिग्रहण, और कॉर्पोरेट पुनर्गठन
- रणनीतियाँ और भविष्य

पीजीपीएक्स

- कैपस्टोन प्रोत्साहन
- प्रतिस्पर्धा नीति
- पारिवारिक व्यवसाय गतिशीलता
- अन्तर्राष्ट्रीय व्यवसाय
- कानून, रणनीति और व्यवसाय
- नेतृत्व, मूल्य और आचार शास्त्र
- सीख जो पढ़ाई नही गई
- नई छोटी कंपनियों का प्रबंधन
- विलय और अधीग्रहण
- महाप्रबंधक की भूमिका
- कॉर्पोरेट प्रगति के लिए रणनीतियाँ
- मूल्य-सृजन और कॉर्पोरेट पुनर्निर्माण

एफपीएम

- कार्यवाही अनुसंधान प्रणालियों पर उच्च स्तरीय संगोष्ठी
- रणनीति का अर्थशास्त्र
- अन्तर्राष्ट्रीय रणनीति प्रबंध
- ज्ञान प्रबंध
- रणनीति प्रबंध - I
- रणनीति प्रबंध - II
- रणनीति और नवाचार

एफडीपी

- रणनीति निर्माण और कार्यान्वयन
- विधिक पर्यावरण
- अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय

प्रबंध विकास कार्यक्रम

- अधिकार, संगठन, रणनीतियाँ और संपर्क की राजनीति

- कैपस्टोन अनुकार
- अनुबंध प्रबंध
- 21वीं सदी के लिए संगठनात्मक नेतृत्त्व
- बौद्धिक पूँजी और संगठनात्मक ज्ञान का रणनीतिगत प्रबंध

अन्य

27 से 31 मार्च तक ईसेक, पेरिस के ईडीपी प्रतिभागियों के लिए अपने अंतर्राष्ट्रीय मोड्यूल के एक भाग के रूप में एक पाँच दिवसीय मोड्यूल का आयोजन किया गया । इस वर्ष पूरा मोड्यूल संस्थान में प्रोफेसर एस मणिकुट्टी द्वारा समन्वित किया गया ।

अनुसंधान

उद्योग के विभिन्न क्षेत्रों में संगठनों पर मामले विकसित करना एक चलती रहने वाली गतिविधि है। सदस्यों के अनुसंधान हित में सांस्कृतिक अधिगम, बौद्धिक संपदा अधिकारों से संबंधित सामरिक मुद्दे, वैश्विकीकरण, बाजार व विश्व बाजार, और क्षमता विकास शामिल हैं। संकायों के द्वारा उनकी रुचि के क्षेत्रों में अनुसंधान गतिविधियाँ भी जारी रही।

पुरस्कार

भारत में प्रबंध, प्रशिक्षण व विकास पर प्रकाशित श्रेष्ठ मूल पुस्तक के लिए आईएसटीडी पुरस्कार प्रोफेसर एस मणिकुट्टी की पुस्तक (सहलिखित- संपत पी सिंह) *"दी एसेन्स ऑफ लीडरशिप : एक्सप्लोरेशन्स फ्रोम लिटरेचर"* को मिला। यह पुरस्कार *प्रशिक्षण एवं विकास के लिए भारतीय मंडल द्वारा (आईएसटीडी)* 2010 के लिए दिया गया।

2. संचार

पाठ्यक्रम

पीजीपी और पीजीपी-एबीएम

- लिखित विश्लेषण और संचार I (अनिवार्य)
- लिखित विश्लेषण और संचार II (अनिवार्य)
- व्यवसाय संचार वार्तालाप (अनिवार्य)
- प्रबंधकीय संचार (वैकल्पिक)
- संगठनात्मक संचार (वैकल्पिक)
- फ्रेन्च व्यवसाय (वैकल्पिक)
- चीनी व्यवसाय (वैकल्पिक)
- जर्मन व्यवसाय (वैकल्पिक)

पीजीपीएक्स

- प्रबंध संचार
- निर्माण एवं कॉर्पोरेट प्रतिष्ठा प्रबंधन
- प्रेरक प्रबंधक

एफपीएम

- लिखित विश्लेषण और संचार I (अनिवार्य)
- लिखित विश्लेषण और संचार II (अनिवार्य)
- प्रबंध शिक्षकों के लिए संचार

एफडीपी

- प्रबंध शिक्षकों के लिए अकादमिक लेखन
- प्रबंध शिक्षकों के लिए संचार

प्रबंध विकास कार्यक्रम

- प्रभावशाली संचार रणनीति
- जीतने की कगार : नेतृत्वकर्ताओं के लिए संचार रणनीतियाँ

3. अर्थशास्त्र

अर्थशास्त्र के क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों में निम्नलिखित अनिवार्य पाठ्यक्रम चलाए गए :

पाठ्यक्रम

पीजीपी (अनिवार्य)

- आर्थिक परिवेश व नीति
- बृहत अर्थशास्त्र व नीति
- सूक्ष्म अर्थशास्त्र

पीजीपी-एक्स

- फर्म और बाजार
- अंतर्राष्ट्रीय अर्थशास्त्र और राजनैतिक परिवेश
- मुक्त अर्थव्यवस्था, बृहत अर्थशास्त्र

एफपीएम

- उन्नत बृहत अर्थशास्त्र
- उन्नत सूक्ष्म अर्थशास्त्र
- अर्थमापी विश्लेषण

एफडीपी

- आर्थिक मॉड्यूल

ऐच्छिक

पीजीपी -।।

- संगठन का अर्थशास्त्र
- रणनीति का अर्थशास्त्र
- खेल सिद्धांत एवं उन्हें लागू करना
- अंतर्राष्ट्रीय व्यापार एवं निवेश
- विकासशील देशों में श्रम बाजार

एफपीएम

- आर्थिक विकास और प्रगति

4. वित्त एवं लेखा

पाठ्यक्रम

पीजीपी (प्रथम वर्ष)

- कॉर्पोरेट वित्त
- लागत एवं नियंत्रण संबंधी प्रणाली
- वित्तीय बाजार
- वित्तीय रिपोर्टिंग एवं विश्लेषण

पीजीपी (द्वितीय वर्ष)

- सम्पत्ति समर्थित प्रतिभूतिकरण
- गणनात्मक वित्त
- स्थाई आय प्रतिभूतियाँ - सी
- स्थाई आय प्रतिभूतियाँ - आर
- भविष्य, विकल्प व जोखिम प्रबंध
- वित्तीय संस्थाओं का प्रबंध
- बीमा व्यवसाय का प्रबंध
- विलय, अधिग्रहण, एवं कॉर्पोरेट पुनर्गठन
- आधुनिक निवेश व पोर्टफोलियो प्रबंध
- प्रतिभूति विनियमन
- कॉर्पोरेट वित्त पर सम्मेलन पाठ्यक्रम
- वित्त में प्रसंभाव्य गणना
- रणनीतिगत वित्तीय प्रबंध
- उद्यम पूंजी एवं निजी इक्विटी

एफपीएम

- गणितीय वित्त
- लेखांकन शोध संबंधी संगोष्ठी पाठ्यक्रम
- कॉर्पोरेट वित्त पर संगोष्ठी पाठ्यक्रम
- वित्त का सिद्धान्त I
- वित्त का सिद्धान्त II

पीजीपीएक्स

- लेखांकन-नीति विकल्प और वित्तीय विवरण
- कम्प्यूटेशनल वित्त (वैकल्पिक)
- कॉर्पोरेट वित्त

- वित्तीय कार्य का प्रभावशाली प्रबंध (वैकल्पिक)
- वित्तीय बाजार
- वित्तीय रिपोर्टिंग व विश्लेषण
- वित्तीय विवरण विश्लेषण (वैकल्पिक)
- प्रबंध - नियंत्रण प्रणालियाँ (वैकल्पिक)
- वित्तीय संस्थानों का प्रबंध
- विलय, अधिग्रहण और कॉर्पोरेट पुनर्गठन
- रणनीतिगत लागत प्रबंध
- संगठनात्मक प्रदर्शन की समझ
- कॉर्पोरेट पुनर्गठन के माध्यम से मूल्य सृजन
- उद्यम पूंजी एवं निजी इक्विटी (वैकल्पिक)

एफडीपी

- लेखा
- वित्तीय प्रबंध

प्रबंध विकास कार्यक्रम

- उन्नत कॉर्पोरेट वित्त
- विलय, अधिग्रहण, और पुनर्गठन
- रणनीतिगत लागत प्रबंध

अनुसंधान

इस वर्ष इस क्षेत्र के द्वारा काफी संख्या में अनुसंधान परियोजनाएँ शुरू की गई।

5. विपणन

वर्ष 2010-11 में विपणन क्षेत्र ने शिक्षण, अनुसंधान, परामर्श गतिविधियों, और अकादमिक प्रशासन की दिशा में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। अग्रणी व्यवसायियों द्वारा अनुभव बाँट कर इस क्षेत्र के पाठ्यक्रमों और कार्यक्रमों को बढ़ावा दिया गया। उद्योग से कुल 18 वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारियों ने क्षेत्र द्वारा पेश हुए विभिन्न पाठ्यक्रमों में अपने अनुभव बाँटे।

आमंत्रित/अतिथि वक्ताओं द्वारा विपणन में वर्तमान विकास के योगदान के बारे में चार संगोष्ठियाँ आयोजित की गई। खुदरा बिक्री, संवर्धन, वैश्विक विपणन प्रबंध, विपणन रणनीति, और पढ़ाई की मामला विधि जैसे विविध विपणन विषयों में अनुसंधान गतिविधियों के विस्तार पर ध्यान केन्द्रित किया गया।

पाठ्यक्रम

इस क्षेत्र ने एफपीएम, पीजीपी, और पीजीपीएक्स के छात्रों के लिए अनिवार्य और वैकल्पिक पाठ्यक्रमों की पेशकश की है।

प्रबंध विकास कार्यक्रम

इस वर्ष के दौरान इस क्षेत्र ने निम्नलिखित प्रबंध विकास कार्यक्रम चलाए :

- विपणन निर्णयों के लिए उच्चस्तरीय आंकड़ा विश्लेषण
- ग्राहक-आधारित व्यापार रणनीति
- विक्रय बल के कार्य निष्पादन को बढ़ाना
- खुदरा व्यापार का प्रबंध
- लाभ के लिए मूल्य निर्धारण
- संगठनात्मक प्रदर्शन की खोज

इस क्षेत्र के संकाय ने डिजाइन करके इजिप्त, दुबई, मलेशिया, और फ्रांस में भी कार्यक्रम चलाए/कार्यक्रमों में हिस्सा लिया।

उभरती अर्थव्यवस्थाओं में विपणन पर चौथा आईआईएम-ए सम्मेलन

उभरती अर्थव्यवस्थाओं में विपणन पर चौथा आईआईएम-ए सम्मेलन 5 से 7 जनवरी, 2011 तक आयोजित किया गया। द्विवार्षिक रूप से पेश किये गये इस सम्मेलन में 270 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें से अधिकांश विदेश से आये हुए थे।

इस वर्ष के सम्मेलन में 441 सार प्रस्तुत किये गये और दो बार सूक्ष्म समीक्षा प्रक्रिया के बाद 100 से अधिक पेपरों को प्रस्तुति के लिए स्वीकृति मिली ।

अनुसंधान

इस क्षेत्र के सदस्यों ने विभिन्न विषयों पर अनुसंधान किए। उन्होंने राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं/पुस्तकों और प्रस्तुतियों में 20 प्रकाशित पत्रों के माध्यम से इन अनुसंधानों के लिए अपने निष्कर्ष बाँटे और सम्मेलनों व कार्यशालाओं में प्रस्तुतियों को आमंत्रित किया। अनुसंधान में जिन विषयों पर ध्यान केन्द्रित किया गया, वे हैं उपभोक्ता व्यवहार, ब्रांडिंग, विज्ञापन, बिक्री-समर्थन, खुदरा बिक्री, सूचना उत्पाद और सेवाएँ, पिरामिड का तल तथा सेवा-केन्द्रित रणनीति।

केस-पद्धति, विपणन में एक महत्वपूर्ण सीखने की पद्धति बनी हुई है। इस वर्ष के दौरान, छह केस पत्रिकाओं/पुस्तकों में प्रकाशित किए गए। अठारह केस-अध्ययन और शिक्षण तथा उत्पाद-बाजार की स्थितियों एवं संगठनों के एक व्यापक प्रतिबिम्ब को आवृत्त करने वाले तकनीकी नोट पूर्ण किए गए एवं कई ऐसे थे, जो वर्ष के दौरान शुरू किए गए। ये मामले थे - एमआईएस की डिजाइन, अनुभवात्मक विपणन, ग्रामीण वितरण, ऑनलाइन उत्पाद, एफएमसीजी उत्पाद, बैंकिंग सेवाएँ, संगठन पुनर्गठन और ग्राहक सेवा।

6. संगठनात्मक व्यवहार

पाठ्यक्रम

पीजीपी

- उद्यमी व्यक्तित्व का विकास (वैकल्पिक)
- भूमिका व पहचान की तलाश (वैकल्पिक)
- उद्यमी प्रेरणा में प्रयोगशाला (वैकल्पिक)
- कार्यस्थल भिन्नता प्रबंधन (वैकल्पिक)
- प्रतिभा प्रबंध (वैकल्पिक)

पीजीपीएक्स

- समूह उत्कृष्टता प्राप्ति (वैकल्पिक)
- संगठन व्यवहार
- उन्मुखीकरण कार्यक्रम
- नेतृत्व कौशल पर कार्यशाला

एफपीएम 1

- बृहत् संगठन व्यवहार (ओबी)
- सूक्ष्म संगठन व्यवहार (ओबी)

एफपीएम 2

- उन्नत सूक्ष्म संगठन व्यवहार (ओबी)
- संगठन व्यवहार में उन्नत अनुसंधान तरीके
- अनुप्रयुक्त व्यवहार विज्ञान 1
- अनुप्रयुक्त व्यवहार विज्ञान 2
- संगठनात्मक सिद्धांत और उसका सामाजिक संदर्भ

एफडीपी

- संगठनात्मक व्यवहार को समझना

7. कार्मिक एवं औद्योगिक संबंध

पाठ्यक्रम

पीजीपी/पीजीपी-एबीएम के लिए *कार्मिक क्षमता और सामर्थ्य निर्माण प्रणालियाँ* जैसे प्रथम वर्ष के पाठ्यक्रम के अतिरिक्त, निम्नलिखित वैकल्पिक पाठ्यक्रम चलाए गए :

- क्षमताओं का विश्लेषण व निर्माण (पीजीपी-एबीएम)
- समझौता-वार्ता का प्रबंध (पीजीपी)
- सामरिक मानव संसाधन प्रबंध (पीजीपी)

सामरिक मानव संसाधन प्रबंध, पीजीपीएक्स प्रतिभागियों के लिए चलाया गया।

एफडीपी

एफडीपी प्रतिभागियों के लिए *मानव संसाधन प्रबंध* पाठ्यक्रम पेश किया गया ।

प्रबंध विकास कार्यक्रम

इस क्षेत्र ने इस वर्ष के दौरान निम्नलिखित प्रबंध विकास कार्यक्रम चलाए :

- उन्नत मानव संसाधन प्रबंध
- वार्ता एवं कौशल क्लिनिक
- समूह व्यवहार प्रबंध
- नेतृत्व क्षेत्र में शीतल कौशल क्लिनिक

अनुसंधान

केस-लेखन, शिक्षण-सामग्री विकास और अपनी अभिरूचि के क्षेत्रों के अनुसंधान में क्षेत्र सदस्य अपना योगदान देते रहे हैं। संस्थान में तथा संस्थान से बाहर अनुसंधानकर्ताओं के साथ वे अंतः अनुशासनिक अनुसंधान में सहयोग करने में भी संलग्न रहे हैं। संस्थान में इस वर्ष के दौरान कुछ केस, लेखकों / सह-लेखकों द्वारा पंजीकृत किए गए। सदस्यों द्वारा लिखित एवं सह-लिखित आलेख, राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में प्रस्तुत किए गए तथा समकक्ष व्यक्तियों द्वारा पुनरावलोकित पत्रिकाओं में प्रकाशित किए गए।

8. उत्पादन व मात्रात्मक तरीके

पाठ्यक्रम

पीजीपी - I

- निर्णय निर्माण I और II
- परिचालन प्रबंध I और II
- संभावना एवं सांख्यिकी I, II और III

पीजीपी - II

- डेटा विश्लेषण की उन्नत पद्धतियाँ
- रसद प्रबंध
- परिचालन रणनीति
- राजस्व प्रबंध एवं गतिशील मूल्य निर्धारण
- डेटा विश्लेषण में सांख्यिकीय पद्धतियाँ

पीजीपीएक्स

- डेटा विश्लेषण
- माँग-पूर्ति के लिए परिचालनों की डिजाइनिंग
- निर्णय के लिए मॉडलिंग
- गुणवत्ता प्रबंध
- राजस्व प्रबंध व गतिशील मूल्य निर्धारण

- सेवा स्तरों की स्थापना एवं वितरित करना
- आपूर्ति श्रृंखला एवं रसद प्रबंध

एफपीएम

- प्रबंधन में उन्नत संभाव्यता
- अनुप्रयुक्त बहुभिन्नरूपी विश्लेषण
- परिचालन अनुसंधान I और II
- परिचालन प्रबंध I और II पर संगोष्ठी
- प्रसंभाव्य प्रक्रियाएँ
- प्रणाली विश्लेषण और अनुकरण

अनुसंधान

प्रौद्योगिकी प्रबंध, प्रौद्योगिकी आधारित नवप्रवर्तन, विनिर्माण, निर्णय समर्थन प्रणाली, रसद, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंध, राजस्व प्रबंध, अनुकूलन, नेटवर्क अनुकूलन एवं बहु-अनुमानी, नेटवर्क विश्वसनीयता, वित्त में सांख्यिकीय मॉडलिंग, और सांख्यिकीय निष्कर्ष, आदि ऐसे क्षेत्र हैं जिनमें क्षेत्र के संकाय-सदस्यों ने प्रकाशनों के जरिए अपना योगदान दिया है।

प्रबंध विकास कार्यक्रम

इस क्षेत्र ने इस वर्ष के दौरान निम्नलिखित कार्यक्रम चलाए :

- उन्नत विश्लेषिकी
- उन्नत गुणवत्ता प्रबंध
- रसद समाधान प्रदान
- परियोजना प्रबंध
- मात्रात्मक आँकड़ा विश्लेषिकी और व्यवसाय में उसके अनुप्रयोग
- राजस्व प्रबंध व गतिशील मूल्य निर्धारण
- जोखिम : मॉडलिंग और प्रबंध
- आपूर्ति श्रृंखला प्रबंध

पूर्वछात्र केन्द्र गतिविधियाँ

पूर्वछात्र संस्थान की प्रमुख सम्पत्तियों में से एक हैं। लगभग 35,000 सदस्यों की सक्रिय सदस्यता के साथ, इस संस्थान के पास पूर्वछात्रों का एक बड़ा नेटवर्क है। पूर्वछात्र केन्द्र की भूमिका यह है कि वह संस्थान में हो रही घटनाओं व गतिविधियों की जानकारी, साथ ही, पूर्वछात्र सदस्यों एवं आईआईएम-ए समुदाय की उपलब्धियों, समाचारों तथा घटनाओं की जानकारी सदस्यों को प्रदान करके, इस नेटवर्क को सक्रिय रखता है। यह केन्द्र, *आईआईएम-ए अल्युम्नस* नामक पत्रिका का प्रकाशन वर्ष में तीन बार करता है, जिसे पूर्वछात्र संघ के सभी सक्रिय सदस्यों को डाक द्वारा भेजी जाती है। यह केन्द्र एक विशेष वेबसाइट iimaalumni.org का रखरखाव पूर्वछात्रों के लिए करता है। इसके अतिरिक्त, यह केंद्र, रजत जयंती बैच, अर्थात 25 वर्ष पूर्व स्नातक हुए बैच का वार्षिक पुनर्मिलन आयोजित करता है। यह केन्द्र, विभिन्न पूर्वछात्रों के अध्यायों को उनके कार्यकलाप के लिए प्रोत्साहित भी करता है। पूर्वछात्र केन्द्र स्मारिका वस्तुओं का विक्रय करता है और सक्रिय रूप से संस्थान के लिए निधि जुटाने संबंधी गतिविधियों में संलग्न है।

नई सदस्यता

प्रति वर्ष विभिन्न कार्यक्रमों के प्रतिभागी इसकी सदस्यता से जुड़ते हैं। 2010-11 के दौरान, सदस्यता-अंशदान में, पिछले वर्ष की तुलना में (30.48 लाख रूपए) लगभग 24.05 प्रतिशत (37.81 लाख रुपए) की वृद्धि हुई।

आईआईएम-ए अल्युम्नस

आईआईएम-ए अल्युम्नस, पूर्वछात्र-सदस्यों के साथ संपर्क बनाए रखने का प्रमुख माध्यम है। इसमें अल्युम्नी-सदस्यों के अनुभवों पर आधारित उनके लेख प्रकाशित होते रहते हैं। विज्ञापनों से प्राप्त राजस्व इसे पत्रिका से बाहर लाने की लागत में शामिल है। यह राजस्व वेबसाइट पर दिए गए नौकरी के विज्ञापनों और वेब विज्ञापन अभियान से जुटाया जाता है। 2010-11 के दौरान, *अल्युम्नस* से प्राप्त होने वाले विज्ञापन-राजस्व में 3.56 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो पिछले वर्ष के 7.31 लाख रुपए की तुलना में 7.57 लाख रुपए रही।

रजत जयंती पुनर्मिलन

इस केंद्र की प्रमुख गतिविधियों में से एक है - उन छात्रों के लिए रजत जयंती पुनर्मिलन आयोजित करना, जिन्होंने लंबी अवधि के कार्यक्रमों में 25 वर्ष पूर्व भाग लिया था। प्रत्येक वर्ष दिसंबर माह में इसका आयोजन होता है। इस वर्ष के लिए रजत जयंती पुनर्मिलन 23-24 दिसंबर, 2010 को 1986 के स्नातक-बैच (1984-1986) के लिए प्रतिवेदन के अंतर्गत आयोजित किया गया। लगभग 86 पूर्वछात्रों ने सपरिवार इस पुनर्मिलन में भाग लिया। इस अवसर पर हँसी-मजाक, मनोरंजन, मैत्री का नवीनीकरण भरपूर था। इस पुनर्मिलन के दौरान, उन 13 संकाय-सदस्यों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने 1986 बैच को पढ़ाया था।

गणमान्य पूर्वछात्र

दिवान अरुण नन्दा

स्व. सी. के. प्रहलाद

मदनमोहन मोहन्का

जोह्न सी. केमिलस

किरन कर्णिक

मार्टी जी. सुब्रह्मणियम

अजीत राँगणेकर

ओ. पी. नारंग

के. वी. कामथ

किशोर ए. चौकर

वी. कस्तूरी "काश" रंगन

पी. एम. तेलंग

एस. रामाकृष्णन

एस. बी. दांगायच

बेहेरूझ एन. सेठना

जयतीर्थ राव

किरीट एन. रावल

अरुन दुग्गल

मल्लिका वी. साराभाई

चन्द्रिका के. टंडन

एम. एस. बंगा

अशोक एलैकजैन्डर

भास्कर भट्ट

हरबीर सिंह

पी. डी. राय

श्रीकान्त दातार

अंजनी जैन

भूषण पुनानी

के. राघवेन्द्र राव

विजय महाजन

समीर के. बरुआ

संजीव बिखचन्दानी

शेखर चौधरी

शिखा शर्मा

अजय बंगा

संजीव चड्ढा

विनायक चैटर्जी

जगमोहन एस. राजु

मंजु पूरी

नीरज स्वरूप

सनी जी. वर्गीस

सलिल शेट्टी

देवी सिंह

हर्ष भोगले

प्रदीप चिन्तगुन्त

रूपा कुडवा

सुनिल गुप्ता

रघुराम राजन

दीप कालरा

एम. पी. वसिमलाई

नरेन्द्र मुरकुम्बी

सुनिल हान्डा

संस्थान को बड़ा योगदान ।

रजत-जयंती पुनर्मिलन के अतिरिक्त, 25 और 26 दिसम्बर, 2010 के दौरान संस्थान के स्वर्ण जयंती समारोह के हिस्से के रूप में एक भव्य पूर्वछात्र मिलन आयोजित किया गया । विभिन्न बैचों - 1989-91 (20 वर्ष), 1993-95 (15 वर्ष) के पुनर्मिलन संस्थान में 27 दिसम्बर, 2010, और 31 दिसम्बर, 2010 से 2 जनवरी, 2011 के दौरान क्रमशः आयोजित किये गये ।

निधि जुटाने की गतिविधियाँ

संस्थान का लक्ष्य अपने विकास और ध्येय को प्राप्त करने के लिए पूर्वछात्रों तथा अन्यों से 250 करोड़ रुपए की धनराशि जुटाना है। बहुत ही महत्वपूर्ण अंशदानों में सम्मिलित वचन बद्धताएँ ये हैं - पीजीपी 1984 बैच से 3 करोड़ रूपए (50 लाख का भुगतान हो गया), पीजीपी 1989 बैच से 2.3 करोड़ रूपए (1.7 करोड़ का भुगतान हो गया), पीजीपी 1986 बैच से 1.05 करोड़ रूपए (1.02 करोड़ का भुगतान हो गया), कनक सिरपाल द्वारा सजीव सिरपाल छात्रवृत्ति के लिए 80 लाख रूपए (82 लाख रुपए का भुगतान हो गया), पीजीपी 1990 बैच से 2 करोड़ रूपए (46 लाख रुपए का भुगतान हो गया), रमेश मंगलेश्वरन (पीजीपी 1993 बैच) से 50 लाख रुपए (20 लाख रुपए का भुगतान हो गया)। इस केन्द्र द्वारा मार्च 2010 सें एक वार्षिक उपहार-प्रदान कार्यक्रम शुरू किया गया, जिसमें पूर्वछात्र अपनी पसंद से वार्षिक आधार पर 5,000 रूपए से प्रारंभ कर कितनी भी राशि का अंशदान, संस्थान की वैबसाइट पर भुगतान के जरिए कर सकते हैं। प्राप्त राशि, व्यापक रूप से जरुरत मंद छात्रों के समर्थन, संकाय के अनुसंधान व मामला अध्ययन-समर्थन, एवं बुनियादी सुविधाओं के समर्थन के लिए उपयोग में लिए जायेंगे।

स्मारिका वस्तुएँ

पूर्वछात्र केंद्र, टी-शर्टों, रेशमी टाइयों, वॉल हैंगिंग्स, पीतल की प्लेटों, सुंदर रचनायुक्त कॉफी मगों, आदि स्मारिका वस्तुओं का विपणन करता है। विभिन्न कार्यक्रमों के प्रतिभागी और पूर्वछात्र सदस्य, इन वस्तुओं के रूप में इस संस्थान की यादें अपने साथ ले जाते हैं। वर्ष 2010-11 के दौरान इस गतिविधि से 2.21 लाख रूपए राजस्व प्राप्त हुआ।

अध्याय गतिविधियाँ

चैन्नई, बैंगलुरू, दिल्ली, हैदराबाद, मुम्बई, लंदन, न्यूयॉर्क, सिंगापुर आदि सभाओं में इस वर्ष के दौरान विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गई ।

स्वर्ण जयंती समारोह

संस्थान ने 11 दिसम्बर, 2010 के दिन अपनी यात्रा के 50वें वर्ष में प्रवेश किया। छात्रों द्वारा आयोजित एक वर्षीय रिकॉर्ड ब्रेक लंबे उत्सव के डोमिनोज़ शॉ (मुखौटा प्रदर्शन) के साथ स्वर्ण जयंती का आरंभ हुआ।

संस्थान के स्वर्ण जयंती समारोह के एक प्रतीक चिह्न के लिए एक स्पर्धा का आयोजन किया गया । चयनित प्रविष्टियाँ एनआईडी के वृत्तिकों से अनुरूप करवाईं गई और प्रेस की बैठक में जारी की गई ।

सेवानिवृत्त संकाय सदस्यों, बोर्ड के सदस्य व स्टॉफ, जिन्होंने प्रबंधन शिक्षा में एक नायक संस्थान के रूप में आईआईएम-ए को महत्त्वपूर्ण रूप से निर्माण करने में लंबे समय के लिए योगदान दिया एवं सेवा दी उन सबको इस दिन पर सम्मानित किया गया। उनमें से कई लोग इस अवसर पर सपरिवार आए और संस्थान के साथ सहयोग के लिए अपने विचारों को साझा किया। इसके उद्घाटन समारोह में श्रीमती मृणालिनी साराभाई मुख्य अतिथि रही ।

आईआईएम-ए पर बनी एक दस्तावेजी फिल्म इस अवसर पर दिखाई गई ।

स्वर्ण जयंती समारोह के हिस्से के रूप में पहले से ही चार अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किये गये ।

25-26 दिसम्बर, 2010 के दौरान, सभी बैचों के प्रतिभागियों के पुनर्मिलन का आयोजन हुआ, जिसमें वर्तमान में स्नातक हुए छात्रों के साथ कई वरिष्ठ पूर्वछात्रों को परिसर में लौटते देखा गया।



एक पुस्तक कई स्मरणीय दृश्यों के साथ आईआईएम-ए में विभिन्न क्षणों को प्रतिबिंबित करते हुए प्रकाशित की गई । एक अन्य पुस्तक *'नेचरल वर्ल्ड एट आईआईएम-ए'* में आईआईएम-ए के परिसर की हरियाली और जीव-जंतुओं की सुंदर तस्वीरों को दर्शाया गया है।

आईआईएम-ए के संकाय द्वारा प्रबंधन पुस्तकों की एक लोकप्रिय श्रृंखला के प्रकाशन को रैण्डम हाउस इन्डिया द्वारा 11 दिसम्बर, 2010 को जारी किया गया।

स्वर्ण जयंती समारोह

वैश्विक भागीदारी और कॉर्पोरेट मामले

रैंकिंग सर्वेक्षण

इस वर्ष के दौरान संस्थान ने 16 व्यावसायिक-स्कूलों के सर्वेक्षणों (राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय) में भाग लिया। सभी प्रमुख एवं प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सर्वेक्षणों में संस्थान ने अपना शीर्ष स्थान बनाए रखा।

प्रबंध में एफटी *(फाइनान्सियल टाइम्स)* विशेषज्ञ रैंकिंग 2010

प्रबंध में वैश्विक फाइनान्सियल टाइम्स विशेषज्ञ रैंकिंग 2010 में रैंकिंग के लिए समीक्षित 71 कार्यक्रमों में अपना संस्थान आठवें रैंक पर रहा। प्रबंध शिक्षा में वैश्विक नक्शे पर एक भारतीय संस्थान छा जाए, ऐसा पहली बार हुआ है, जिसमें शीर्ष 10 स्थानों में भारतीय प्रबंध संस्थान, अहमदाबाद को स्थान मिला है।

एफटी वैश्विक एमबीए रैंकिंग 2011

हमारा संस्थान *फाइनान्सियल टाइम्स वैश्विक एमबीए रैंकिंग 2011* में व्यावसायिक-स्कूलों के शीर्ष 100 की सूची में ग्यारहवें रैंक पर आया है। अपने एकवर्षीय कार्यकारी अधिकारियों के लिए स्नातकोत्तर प्रबंध कार्यक्रम (पीजीपीएक्स) के कारण एक बार फिर संस्थान का स्थान एफटी रैंकिंग में आया है। एफटी की कैरियर प्रगति रैंकिंग के लिए पीजीपीएक्स को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

एफटी लेखापरीक्षा 2011

अपने वैश्विक एमबीए रैंकिंग 2011 में सहभागिता के लिए एफटी लेखापरीक्षा प्रक्रिया की आवश्यकता के सफल समापन को प्रथम बार संस्थान ने सुगम बनाया।

अर्थशास्त्री रैंकिंग 2010

यह संस्थान *अर्थशास्त्री* पूर्णकालिक एमबीए कार्यक्रम रैंकिंग 2010 में स्थान प्राप्त करने वाला एकमात्र भारतीय व्यावसायिक-स्कूल है।

रैंकिंग के लिए 'खुले नये रोजगार अवसर' कसौटी में शीर्ष दस व्यावसायिक-स्कूलों की सूची में संस्थान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। एशिया एवं ऑस्ट्रेलिया क्षेत्रीय रैंकिंग में संस्थान को बारहवाँ स्थान प्राप्त हुआ है तथा अर्थशास्त्री *पूर्णकालिक एमबीए कार्यक्रम रैंकिंग 2010* में वैश्विक रूप से 85वाँ स्थान प्राप्त हुआ है।

वैश्विक भागीदारी

इस संस्थान ने अंतर्राष्ट्रीय छात्र विनिमय (पीजीपी), और अंतर्राष्ट्रीय निमग्नता कार्यक्रम (पीजीपीएक्स) के लिए एक दोहरी डिग्री समझौता सहित सहमति ज्ञापन (एमओयू) हस्ताक्षर करके विदेशों में निम्नलिखित 11 प्रतिष्ठित व्यावसायिक-स्कूलों/विश्वविद्यालयों के साथ भागीदारी की शुरुआत की है।

- हाँगकाँग चीनी विश्वविद्यालय (चीन)
- ईसेक बिज़नेस स्कूल, फ्रान्स-सिंगापुर (संशोधित)
- फूदान विश्वविद्यालय (चीन)
- एचईसी प्रबंध स्कूल (पेरिस) (दोहरी डिग्री कार्यक्रम)
- नोर्थ कॅरोलिना स्टेट युनिवर्सिटी, रॉली (यूएसए)
- मुन्स्टर बिज़नेस एंड इकोनोमिक्स स्कूल, (जर्मनी)
- ओहियो स्टेट युनिवर्सिटी, ओहियो (यूएसए)
- मेलबोर्न विश्वविद्यालय (ऑस्ट्रेलिया)
- वर्जिनिया युनिवर्सिटी, शेर्लोट्सविल (यूएसए)
- उनिवेर्सिदाद दे लोस आन्देस मैनेजमेंट स्कूल, बोगोता (कॉलम्बिया)
- वारविक बिज़नेस स्कूल (यूके)

विदेशी संस्थानों के साथ संलग्नता

इस वर्ष के दौरान विदेशी संस्थानों / अंतर्राष्ट्रीय एजेन्सियों से 25 उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडलों के साथ अकादमिक सहयोग के लिए सार्थक वार्तालापों में संस्थान संलग्न रहा है।

कुछ महत्त्वपूर्ण प्रतिनिधिमंडल इस प्रकार थे :

- अधना हेल, राज्य शिक्षा मंत्री, इथियोपिया
- बर्नार्द रामानान्त्सोआ, डीन, जओं-पोल लारकों, वरिष्ठ एसोसिएट डीन, एचईसी प्रबंध स्कूल, पेरिस
- बेर्न्ड फोर्स्टर, डिप्टी कोन्स्यूल जनरल, जर्मन कोन्स्युलेट
- डेबी तान, अध्यक्ष, ह्युमन कैपिटल डिविज़न, और काई ओन ओ, सेन्टर डिरेक्टर, सिंगापुर अर्थशास्त्री विकास बोर्ड
- मार्क टैलर, डीन, और किंग वोंग, अंतर्राष्ट्रीय रणनीति के लिए एसोसिएट डीन, वारविक बिज़नेस स्कूल, यूके

संस्थान व्याख्यान

संस्थान परिसर में सार्वजनिक भागीदारी को सक्षम बनाने के लिए सार्वजनिक व्याख्यानों का आयोजन करता है। संस्थान व्याख्यान श्रेणी 2010-11 में *हैरिटेज मैनेजमेंट एंड नेशन बिल्डिंग* विषय पर प्रथम व्याख्यान मारवाड़ (जोधपुर) के पूर्व महाराजा श्री गज सिंह द्वितीय ने 20 सितम्बर, 2010 को दिया ।

'21वीं सदी में राष्ट्र निर्माण एवं भारतीय चुनौतियाँ' विषय पर व्याख्यान का आयोजन आईआईएम-ए पूर्वछात्र संघ, अहमदाबाद और संस्थान द्वारा संयुक्त रूप से किया गया । यह व्याख्यान 13 जनवरी, 2011 के दिन राष्ट्रीय ज्ञान आयोग के पूर्वाध्यक्ष एवं सार्वजनिक सूचना अवसंरचना व नवाचार के प्रधानमंत्री के सलाहकार श्री सेम पित्रोड़ा ने दिया था।

अतिथि व्याख्यान

निगमित क्षेत्र, व्यावसायिकों, विदेशी व्यावसायिक-स्कूलों, वरिष्ठ कार्यकारियों के विदेशी नागरिकों, सरकारी अधिकारियों तथा छात्रों के प्रतिनिधियों सहित में कई अतिथि व्याख्यान के लिए संस्थान आये हैं।

मीडिया सम्पर्क

इस वर्ष के दौरान, बड़ी संख्या में प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रोनिक मीडिया के साथ मैत्रीपूर्ण मीडिया संबंध बनाए रखने के प्रयास में संस्थान ने अपनी संलग्नता जारी रखी। कई साक्षात्कार, प्रेस वार्ता, प्रेस सम्मेलन, और प्रेस विज्ञप्ति जारी करने के माध्यम से समर्थन बढ़ाया गया।

परिशिष्ट ठ में विवरण दिया गया है।

सहायता अनुदान

वर्ष 2010-11 के दौरान, इस संस्थान ने गैर-योजना (नियमित) एवं योजना (नियमित) के अंतर्गत, मानव संसाधन विकास मंत्रालय से कोई भी सहायता अनुदान प्राप्त नहीं किया।

वर्ष 2010-11 के दौरान, इस संस्थान को अन्य पिछड़ी जाति प्रसार के लिए भारत सरकार, मानव संसाधन विकास मंत्रालय से 1272 लाख रुपए का अनुदान प्राप्त हुआ।

बुनियादी ढाँचे का विकास

नया परिसर

नए परिसर में 320 कमरों वाले छात्रावास का कार्य शुरु हुआ है। दो छात्रावासों का कार्य समाप्ति पर है। सिमेन्ट की ईंटो को प्रदर्शित करती आधुनिक अवधारणा के साथ पुराने परिसर भवन की स्थापत्य लाक्षणिकताओं का मिश्रण इन छात्रावासो में देखने मिलता है। यहाँ रहने वालों को कार्यशीलता के साथ-साथ आरामदायक रहे इस हेतु का ध्यान रखा गया है।

टॉरेंट पावर उप-स्टेशन

11केवी के टॉरेंट पावर उप-स्टेशन का कार्य समाप्त हो चुका है।

श्रमिक सुविधा भवन

श्रमिकों के लिए श्रमिक सुविधा भवन का काम पूर्ण हो चुका है और उपयोग के लिए सौंप दिया गया है।

पुराना परिसर

रसोईघर भवन का जीर्णोद्धार इस वर्ष किया गया । इसमें शामिल हैं :

- अद्यतन उपकरणों के साथ रसोईघर का नवीनीकरण
- रसोईघर और प्रक्षालन क्षेत्र
- भोजन कक्ष
- आयोजन दायरे के साथ काफे टान्सटाफल के लिए शेड

कार्मिक

वर्ष 2010-11 के दौरान, नौ संकाय सदस्यों और सात स्टाफ सदस्यों ने इस संस्थान में कार्यभार ग्रहण किया। पाँच संकाय सदस्यों ने संस्थान की सेवा से त्यागपत्र दे दिया और तीन संकाय सदस्यों ने संस्थान में अपना कार्यकाल पूर्ण होने पर संस्थान की सेवाएँ छोड़ दी। पाँच संकाय सदस्यों एवं सत्रह स्टाफ सदस्यों ने सेवानिवृत्ति की आयु प्राप्त करने पर सेवानिवृत्ति ली।

सात संकाय सदस्यों को एवं एक स्टाफ सदस्य को अन्यत्र कार्यभार ग्रहण करने के लिए, अनुपस्थिति की छुट्टी दी गई, जबकि चार संकाय सदस्यों ने अनुपस्थिति की छुट्टी समाप्त होने पर, पुनः संस्थान में कार्यभार ग्रहण किया।

परिशिष्ट 'ड' में विवरण दिया गया है।

अधिकारी एवं कर्मचारी विकास गतिविधि

कर्मचारियों के विकास और प्रशिक्षण-नीति पर आधारित, एक द्विमासिक संप्रेषणीय अंग्रेज़ी तथा व्यक्तित्व को संवारने का कार्यक्रम 12 अप्रैल से 11 जून, 2010 के दौरान आयोजित किया गया। विभिन्न विभागों से 20 से भी अधिक कर्मचारियों ने इसमें हिस्सा लिया।

पर्यवेक्षी उत्कृष्टता पर एक तीन-दिवसीय अधिगम कार्यशाला का आयोजन 17-18 एवं 19 मई, 2010 को किया गया, इसमें विभिन्न विभागों से 40 से अधिक कर्मचारियों ने भाग लिया। समाविष्ट किये गये विषयों में से कुछ इस तरह से थे - प्रभावशाली संप्रेषण, प्रभावी समूह कार्य और नेतृत्व, तथा निर्णय-निर्माण गुणवत्ता आदि।

ग्रुप डी के कर्मचारियों और उनके जीवन साथी के लिए जीवन की गुणवत्ता पर, एक तीन-दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 15-16 एवं 17 जून, 2010 को आयोजित किया गया, इसमें आत्मसात व्यायाम एवं कार्यालयों में दिन-प्रतिदिन की व्यवहारिक समस्याओं को शामिल किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में ग्रुप डी के बाईस कर्मचारियों ने अपने जीवन साथी के साथ भाग लिया।

वर्ष के दौरान, अनेक अधिकारियों और कर्मचारियों को, अहमदाबाद मैनेजमेंट ऐसोसिएशन तथा अन्य प्रशिक्षण-संस्थानों द्वारा आयोजित, कौशल उन्नयन तथा साथ ही साथ सामान्य पर्यवेक्षी व प्रबंधकीय कार्य संबंधी कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के लिए प्रायोजित किया गया। विभिन्न पाठ्यक्रमों में कर्मचारियों को प्रायोजित करना संस्थान ने जारी रखा है।

राजभाषा कार्यान्वयन

संस्थान पूर्णतया भारत सरकार की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के लिए प्रतिबद्ध है। संस्थान में, 15 से 30 सितम्बर, 2010 तक हिन्दी निबंध लेखन, हिन्दी कविता पाठ, शब्द-ज्ञान, वाद-विवाद, तथा सुलेखन प्रतियोगिताओं के साथ हिन्दी पखवाड़ा मनाया गया। इनमें 52 से अधिक हिन्दीभाषी और गैर-हिन्दीभाषी कर्मचारियों ने भाग लिया। समापन-दिवस पर, विजेताओं को नगद पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र, डीन प्रोफेसर बी. एच. जाजू तथा राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष द्वारा प्रदान किए गए। विक्रम साराभाई पुस्तकालय में उपलब्ध विभिन्न विषयों की हिन्दी पुस्तकों की एक प्रदर्शनी भी लगाई गई। माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री, माननीय गृहमंत्री तथा कैबिनेट सचिव द्वारा भेजे गए संदेशों की प्रतियाँ सभी नोटिस-बोर्डों पर प्रदर्शित की गई।

वर्ष के दौरान, हिन्दी में टिप्पण व प्रारूपण पर, दो हिन्दी-कार्यशालाएँ आयोजित की गई, इनमें 32 कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। इन कार्यशालाओं में व्याख्यान देने के लिए हिन्दी के प्रसिद्ध वक्ताओं को आमंत्रित किया गया ।

वर्ष के दौरान, राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तीन बैठकें आयोजित की गई । इन बैठकों में, भारत सरकार द्वारा जारी किए गए वार्षिक कार्यक्रम के कार्यान्वयन हेतु 'ख' क्षेत्र के लिए निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने पर जोर दिया गया।

कर्मचारी पुरस्कार/सम्मान

दो संकाय सदस्यों को और आठ कर्मचारियों को, 20 वर्ष की सेवा पूर्ण करने के निमित्त, इस वर्ष के दौरान पुरस्कृत किया गया। शिवप्रसाद आर. कुम्भार, बी. एल. सोलंकी, मगन आर. पटेल, लालजी पी. वाघेला, गौरांग आर. भट्ट, जोह्न बी. डी'सूजा, बी. श्रीकुमार, बाला सुब्रमणियम, ए. एस. नायर, बी. एस. सोलंकी, बी. डी. बारोट, बी. एस. चौहान, बाबूभाई बी. पटेल, हरीश यू. सोनकुसारे और एन. ए. मुंशी आदि को दीर्घ सेवा से सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों हेतु संस्थान द्वारा सुदीर्घ सेवा पुरस्कार प्रदान किया गया।

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अधीन, वर्ष के दौरान सत्तर आवेदन प्राप्त हुए तथा निपटाए गए।

छात्र गतिविधियाँ

शौर्य 2010

शौर्य एक खेल इवैंट है इसमें अहमदाबाद के विभिन्न संस्थान शामिल होते हैं तथा इसकी मेजबानी यह संस्थान करता है। इस वर्ष के दौरान, एनआईडी, एमआईसीए और आईआईएम-ए ने इस ट्रॉफी के लिए प्रतिस्पर्धा की। इसमें 10 प्रकार के खेल थे। अहमदाबाद में खेलों के आयोजन में *शौर्य* की सबसे अधिक माँग है तथा इसे बड़ा सक्षम माना जाता है।

संघर्ष 2011

संघर्ष, अंतर-आईआईएम वार्षिक खेल मिलन है, हर आईआईएम परिसर इस ट्राफी को जीतने का लक्ष्य रखता है। यह टीम-भावना, कड़ी मेहनत, और समर्पण का प्रतीक है जो हमारे छात्रों की समग्र क्षमता को प्रदर्शित करता है। यह सभी आईआईएम के छात्रों के बीच बेहतर संबंध एवं नेट वर्किंग की सुविधा प्रदान करता है। खेल समिति स्पोर्ट्सकोम के नाम से ज्यादा जानी जाती है और सभी खेल घटनाओं, बुनियादी सुविधाओं, और तैयारियों को संभालती है। इस वर्ष के दौरान, इन प्रतियोगिताओं में आईआईएम-ए, आईआईएम-बी, आईआईएम-सी, और आईआईएम-एल ने भाग लिया । इस बार कन्याओं के लिए पाँच इवैंट्स सहित 14 इवैंट्स का आयोजन किया गया। हमारे संस्थान ने पाँच स्वर्ण एवं चार रजत पदक जीते ।

अन्तर्दृष्टि

अन्तर्दृष्टि, भा. प्र. सं. अहमदाबाद का सबसे पुराना उत्सव है। 1986 से यह बढ़कर एक पूर्ण विपणन सम्मेलन का रूप ले चुका है, इसमें कंपनियाँ और छात्र, उपभोक्ता- व्यवहार समझने के लिए एक-दूसरे के नजदीक आते हैं। यह छात्रों को संकल्पना की परख, क्रेता का व्यवहार, कीमत में लचीलापन, संप्रेषण अभियानों की प्रभावशीलता सहित स्थल पर ही बाजार-शोध को डिजाइन करने और उसे संचालित करने के लिए एक अभिनव मंच उपलब्ध कराता है। देश के शीर्ष व्यावसायिक-स्कूलों के छात्र, श्रोताओं से प्रतिक्रिया प्राप्त करते हैं तथा अपने परिणामों के आधार पर कंपनियों को सिफारिशें करते हैं।

2009 से अंतर्दृष्टि के नए रूप ने इसमें विभिन्न घटनाओं को जोड़ा है, इसमें सम्मानित कॉर्पोरेटरों के साथ छात्रों का आपस में विचार-विनिमय होता है। विभिन्न शीर्ष व्यवसायिक स्कूलों के 200 से अधिक छात्रों ने नीलसन द्वारा आयोजित पूर्ण-दिवसीय कार्यशाला में भाग लिया। इससे पहले इस कार्यशाला पर आधारित एक मामला अध्ययन प्रतियोगिता आयोजित की गई । एक राष्ट्रीय बहस का भी आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न आईआईएम और अन्य प्रथम स्तरीय व्यावसायिक-स्कूलों के छात्र उपस्थित रहे । यह आयोजन अंतिम दिन तक समापन के साथ दो दिन तक चला। इस वर्ष इस अंतर्दृष्टि सम्मेलन ने 5000 से अधिक स्थानीय लोगों को आकर्षित किया, जिससे इसकी लोकप्रियता और अधिक बढ़ी है।

कैओस

कैओस, अहमदाबाद का सबसे बड़ा एवं असाधारण इवैंट है, यह सर्वश्रेष्ठ व्यापार में शानदार घटनाओं एवं चौधियाने वाले प्रदर्शन का सम्मिश्रण है।

कैओस 2011, अद्वितीय उत्साह से भरा, मन को प्रफुल्लित करने वाली प्रतियोगिताओं, पेशेवर कलाकारों की कार्यशालाओं, तुरंत तैयार की गई घटनाओं, विस्मय प्रेरणादायक प्रदर्शनों, बड़े सितारों के प्रदर्शन और अन्य आनंद तथा उल्लास से भरी घटनाओं का मिश्रण था। अंतर्राष्ट्रीय एवं भारतीय कलाकारों द्वारा बड़ा ही शानदार प्रदर्शन किया गया, जो इस प्रकार था - लेद सेप्लिका (लेद सेप्लिन का आधिकारिक ट्रिब्यूट बैंड), हाविकोरो (यूएस का डान्स समूह), के के, इशा शरवानी, और जगजीत सिंह, सभी अपनी तरह से अद्‌भुत थे।

एबेकस

संस्थान का यह क्लब व्यवसाय के क्षेत्र में तार्किक विचारों तथा अपनी प्रासंगिकता को बाहर लाने के परिमाण को बढ़ावा देने वाली गतिविधियाँ चलाता है। *एबेकस* द्वारा अधिकतर गतिविधियों से मात्रात्मक पाठ्यक्रमों पर पहेलियाँ, कार्यशालाएँ, अनुकार खेल उपचारात्मक सत्रों के रूप में चलाये गये हैं।

इस वर्ष के इवैंट्स का सरौता, वार्षिक प्रमुख पहेली प्रतियोगिता के साथ प्रारंभ हुआ। यह वेबसाइट पुनर्गठित की गई थी और साप्ताहिक पहेली प्रतियोगिता, सुडोकू और सप्ताह की शतरंज पहेली जैसी ऑनलाइन घटनाओं की मेजबानी की गयी।

विपणन के क्षेत्र में गणित की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालने के लिए अंतर्दृष्टि घटना के भाग के रूप में *विपणन अनुसंधान में मात्रात्मक तरीके* विषय पर एबेकस ने एक कार्यशाला का आयोजन किया। यह क्लब वार्षिक व्यवसाय शिखर सम्मेलन - कोन्फ्लुअन्स के एक भाग के रूप में क्रिकेट पर एक अनुकार खेल आयोजित व तैयार करके, दो शब्दों-*क्रिकेट तथा वित्त* को जोड़कर *क्रिक-एक्स* चलाता है। गाणितीय पहेलियों के मजेदार रूप को दर्शाती एक पहेली चुनौती कार्यक्रम - *फनदोन* भी इस बार सफलतापूर्वक चलाया गया ।

शैक्षणिक परिषद्

यह शैक्षणिक परिषद् मुख्य रूप से पीजीपी के अपने द्वितीय वर्ष में छात्रों के ऐच्छिक पाठ्यक्रमों के वितरण के लिए उत्तरदायी है। यह परिषद् प्रथम वर्ष के पीजीपी छात्रों के लिए सभी पाँच अनुभागों में एक ही समान वर्ग के समय होने के रुप में, गतिशील पाठ्यक्रम प्रक्रिया बोली, छात्रों को घट क रूप से ग्रेड प्रदान करने, ग्रंथालय का समय प्रतिदिन 24 घंटे रखने के लिए वेब आधारित सोफ्टवेयर लागू करने और अतिथि वक्ता सत्र डॉ. ब्रूस टकमैन के साथ आयोजित करने जैसी पहलों से जाना जाता है।

कृषि व्यवसाय क्लब

इस क्लब का लक्ष्य छात्रों को कक्षा के बाहर एक मंच प्रदान करना है, जिसका उपयोग वे इस क्षेत्र में ज्यादा गहराई तक जाने में कर सकते हैं। इसका उद्देश्य छात्रों के बीच बातचीत के लिए मार्ग प्रदान करना, शिक्षा एवं उद्योगों के नवोदित क्षेत्र को विकसित करना और उन्हें इस क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने की अनुमति प्रदान करना है।

पूरे वर्ष के दौरान, यह क्लब कई तरह की गतिविधियाँ चलाता है :

- क्रोनोस 2010 : कोन्फ्लुअन्स के कृषि-व्यवसाय जोन (अंचल) के द्वारा कृषि-व्यवसाय सेक्टर में नए मार्ग के बारे में संवेदनशीलता व जागरुकता पैदा करके पहल को आगे बढ़ाने का प्रयास है। इसमें वक्ता श्रृंखला, पैनल चर्चा, और देश भर में छात्रों के लिए ऑनलाइन व परिसर घटनाएँ आदि शामिल हैं। *क्रोनोस* ने अपने शुरूआत के ही संस्करण में *छात्रों के लिए प्रबंध विकास मोज्यूल* कार्यक्रम के माध्यम से लगभग 200 छात्रों को सेवा देकर और अन्य परिसर व ऑनलाइन दोनों में आयोजित प्रमुख इवैंट्स के माध्यम से आवश्यकताएँ पूरी की हैं।
- मामला प्रतियोगिताएँ : अन्य संस्थानों में ऐसे क्लबों तथा विभिन्न उद्योगों के प्रतिभागियों के साथ सहयोग से आयोजित ये मामला प्रतियोगिताएँ छात्रों को वास्तविक जीवन की समस्याओं का समाधान करने तथा उद्योगों के व्यक्तियों के साथ विचारों के आदान-प्रदान का अवसर प्रदान करती हैं। इस क्लब ने *स्ट्रेटेजिया* का आयोजन किया था, जो एक मामला अध्ययन के लिए चुनौती था। यह मामला पुष्प कृषि पर आधारित था और इसे प्रोफेसर वसंत गाँधी द्वारा प्रदान किया गया ।
- एक स्थान पर दुकान : आईजीएफएबी (आईआईएमएल) के सहयोग से एक तीन दौर वाली बाजार अनुसंधान स्पर्धा का आयोजन किया गया । कोरोमंडल इन्टरनेशनल लिमिटेड के कृषि-खुदरा दुकानों के विषय के लिए एक प्रारुप तैयार किया गया । दूसरे दौर के दौरान प्राथमिक अनुसंधान के लिए सभी टीमें सिकन्दराबाद गई ।
- हायफन : कृषि-व्यवसाय क्लब द्वारा प्रकाशित यह एक त्रिमासिक पत्रिका है। छात्रों, व्यवसायियों, और प्रोफेसरों द्वारा प्रदत्त लेखों से बनी इस सामयिकी का लक्ष्य कृषि-व्यवसाय से जुड़े मुद्दों पर विभिन्न दृष्टीकोण प्रस्तुत करना है। इसमें उभरते मुद्दों पर नींव के रुप में तथा साथ ही साथ मौजूदा मुद्दों पर नयी रोशनी डालना आदि भी शामिल हैं।
- कार्यशालाएँ : इनमें छात्रों एवं व्यवसायियों के बीच विविध कृषि-व्यवसाय संबंधित मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान और चर्चाएँ शामिल हैं। इस वर्ष एक नियुक्ति कार्यशाला का आयोजन उनके ग्रीष्मकालीन नियोजन के लिए पीजीपी-एबीएम के प्रथम वर्ष के छात्रों की सुविधा के लिए किया गया था। इस कार्यशाला में द्वितीय वर्ष पीजीपी-एबीएम के छात्रों द्वारा कुछ सत्रों और संकायों के व्याख्यान आदि रखे गये थे। इस कार्यशाला में प्रथम वर्ष पीजीपी-एबीएम के छात्रों ने भाग लिया।

पूर्वछात्र प्रकोष्ठ

इस वर्ष के स्वर्ण जयंती समारोह में संस्थान के पूर्वछात्र प्रकोष्ठ को नेतृत्व संभालते हुए देखा गया, जिसमें वे पूर्व यादों को दोहराते हुए, संस्थान के साथ अपना नाता आजीवन बनाए रखने को सुनिश्चित करते हैं। दिसम्बर 2010 में बड़ी संख्या में *भव्य अखिल पूर्वछात्र बैच पुनर्मिलन* होने, *श्रेष्ठ पूर्वछात्र पुरस्कार* और *पूर्वछात्र ट्रस्ट* छात्रवृत्ति पाने के लिए प्रकाश में आने पर, सारे पूर्वछात्र अपनी नींव की तरफ लौट आए। त्रिवार्षिक पत्रिका ने पूर्वछात्रों की सिद्धियों का उत्सव मनाया और परिसर में हो रही घटनाओं से सबमें खुशी फैला दी। *सिंक्रोनी* (समकालिक) नामक वार्षिक पूर्वछात्र बैठक बहुत सफल रही।

बीटा

बीटा, वित्त एवं निवेश क्लब है। इसका मुख्य उद्देश्य, छात्र-समुदाय में वित्त के प्रति शैक्षणिक रूप से अभिरूचि जगाना है, साथ ही साथ इसे भविष्य के एक विकल्प के रूप में समर्थन देना है। इस क्लब की गतिविधियों में, वित्त बैंकिंग, प्रतिभूतियाँ, निजी इक्विटी, उद्यम पूँजी, खुदरा बैंकिंग, संपत्ति प्रबंधन, बीमा और सूक्ष्म वित्तपोषण जैसे व्यापक कार्य-क्षेत्र समाविष्ट हैं।

2010 में इस क्लब ने अपनी तरह के एक इवैंट का आयोजन किया था, जिससे देश के श्रेष्ठ बी-स्कूलों से वित्त के प्रति उत्साही एकत्र हुए और *वित्त में श्रेष्ठ व्यापार-स्कूल* पुरस्कार जीतने के लिए एक करीबी प्रतियोगिता में शामिल हुए। विपणन एवं आईबीडी की तैयारी के लिए क्लब की व्यापक पुस्तिका *बीटा प्राइमर* इस वर्ष प्रकाशित की गई और उसका बहुत अच्छी तरह से स्वागत हुआ। बजट पर विमर्श के लिए छात्रों व प्रोफेसरों को एक साथ लेकर, इस क्लब ने एक पैनल चर्चा - *दृष्टिकोण* का आयोजन किया। विश्व प्रसिद्ध विचारकों जैसे कि संजय नायर तथा मोन्टेक सिंह अहलूवालिया आदि के लेखों का समावेश करते हुए आँकडों का प्रकाशन किया गया।

परामर्श क्लब

परामर्श क्लब छात्रों को परामर्श उद्योग से परिचित कराता है तथा इस क्षेत्र के नवीनतम विचारों एवं अंतर्दृष्टि से परिपूर्ण करता है। यह क्लब अग्रणी प्रबंधन परामर्श फर्म के साथ भागीदारी करके राष्ट्रीय स्तर पर स्पर्धात्मक घटनाओं तथा व्यापार अनुकार प्रतियोगिताओं का आयोजिन करता है। यह क्लब नियमित रूप से उद्योग के अग्रणियों द्वारा वार्ता व कार्यशालाएँ आयोजित करता है और छात्रों को ग्रीष्म एवं अंतिम नियुक्ति में सहायता प्रदान करता है। यह नियमित सत्रों, स्पर्धात्मक घटनाओं, और समर्पित सदस्यता कार्यक्रमों के माध्यम से हासिल हुआ है। यह क्लब छात्रों के उपयोग के लिए नवीनतम उद्योग प्रतिवेदनों का एक व्यापक संग्रह रखता है। यह वार्षिक रूप से आईआईएम-ए केस-पुस्तिका *पैनोरमा,* जो एक मासिक पत्रिका है उसका प्रकाशन भी करता है, और देश भर में व्यावसायिक-स्कूलों के छात्रों द्वारा चलाए जा रहे ब्लॉग का रखरखाव करता है।

उद्यमिता क्लब

उद्यमिता क्लब छात्रों को एक ऐसा रास्ता प्रदान करता है, जिससे वे प्रासंगिक उद्यमी संसाधनों का उपयोग कर सकें, प्रमुख समुदाय के उद्यमियों के साथ नेटवर्क बना सकें, तथा अपने विचारों का आदान-प्रदान कर सकें।

लीक से हटकर उद्यमी श्रृंखला लाना इस क्लब का प्रयास है, जिसमें लेखन, जमीनी स्तर पर नवीनता, फैशन के कुछ नाम जैसे विभिन्न क्षेत्रों में अपने जुनून एवं ध्येय द्वारा, जिसने परंपरा तोड़ी हो ऐसे उद्यमियों के द्वारा सत्रों के माध्यम से उद्यमिता का समग्र अर्थ सभी तक पहुँचाया जाता है। व्यवसाय चलाने का पहला ही अनुभव प्रदान करने एवं उद्यमशीलता का जश्न मनाने के लिए इस क्लब ने एक खुदरा व्यापार प्रतिस्पर्धा *टी-फाइट* का आयोजन किया । सृष्टि (www.srishti.org) द्वारा प्रायोजित नवीन प्रतियोगिता - *अन्वेषण* ने छात्रों को अपने नवीन विचारों को प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया है, जिससे जिन लोगों के पास समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए कोई संरचना है वे उसको आगे ले जा सके। *एंत्र* पत्रिका, सुर्खियों में आयी जिसे प्रेरणादायक कहानियों एवं विभिन्न शुरूआतों पर कवरेज के इरादे के साथ शुरू किया गया ।

साम्यावस्था (इक्विपॉइज़)

अर्थशास्त्र क्लब - इक्विपॉइज़ छात्रों में अर्थशास्त्र में रुचि बढ़ाने की मूल धारणा से प्रेरित है। इस क्लब की विचारधारा तीन स्तंभों पर टिकी हुई है। प्रथम यह कि, इस क्लब द्वारा जो लोग इस विषय में रुचि रखते हैं उनको शामिल करने और अन्य समान विचारधारा वाले लोगों से मिलने के लिए एक मंच प्रदान किया जाता है। दूसरा यह कि, दैनिक जीवन में अर्थशास्त्र के बारे में व कई व्यावहारिक अनुप्रयोगों के बारे में जागरुकता फैलाने का यह एक प्रयास है। तीसरा यह कि, प्रमुख प्रबंध संस्थान के रूप में स्थापित होने के सदाचार के उद्देश्य से अर्थशास्त्र को व्यवसाय के साथ जोड़कर गतिशील नीतियों के संदर्भ में बेहतर व्यवसाय निर्णय लेने के लिए सक्षम बनाना है।

नियुक्ति के लिए सुधारात्मक सत्र लेने व अकादमिक निविष्टियाँ प्रदान करने के अलावा, यह क्लब दो पत्रिकाएँ भी प्रकाशित करता है - *इको* एवं *केलिडोस्कोप* । अर्थशास्त्र में अवधारणाओं के रूप में अनुकार खेल भी एक विषय के रूप में आयोजित किये गये । क्लब की अन्य गतिविधियों में *कोन्फ्लुअन्स 2010* के दौरान एक बी-स्कूल के तौर पर पहली बार *मॉडल युनाइटेड नेशन्स* तथा पैन-आईआईएम पेपर लेखन स्पर्धा *इन्कपोट* का भी आयोजन किया गया ।

विनिमय परिषद्

यह परिषद् इस संस्थान के छात्र-विनिमय कार्यक्रम का समन्वय करती है। इस परिषद् ने विदेशी मुद्रा, बीमा, व यात्रा संबंधी अन्य कार्यकलाप के लिए थोक सौदों की व्यवस्था की थी। बाहर जाने वाले छात्रों की मदद करने के साथ-साथ, यह परिषद् विभिन्न भागीदार संस्थानों से यहाँ आने वाले छात्रों का खयाल भी रखती है और छात्रों के उन्मुखीकरण एवं सामाजिक घटनाओं के लिए व्यवस्था करने में मदद करती है।

उद्योग सहभागिता मंच (एफआईआई)

उद्योग सहभागिता मंच (एफआई आई) ने 17 जीवंत परियोजनाएँ पूर्ण की हैं, जिससे छात्रों का प्रत्यक्ष परामर्श अनुभव हो सके। जीई, अमेज़न जैसी बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने अपनी समस्याओं के लिए प्रभावी समाधान देने में एफआईआई की क्षमता में विश्वास जताया है। वास्तव में सांस्कृतिक परियोजना निष्पादन करते हुए और भारत में कोई प्रतिनिधि कार्यालय या भारतीय कर्मचारी के बिना ही जापान की एक कंपनी से एफआईआई ने अपनी पहली अंतर्राष्ट्रीय परियोजना हासिल की। कॉर्पोरेट कार्यालय में नेतृत्व वाली टीमों के सामने कुछ टीमों को अपने समाधान प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया गया, इस तरह से एफआईआई प्रमुख प्रबंध परामर्श फर्म के खिलाफ प्रत्यक्ष रूप से सामने आया। एफआईआई के बारे में व्यापक मीडिया कवरेज और अनूठे मूल्य प्रस्ताव इसे तालिका में लाये।

कौशल (फिनेस)

ललित कला क्लब - कौशल (*फिनेस*) छात्र समुदाय के प्रत्येक छात्र की रचनात्मकता को बाहर लाता है। प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण प्रदान करके कलात्मक प्रतिभा को बढावा देने तथा एक अभ्यास भूमि तैयार करने की दिशा में यह बडे कौशल से कार्य करता है। प्रत्येक व्यक्ति की रचनात्मक भावना को उच्च बनाए रखने के लिए यहाँ कार्यशालाएँ, कला प्रदर्शिनियाँ और प्रतियोगिताओं जैसे इवैंट्स का आयोजन किया जाता है।

संकाय छात्र सहभागिता

संकाय छात्र सहभागिता (एफएसआई) क्लब संकाय सदस्यों के साथ सहभागिता करने के लिए छात्रों को एक अनौपचारिक एवं मैत्रीपूर्ण मंच प्रदान करता है। साल भर में आयोजित होने वाली गतिविधियों में शामिल हैं :

- शिक्षक दिवस समारोह : एफएसआई ने 5 सितंबर को सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करके, लुइ काह्न प्लाजा में रात्रि भोज संकाय सदस्यों को समर्पित किया तथा छात्रों तथा संकाय सदस्यों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये।
- गुरु-शिष्य कार्यक्रम (निरंतर) : छात्रों के नए बैच के जुड़ने के बाद पहले दो सप्ताह के भीतर गुरु नियत किये गये । वहाँ एक गुरू के पास 5-6 शिष्य थे। संकाय सदस्यों के घर पर, कॉफी शोप आदि विभिन्न स्थानों पर शिष्यों ने अपने गुरुओं से मुलाकात की ।
- संकाय सदस्यों के जन्मदिन समारोह (निरंतर) : इस क्लब ने संकाय सदस्यों के जन्मदिन समारोह मनाए ।

आईआईएम अहमदाबाद सांस्कृतिक एवं नाट्य सोसायटी

आईआईएम ऐक्ट्स, अभिनय, निर्देशन, पटकथा लेखन, फिल्म निर्माण आदि क्षेत्र में प्रतिभा व कौशल प्रदर्शन के लिए एक मंच प्रदान करता है। 2010-11 में *आईआईएम ऐक्ट्स* ने हिन्दी में *'एक था गधा अल्लादाद खान'* और अंग्रेज़ी में *'इम्पोर्टन्स ओफ बिइंग अर्नेस्ट'* का सफलतापूर्वक मंचन किया ।

इसके अलावा, इस सोसायटी ने दो नुक्कड़ नाटकों: *'भूल गये भैया',* और "आ भी जाओ" का निदर्शन एवं प्रदर्शन किया ।

साहित्य संगोष्ठी डेस्क

साहित्य संगोष्ठी डेस्क (एलएसडी) में तीन कक्ष हैं : अभिव्यक्ति घटना कक्ष (सैल), साहित्यिक घटना कक्ष, और प्रश्नोत्तरी कक्ष।

इस वर्ष, अभिव्यक्ति घटना कक्ष ने बहुत बड़ी *डबल्यूआईएमडबल्यूआई* वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया था, इसमें लगभग 24 टीमों ने भाग लिया, जिसमें से 2 टीमें चैम्पियन वक्ता का ताज जीतने के लिए आपस में बराबर की टक्कर दी । इस कक्ष ने *इनसाइट* में भी लोकप्रिय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजिन किया, जिसमें सभी कॉलेजों से छात्रों ने भाग लिया । इसके अलावा, इस कक्ष ने वर्षभर नियमित रूप से *जाम (जेएएम)* सत्रों का आयोजन किया ।

साहित्यिक घटना कक्ष, *इयरबुक* प्रकाशित करने के अलावा, रचनात्मक लेखन के लिए वैविध्य वाले आन्तरिक सामयिक लितराती रसस्वाद से परिपूर्ण पत्रिका का प्रकाशन करता है। इस कक्ष ने रचनात्मक सामयिक पत्रिका *ग्राफिती* भी प्रकाशित की, जिसमें सिर्फ छात्रों ने ही नहीं, बल्कि प्रोफेसरों ने भी संस्थान के स्वर्ण जयंती समारोह के उपलक्ष्य में योगदान दिया । इस कक्ष ने वर्ष भर शब्द खेल सत्रों का आयोजन किया, जिसमें क्रोसवर्ड, एनाग्राम, क्रिप्टोग्राम, और रेबुस (कूट - पहेली) शामिल थे। कक्ष ने परिसर के अन्दर *कैओस 2011* में पहली बार *क्ल्युडो* का आयोजन किया, जिसमें प्रतिभागियों को कुछ संकेतों के आधार पर एक हत्या के रहस्य को सुलझाने के लिए कहा गया ।

विविध क्षेत्रों को सम्मिलित करते हुए नियमित आधार पर प्रश्नोत्तरी कक्ष, प्रश्नोत्तर परीक्षा का आयोजन करता है। इस वर्ष परिसर में 10 से ज़्यादा और परिसर के बाहर भी कुछ प्रश्नोत्तर परीक्षाओं का आयोजन किया गया। वह इस वर्ष आईआईएमसी में आयोजित वार्षिक अंतर-आईआईटी/आईआईएम उत्सव *निहिलान्त* में कुछ प्रश्नोत्तर परीक्षाओं में विजयी रहा, इससे प्रश्नोत्तरी कक्ष की टोपी में एक और पंख जुड़ गया। इस कक्ष ने कुछ मिश्रित सत्रों, जो कि एक लोकप्रिय इवैंट है, का आयोजन चराड, 20 प्रश्न जैसे विविध दौर के साथ किया ।

मीडिया कक्ष

संस्थान में हुई सभी घटनाओं का कवरेज वर्तमान समाचार पत्रों एवं टी. वी. मीडिया को मीडिया कक्ष ने ही दिया। इस कक्ष ने *कैओस, कोन्फ्लुअन्स, और इनसाइट* के लिए प्रेस विज्ञप्तियाँ भेजी। इस कक्ष ने प्रोफेसरों, प्रसिद्ध पूर्वछात्रों के साथ साक्षात्कार, फिल्म एवं रेस्तरां की समीक्षा, तथा लेखों से युक्त एक पत्रिका प्रकाशित करना शुरू किया।

संगीत क्लब

संगीत क्लब ने संगीत के लिए चाहत को जीवित रखा है। वर्षभर इस क्लब ने संगीत के जीवंत प्रदर्शनों का आयोजन किया और संगीत समारोह भी आयोजित किये। यह बताने की जरूरत नहीं है ये सिलसिले रातभर जारी रहते थे।

निशे

विपणन क्लब निशे ने विपणन के क्षेत्र में अपने हितों का पता लगाने में छात्रों की सहायता की। ब्रांड प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, ऑनलाइन ट्रेज़र हन्ट, अनुकार खेल, और उद्योग के सहयोग में विभिन्न अन्य इवैंट्स जैसी कई गतिविधियाँ इस क्लब ने आयोजित की। निशे ने विपणन में अपना भविष्य बनाने के बारे में छात्रों को सहायता एवं मार्गदर्शन भी प्रदान किया। इस दिशा में, क्लब ने ग्रीष्मकालीन इन्टर्नशिप और अंतिम नियुक्ति साक्षात्कार के लिए छात्रों को अपनी तैयारियों में मदद के लिए उपचारात्मक सत्र आयोजित किये तथा सामग्री प्रदान की। विपणन विषय पर आधारित एक मासिक पत्रिका का प्रकाशन और प्रतियोगिता का आयोजन निशे करता है।

राम-बाण (पैनेसिया)

राम-बाण, स्वास्थ्य क्लब, परिसर के सबसे युवा क्लबों में से एक है। यह क्लब स्वास्थ्य देखभाल एवं स्वास्थ्य प्रबंध के बारे में जागरुकता पैदा करने का उद्देश्य रखता है और उसी को ध्यान में रखते हुए कार्यशालाओं, संगोष्ठियों, और शिविरों का आयोजन करता है। संस्थान के साथ समन्वय में इस वर्ष के दौरान इसने कई रक्तदान शिविरों का आयोजन किया। क्लब ने प्राथमिक चिकित्सा औषधीय सामानों का वितरण प्रत्येक छात्रावास में किया।

परिप्रेक्ष्य (पर्स्पैक्टिव्स)

फोटोग्राफी क्लब परिप्रेक्ष्य (पर्स्पैक्टिव) ने टी-नाइट, कैओस, और दिवाली के दौरान फोटोग्राफी कार्यशालाएँ आयोजित की। जो छात्र विनिमय के अंतर्गत विदेश गये, उनके लिए एक विशेष प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । विनिमय छात्रों के लिए एक हैरिटेज वॉक भी आयोजित किया गया । परिसर में और परिसर से बाहर इन अनमोल क्षणों को फोटो में कैद करने के लिए एक मुख्य टीम भी इसमें शामिल हुई ।

विक्रम साराभाई पुस्तकालय

विक्रम साराभाई पुस्तकालय, सेवाओं की विस्तृत श्रृंखलाओं के माध्यम से सूचनाओं को सर्वाधिक विस्तृत संभव पहुँच प्रदान करता है। इसकी वैबसाइट http://www.iimahd.ernet.in/library/ कई ऑनलाइन डेटाबेसों के साथ जुड़ी हुई है, जो नेटवर्क किए हुए इस संस्थान के और पुस्तकालय के भीतर किसी भी कम्प्यूटर से उपलब्ध है। यह पुस्तकालय, दोनों (मुद्रित व अमुद्रित) ही प्रकार की सामग्रियों के संग्रह को एवं इलैक्ट्रॉनिक संसाधनों को, चयन, प्राप्ति, संगठन, संरक्षण, रखरखाव करने को, तथा इन तक पहुँच को, सुगम बनाने के अपने मिशन को पूरा करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ता है एवं अपने सदस्यों की अभिरूचियों और आवश्यकताओं को पूरा करता है।

इस वर्ष के दौरान, पुस्तकालय ने अपने संग्रह में 2657 पुस्तकें और 777 जर्नलों के जिल्दबंद भाग शामिल किए।

संसाधन	मदों की संख्या
पुस्तकें	1,70,611
पत्रिकाओं के जिल्दबंद भाग	41,573
कार्य पत्र	2,199
शोध प्रबंध	260 (18सॉफ्ट कॉपियाँ)
परियोजना प्रतिवेदन	1,712
शैक्षणिक वीडियो कैसेट्स	128
सीडीज (पुस्तकों, डेटाबेसों ट्रेनिंग आदि की)	1,870
मँगाए जाने वाले जर्नल्स की वर्तमान संख्या	1,068
समाचार पत्र	32
वापस ली गई पुस्तकें	2,000

ई-संसाधन

यह पुस्तकालय, अनेक कंपनियों और उद्योगों के डेटाबेस, ग्रंथसूची संबंधी डेटाबेस और ई-जर्नल्स, उपयोगकर्ताओं को नवीनतम शैक्षणिक जानकारी उपलब्ध कराने हेतु मँगाता है।

- कंपनी/उद्योग/देश डेटाबेस

डेटामोनिटर 360, कैपिटैलाइन, सीएमआइई-ऐल्फा, बिजिनेस बीकॉन, कैपैक्स, ईआइएस, फर्स्ट सोर्स, आइएएस, आईसीओ, इंडिया हारवैस्ट, इनसाईट, इंडिया ट्रेडर्स, एम एंड ए, प्रोवेस एंड एसएएस, क्रिसइनफैक, डेटास्ट्रीम (वर्ल्डस्कोप शामिल), डीएसआई डेटा सर्विस, ईआईयू कंट्री रिपोर्ट्स, (ब्राजील, रशिया, और चाइना), यूरोमॉनीटर (जीएमआईडी), एफटी डोट कोम, एफटी आर्काइव (1888-2006), गार्टनर, इंडियास्टैट्स, इंडिकस डिस्ट्रिक्ट जीडीपी 2007, इनफ्रालाइन - कोयला क्षेत्र, तेल व गैस क्षेत्र, और विद्युत क्षेत्र, इन्वैस्ट इंडिया, आईएसआई एमर्जिंग मार्कैट्स - एशिया, नासकोम, प्राइम डेटाबेस, र्‌यूटर्स 3000 ऐक्स्ट्रा होस्टेड टर्मिनल एंड र्‌यूटर्स नॉलेज, वेन्चर इन्टेलिजन्स।

- ई-जर्नल डेटाबेस

एबीआई/इन्फॉर्म कंप्लीट (2000 + शीर्षक), एसीएम डिजिटल लाइब्रेरी (40 + शीर्षक), ईबीएससीओ ऐकेडेमिक सर्च प्रीमियर (4500 + शीर्षक), ईबीएससीओ बिजिनेस सोर्स कंप्लीट (1200 + शीर्षक), ईबीएससीओ - साइकार्टिकल्स (66 शीर्षक), ईबीएससीओ - इकॉनलिट (ऐबस्ट्रैक्ट्स), ऐल्सवियर - बिजिनेस मैनेजमैंट एंड ऐकाउंटिंग, डिसीजन साइंस इकॉनॉमिक्स, इकॉनॉमैट्रिक्स, फिनैन्स एंड कंप्यूटर साइंस (400 + शीर्षक), एमराल्ड मैनेजमैंट ऐक्स्ट्रा (170 + शीर्षक), आइईईई इलैक्ट्रॉनिक लाइब्रेरी (आइईएल), आइजीआई फुल-टैक्स्ट (50 + शीर्षक), इन्फॉर्म्स (12 शीर्षक), इंडियन जर्नल्स डाट कॉम - बिजिनेस/इकॉनॉमिक्स/ मैनेजमैंट पैकेज (30 शीर्षक)।

जेएसटीओआर (1300 + शीर्षक), क्लूवेर-स्प्रिंजर लिंक (33 शीर्षक), ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस (86 शीर्षक), प्रोजैक्ट म्यूज (296 शीर्षक), सेज (400 + शीर्षक), टेलर एंड फ्रांसिस (41 शीर्षक), विले-ब्लैकवैल (500 + शीर्षक) ।

- ई-जर्नलों की बैक फाइलें

ऐल्सवियर (कृषि व जीव विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, फर्माकोलॉजी, टॉक्सिकोलॉजी एंड फार्मासिटिक्स, बिजिनेस प्रबंध व लेखाकरण, निर्णय विज्ञान अर्थशास्त्र, अर्थमापीशास्त्र, व वित्त), (550 + शीर्षक), एमराल्ड मैनेजमैंट ऐक्स्ट्रा (170 + शीर्षक)।

- विधिक एवं अन्य डेटाबेस

एआईआर (ऑल इंडिया रिपोर्टर), उच्च न्यायालय (1965-2010), क्रिमिनल लॉ (1960-2010), उच्चतम न्यायालय (1950-2010), प्रिवी काउंसिल (1930-1950), आईएसआई वैब ऑफ नॉलेज (साइटेशन), जे - गेट, पेपर्स - इनवाइटेड, वैस्टलॉ (इन्डलॉ सहित), वर्ल्ड बैंक ई-लाइब्रेरी, वर्ल्ड डैवलपमैंट इंडिकेटर्स, ग्लोबल डैवलपमैंट वित्त, ग्लोबल इकॉनॉमिक मॉनीटर।

विशेषीकृत अनुसंधान सॉफ्टवेयर

360 कोर ए-जेड़, 360 फैडरेटेड सर्च एंड रिमोट लॉगिन फॉर इंटर्नल यूजर्स

सेवाएँ

- वितरण
- पठन सुविधा
- मेल चेतावनी सेवा
- संदर्भ व सूचना
- स्कैनिंग
- डेटाबेस खोज सेवा
- दस्तावेज वितरण
- अंतर्पुस्तकालय ऋण
- फोटोकॉपी
- अनुक्रमण एवं ग्रंथ सूची
- सारांशकरण
- उन्मुखीकरण कार्यक्रम
- सूचना साक्षरता कार्यक्रम
- ऑनलाईन सार्वजनिक पहुँच कैटैलॉग
- वर्तमान जागरूकता सेवा
- अनुसंधान-सहायता

प्रकाशन

यह पुस्तकालय, वर्ष 1998 से दो त्रैमासिक सूचना बुलेटिन, प्रकाशित कर रहा है :

- वर्तमान विषयवस्तु के प्रबंधन में: विपणन
- प्रबंध की वर्तमान अनुक्रमणिकाएँ : विपणन

पुस्तकालय ने राष्ट्रीय प्रबंध सूचना केन्द्र (निकमैन) की सदस्यता शोधकर्ताओं को देना शुरू किया है। वर्तमान समय में उभरती अर्थव्यवस्थाओं के संदर्भ में विपणन में दस्तावेजीकरण शुरू कर दिया है।

कल्याण गतिविधियाँ

45 वर्ष से अधिक आयु वाले कर्मचारियों व उनके जीवनसाथियों के लिए सामान्य स्वास्थ्य निरीक्षण का कार्यक्रम अप्रैल-मई 2010 के दौरान, कल्याण समिति द्वारा अपोलो अस्पताल, सिटी सेन्टर में आयोजित किया गया । कुल 297 समुदाय-सदस्य इस कार्यकलाप से लाभान्वित हुए।

अगस्त व सितम्बर 2010 में पात्र कर्मचारियों को पाठ्यपुस्तकें और अन्य शिक्षण-सहायक सामग्री खरीदने की सहायतार्थ प्रति शिशु 2,000 रूपए की राशि दी गई। समुदाय से एक सौ तीस शिशु इस सुविधा से लाभान्वित हुए।

11 नवम्बर, 2010 को कल्याण समिति द्वारा गुजराती नव वर्ष दिवस मेल-मिलाप समारोह का आयोजन, दीप जलाकर और पटाखे फोड़कर और समुदाय में मिठाई बाँटकर किया गया।

स्वर्ण जयंती संस्थान-दिवस, 12 दिसंबर, 2010 को मनाया गया। इस अवसर पर शिक्षा व खेल संबंधी कार्यकलाप में उत्कृष्ट प्रदर्शन व अच्छी समाजसेवा करने वाले 45 शिशुओं और स्टाफ सदस्यों को पुरस्कृत किया गया । इस समारोह के हिस्से के रूप में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया ।

इस वर्ष के दौरान, इस कल्याण समिति ने छात्र-कार्यों की परिषद के साथ मिलकर संयुक्त रूप से तीन रक्तदान शिविरों का आयोजन किया और रक्त की लगभग 537 युनिटों का संग्रह किया। रक्त की लगभग 75 युनिटों का इस्तेमाल समुदाय के सदस्यों व उनके रिश्तेदारों द्वारा किया गया । कल्याण समिति के एक सदस्य श्री हिमांशु भट्ट ने 100वीं बार रक्तदान करने का गौरव प्राप्त किया।

ताइक्वांडो, टेनिस, और योग की कोचिंग कक्षाएँ परिसर में चलाना जारी है। मई-जून, 2010 में एक फुटबॉल शिविर आयोजित किया गया ।

कल्याण सांस्कृतिक कार्यक्रम

परिशिष्ट

प्रबंध में स्नातकोत्तर कार्यक्रम

पीजीपी छात्र संख्या क1

	पीजीपी ।	पीजीपी।।
कार्यक्रम से जुड़े	**380**	**310**
(-) अलग हुए	5	-
(-) जिन्हें अनुमति दी गई/2011 में पुनः जुड़ने को कहा गया	2	-
(+) पुनरावृत्ति करने वाले	2	-
(+) जिन्हें 2010 में पुनः जुड़ने के लिए अनुमति दी गई	1	
प्रथम वर्ष में संख्या	**376**	-
(-) जिनसे हटने के लिए कहा गया	2	-
(-) जिनसे पुनरावृत्ति के लिए कहा गया	3	
(-) शैक्षणिक आवश्यकताएँ (डबल डिग्री और जनरल) पूरी न करने पर स्नातक न हो सके	-	5
(-) शैक्षणिक अनुशासनहीनता के कारण स्नातक नहीं हो सके	-	-
(+) पूर्व वर्ष के स्नातक	-	2
(+) डबल डिग्री कार्यक्रम के तहत स्नातक हुए छात्र	-	9
कुल प्रोन्नत/स्नातक	**371**	**316**

नए वैकल्पिक पाठ्यक्रम क2

- परिसम्पत्ति समर्थित प्रतिभूतिकरण
- व्यवसाय से व्यवसाय का विपणन
- कॉर्पोरेट प्रतिष्ठा संचार
- ई-गवर्नेंस में परामर्श : दृष्टिकोण से कार्यान्वयन तक
- ग्राहक व्यवहार और प्रौद्योगिकी
- परिवार व्यवसाय गतिकी
- अस्पताल प्रबंधन
- मा.सं.वि. स्कोर कार्ड 2500 के साथ बौद्धिक पूँजी प्रबंधन
- कॉर्पोरेट सामाजिक अनुत्तरदायित्व की जाँच
- नए उत्पाद की रणनीति
- नए प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग, डिज़ाइन एवं व्यवसाय मॉडल
- परिचालन रणनीति
- सार्वजनिक वित्त
- सार्वजनिक नीति
- राजस्व प्रबंधन एवं गतिशील मूल्य निर्धारण
- ग्रामीण विपणन
- सामरिक मानव संसाधन प्रबंधन
- विकास के लिए रंगमंच
- व्यापारिक रणनीतियाँ
- शहरी अर्थव्यवस्था और कारोबारी माहौल

क3 छात्र विनिमय कार्यक्रम के अंतर्गत भा प्र सं, अहमदाबाद से विदेशी संस्थाओं में गए छात्र

विनिमय संस्थान का नाम	छात्रों की संख्या
एशिया	
जापान अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय	2
चाइनीज़ युनिवर्सिटी ऑफ हाँगकाँग	1
यूरोप	
कोपेनहेगन बिजनेस स्कूल, फ्रेड्रिक्सबर्ग	4
ईडीएचईसी	3
ईएससीपी-ईएपी	10
ईएससी-तुलुज़	4
ईएसएसईसी	7
यूरोपीयन बिजनेस स्कूल (ईबीएस)	3
एचईसी प्रबंध स्कूल	3
आल्टो अर्थशास्त्र एवं व्यायसायिक प्रशासन स्कूल	2
इन्स्तित्यूतो दे एमप्रैसा	2
जॉन्कोपिंग इंटरनेशनल बिजनेस स्कूल	2
लीपजिग प्रबंध स्नातक स्कूल	2
नौर्वेजियन अर्थशास्त्र व बिजनेस प्रशासन स्कूल	3
फार्जेम अनुप्रयुक्त विज्ञान विश्वविद्यालय	3
सॉल्वे बिजनेस स्कूल, ब्रसेल्स	2
स्टॉकहोम अर्थशास्त्र स्कूल	2
बोकोनी विश्वविद्यालय	4
कोलोन विश्वविद्यालय	6
मॉसट्रिच विश्वविद्यालय	2
मैनहेम विश्वविद्यालय	3
सैंट गैलन विश्वविद्यालय	2
विएना अर्थशास्त्र एवं व्यवसाय प्रशासन विश्वविद्यालय	3
डब्ल्यूएचयू कोब्लेंज प्रबंध स्नातक स्कूल	1
उत्तरी अमेरिका	
यू एस ए	
स्टर्न स्कूल ऑफ बिजनेस	1
एंडरसन स्कूल, यूसीएलए	1
शिकागो बिजनेस स्नातक स्कूल विश्वविद्यालय	2
टेक्सास विश्वविद्यालय, ऑस्टिन, टैक्सास (मैककॉम्ब्स बिजिनेस स्कूल)	1
वाशिंगटन विश्वविद्यालय (जॉन एम. ओलिन बिजिनेस स्कूल)	1
कोलम्बिया बिजनेस स्कूल	1
फिशर बिजनेस महाविद्यालय, ओहियो स्टेट विश्वविद्यालय	2
डारडेन स्कूल ऑफ बिज़नेस स्कूल, वर्जिनिया युनिवर्सिटी	3
गोइज्वेता बिज़नेस स्कूल, एमोरी विश्वविद्यालय (प्रायोगिक आधार पर)	2
कनाडा	
मैकगिल विश्वविद्यालय	1
सोदर बिज़नेस स्कूल	1
शूलिच बिजनेस स्कूल	2
कुल	**94**

छात्र विनिमय कार्यक्रम के अन्तर्गत विदेशी संस्थाओं से भा.प्र.सं. अहमदाबाद में आए अंतर्राष्ट्रीय छात्र

क4

विनिमय संस्थान का नाम	छात्रों की संख्या
एशिया	
एशियाई प्रौद्योगिकी संस्थान	1
जापान अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय	1
केएआईएसटी प्रबंध स्नातक स्कूल	1
ओस्ट्रेलिया	
ओस्ट्रेलियाई प्रबंध स्नातक स्कूल	2
यूरोप	
कोपेनहेगन बिजनेस स्कूल	3
ईडीएचईसी	3
ईएसएडीई	2
इएससीपी - इएपी	10
इएससी - तुलुज़	4
इएसएसईसी	7
यूरोपीय बिजनेस स्कूल	1
एचईसी प्रबंध स्कूल	4
इन्स्तित्युतो दे एम्प्रेसा	2
लिपजिग प्रबंध स्नातक स्कूल	1
मानचेस्टर बिज़नेस स्कूल	1
नार्वेयियन अर्थशास्त्र एवं व्यवसाय प्रशासन स्कूल	2
साल्वे बिजनेस स्कूल	2
स्टॉकहॉल्म अर्थशास्त्र स्कूल	2
बोकोनी विश्वविद्यालय	4
कोलोन विश्वविद्यालय	6
मैस्ट्रिच विश्वविद्यालय	2
सेंट गैलन विश्वविद्यालय	3
उत्तरी अमेरिका	
यू एस ए	
वॉशिंग्टन विश्वविद्यालय (जोन एम. ओलिन स्नातक स्कूल)	1
फिशर बिज़नेस कॉलेज, ओहियो स्टेट विश्वविद्यालय	1
डारडेन स्कूल ऑफ बिज़नेस स्कूल	1
कनाडा	
मैकगिल विश्वविद्यालय	1
शूलिच बिजिनेस स्कूल	2
कुल	**70**

क5 छात्रवृत्तियाँ

उद्योग छात्रवृत्तियाँ बैच 2009-11	
कुनाल सिंगल	इनफोसिस
नमन मित्तल	आईसीआईसीआई
राहुल बजाज	एसबीआई म्युचुअल फंड
जयदीप शंकर जगन्नाथन	जैट एज फाइनेंस
अनिन्दया दत्ता	एस.एम. शाह
अभिराज सिंह भाल	भा.प्र.सं.अ. रजत जयंती पीजीपी 87 बैच/संकाय स्मारक एवं एयूडीसीओ
अजयशंकर रामकृष्णन	भा.प्र.सं.अ.
वरुण सुन्कु	भा.प्र.सं.अ.
राव चैतन्य प्रभाकर	भा.प्र.सं.अ.
दीपक गोपाल	भा.प्र.सं.अ.
प्रिया नारायणन	भा.प्र.सं.अ.
जयदीप शंकर जगन्नाथन	एमफेसिस अवॉर्ड
वरुण सुन्कु	आईएफसीआई

पीजीपी-1

आदित्य खंडेलिया — अश्विन कृष्णा
अंकित गुप्ता

पीजीपी-2

श्रद्धा वर्तक — अनिन्दया दत्ता
अशोक कुमार भारद्वाज — चैतन्य राव प्रभाकर
मोहित गर्ग

सर रतन टाटा छात्रवृत्तियाँ

मयंक कुकरेजा — राहुल डागा

उद्योग छात्रवृत्तियाँ बैच 2009-11	
मयंक कुकरेजा	आईएफसीआई
आश्वित महाजन	जैट एज सिक्यूरिटीज
मोहित गर्ग	एस. एम. शाह
आदित्य शर्मा	मोनसांटो
विशाल गुप्ता	सुरेंद्र पॉल
अनिन्दया दत्ता	डन व ब्रॉडशीट इनफार्मेशन सर्विसेज इंडिया
अमित मित्तल	भा.प्र.सं.अ.
विनीत विजयवर्गीय	भा.प्र.सं.अ.
अंबर माहेश्वरी	भा.प्र.सं.अ.
अनिल कुमार कृपनयनी	भा.प्र.सं.अ.
प्रिया नारायणन	भा.प्र.सं.अ.
कुनाल सिंगल	भा.प्र.सं.अ.
नितेश दहिया	भा.प्र.सं.अ.
राहुल डागा	भा.प्र.सं.अ.

आदित्य बिड़ला छात्रवृत्तियाँ

मोहित गर्ग — हितेन्द्र एम. वोहरा
अमित मित्तल

टी. थॉमस छात्रवृत्ति

राहुल डागा

ओ.पी. जिंदल इंजीनियरिंग एवं प्रबंध छात्रवृत्ति

तरुन अग्रवाल (प्रथम वर्ष)
अमित मित्तल (द्वितीय वर्ष)

पीजीपी के लिए प्राप्त आवेदन

क6

	2010-2012 बैच			2011-2013 बैच		
श्रेणी	**पुरुष**	**महिला**	**कुल**	**पुरुष**	**महिला**	**कुल**
सामान्य	125150	46901	172051	103441	39010	142451
एन सी - अन्य पिछड़ा वर्ग	20008	4104	24112	16361	3528	19889
अनुसूचित जाति	8340	2231	10571	7503	2018	9521
अनुसूचित जनजाति	1843	646	2489	1750	631	2381
विकलांग	538	92	630	475	71	546
कुल	**1,55,879**	**53,974**	**2,09,853**	**1,29,530**	**45,258**	**1,74,788**
प्रतिशत	**74.3**	**25.7**	**100**	**74.1**	**25.9**	**100**

पीजीपी प्रवेश (2011-2013 बैच)

क7

विवरण			**आरक्षित वर्ग**					
	लिंग	**सामान्य वर्ग**	**अन्य पिछड़ा वर्ग**	**अनु सूचित जाति**	**अनुसूचित जनजाति**	**शारीरिक रूप से विकलांग**	**जी मैट**	**कुल**
कैट परीक्षा में बैठने वालों की कुल संख्या	पुरुष	108864	17361	8080	1924	499	लागू नहीं	136728
	महिला	42457	3958	2292	713	81	लागू नहीं	49501
	कुल	**151321**	**21319**	**10372**	**2637**	**580**	**लागू नहीं**	**186229**
भा.प्र.सं.अ. को प्राप्त आवेदनों की कुल संख्या	पुरुष	103413	16361	7503	1750	475	28	129530
	महिला	38999	3528	2018	631	71	11	45258
	कुल	**142412**	**19889**	**9521**	**2381**	**546**	**39**	**174788**
साक्षात्कार के लिए बुलाए गए उम्मीदवार	पुरुष	480	180	100	47	19	1	827
	महिला	60	13	8	8	2	0	91
	कुल	**540**	**193**	**108**	**55**	**21**	**1**	**918**
साक्षात्कार के लिए उपस्थित रहे उम्मीदवार	पुरुष	462	170	91	35	18	1	777
	महिला	59	13	8	7	2	0	89
	कुल	**521**	**183**	**99**	**42**	**20**	**1**	**866**

कृषि-व्यवसाय प्रबंध में स्नातकोत्तर कार्यक्रम

ख1 अनिवार्य पाठ्यक्रमों की सूची

स्लॉट 2, 3 और 4

ग्रामीण पर्यावरण एवं संस्थान	गैर-क्रेडिट	15 सत्र
द्वितीय वर्ष अनिवार्य पाठ्यक्रम, पीजीपी-एबीएम		
कृषि व खाद्यान्न संबंधी नीति	1.25	25
कृषि वित्त	1.25	25
कृषि आदानों का विपणन	1.25	25
कृषि-खाद्यान्न के विपणन की रणनीति	1.25	25

प्रथम वर्ष अनिवार्य पाठ्यक्रम, पीजीपी में सामान्य-2010-11

	क्रेडिट इकाइयाँ	सत्रों की संख्या
स्लॉट 1		
1. वित्तीय प्रतिवेदन एवं विश्लेषण	0.75	15
2. संभावनाएँ एवं सांख्यिकी-I	0.75	15
3. प्रबंधकीय कम्प्यूटिंग	0.75	15
4. सूक्ष्म अर्थव्यवस्थाएँ	0.50	10
5. वैयक्तिक गतिकी	0.50	10
6. लिखित विश्लेषण एवं संप्रेषण-I	0.50	10
7. आचारपूर्वक प्रबंधन	-	10
उप योग	**3.75**	**85**
स्लॉट 2		
1. वित्तीय प्रतिवेदन एवं विश्लेषण	0.75	15
2. व्यवसाय के लिए इंटरनेट प्रौद्योगिकियाँ	0.25	05
3. संभावनाएँ एवं सांख्यिकी-II	0.75	15
4. सूक्ष्म अर्थव्यवस्थाएँ	0.50	10
5. अंतर्वैयक्तिक व समूह प्रक्रियाएँ	0.50	12
6. वित्तीय बाजार	0.50	10
7. विपणन मॉडयूल-I	0.50	12
8. लिखित विश्लेषण एवं संप्रेषण-1	0.25	05
उप योग	**4.00**	**84**
स्लॉट 3		
1. लागत व नियंत्रण प्रणाली	0.50	10
2. संभावनाएँ और सांख्यिकी -III	0.50	10
3. मैक्रोइकोनोमिक्स	0.50	10
4. संगठनात्मक गतिशीलता	0.50	10
5. बिजनेस के कानूनी पहलू	0.50	10
6. वित्तीय बाजार	0.50	10
7. विपणन मॉड्यूल -II	0.50	12
8. परिचालन प्रबंध I	0.50	10
9. व्यक्त बिजनेस संप्रेषण (उत्तीर्ण अनुत्तीर्ण प्रणाली)	0.50	10
उप योग	**4.50**	**92**
स्लॉट 4		
1. लागत व नियंत्रण प्रणाली	0.50	10
2. निर्णय लेना I	0.50	10
3. बृहत अर्थशास्त्र	0.50	10
4. नेतृत्व कौशल	0.50	12
5. व्यवसाय कराधान	0.50	10
6. व्यवसाय के कानूनी पहलू	0.50	10
7. परिचालन प्रबंध-I	0.50	10
8. व्यवसाय का सामाजिक-सांस्कृतिक वातावरण	0.50	10
उप योग	**4.00**	**82**
स्लॉट 5		
1. व्यवसाय के लिए सूचना प्रणाली	0.50	10
2. निर्णय लेना-II	0.50	10
3. आर्थिक परिवेश व नीति	0.50	10
4. व्यवसाय अनुसंधान विधियाँ	0.25	05
5. कॉर्पोरेट वित्त	0.50	10
6. विपणन मॉड्यूल-III	0.50	11
7. परिचालन प्रबंध-II	0.50	10
8. रणनीतिक प्रबंध	0.50	10
9. कार्मिक क्षमता व सामर्थ्य निर्माण प्रणालियाँ	0.50	10
10.लिखित विश्लेषण व संप्रेषण-II	0.50	10
उप योग	**4.75**	**96**

कृषि-व्यवसाय प्रबंध में स्नातकोत्तर कार्यक्रम

	क्रेडिट इकाइयाँ	सत्रों की संख्या
स्लॉट 6		
1. व्यवसाय के लिए सूचना प्रणाली	0.25	05
2. आर्थिक परिवेश व नीति	0.25	05
3. कॉर्पोरेट वित्त	0.75	15
4. विपणन मॉड्यूल - IV	0.50	10
5. परिचालन प्रबंध - II	0.75	15
6. संस्थागत निदान	0.25	05
7. व्यवसाय अनुसंधान प्रणालियाँ	0.25	05
8. रणनीतिक प्रबंध	0.75	15
9. कार्मिक क्षमता एवं सामर्थ्य निर्माण प्रणालियाँ	0.50	10
10.लिखित विश्लेषण एवं संप्रेषण - II	0.25	05
उप योग	**4.50**	**90**
प्रथम वर्ष का समग्र कुल	**25.50**	**529**

द्वितीय वर्ष में चलाए गए वैकल्पिक पाठ्यक्रम

- क्षमताओं का विश्लेषण एवं निर्माण
- कृषि-कार्बन वित्त
- सूक्ष्म-वित्त का प्रबंध
- बौद्धिक संपदा संबंधी अधिकारों का रणनीतिगत प्रबंधन
- कृषि-खाद्यान्न परियोजना का प्रबंध व वित्त पोषण
- रसद, आपूर्ति श्रृंखला व कृषि व्यवसाय में अवसंरचना प्रबंधन
- कृषि-व्यवसाय के लिए प्रबंधकीय संप्रेषण
- कृषि-व्यवसाय के लिए बाजार अनुसंधान
- कृषि व्यवसाय के लिए बिक्री एवं वितरण प्रबंधन
- विकास के लिए सांख्यिकी समावेशन
- अभिनव रूपान्तरण के द्वारा वैश्वीकरण एवं पुनः सक्रिय भारत संबंधी संगोष्ठी - पाठ्यक्रम
- व्यावसायिक वार्ता के सिद्धांत एवं अनुप्रयोग
- सार्वजनिक वित्त-1
- ग्रामीण विपणन
- समावेशक कृषि-व्यवसाय के लिए सार्वजनिक जन समुदाय की साझेदारी
- शोध यात्रा
- सामाजिक उद्यमिता : नवोन्मेषित सामाजिक परिवर्तन
- कॉर्पोरेट सामाजिक अनुत्तरदायित्त्व की जाँच
- ग्रामीण विज्ञापन
- कृषि-व्यवसाय संबंधी भविष्य एवं वैकल्पिक बाजार
- सीआइएनई : सृजनात्मकता, नव्यता, ज्ञान, नेटवर्क एवं उद्यमिता संबंधी समझ

आवेदकों की संख्या

ख2

बैच	2011-13	2010-2012
सामान्य	96650	111438
एनसी-अन्य पिछड़ा वर्ग	14548	16987
अनुसूचित जाति	6661	7081
अनुसूचित जनजाति	1537	1615
शारीरिक रूप से विकलांग	383	423
कुल	**119779**	**137544**

प्रबंध में फेलो कार्यक्रम

ग

2011 में स्नातक की उपाधि प्राप्त करने वाले छात्र

नाम	क्षेत्र	शोध प्रबंध शीर्षक	शोध प्रबंध सलाहकार समिति के सदस्य
अभिषेक	विपणन	विभिन्न शोपिंग परिस्थितियों में उत्पाद मूल्यांकन पर हेप्टिक स्पर्श की भूमिका	प्रो. पी. के. सिन्हा (अध्यक्ष) प्रो. निहारिका वोहरा प्रो. अरविंद सहाय
अमीर बशीर बजाज	पी एस जी	जल-ऊर्जा-जलवायु परिवर्तन सांठगांठ का प्रबंधनः भारत के लिए एक समन्वित नीति रोड मैप	प्रो. आर. आर. शुक्ला (अध्यक्ष) प्रो. अमित गर्ग प्रो. प्रेम पंगोत्रा
आस्था अगरवाला	पी एस जी	भारत में बुनियादी सुविधाओं में निवेश, शहरीकरण, और क्षेत्रीय विकास	प्रो. प्रेम पंगोत्रा (अध्यक्ष) प्रो. आर.एच. धोलकिया प्रो. टी. बंद्योपाध्याय
बी.वी.एल. नारायण	बी पी	स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रमों का कार्यान्वयन : एक संचालन ढाँचे का विकास	प्रो. एन रविचन्द्रन (अध्यक्ष) प्रो. एम.आर. दीक्षित प्रो. डी.वी. मावलंकर डॉ. अमरजीत सिंह
ब्रजेश कुमार	कृषि	मूल्य व्यवहार प्रतिरुप और भारतीय वस्तु वायदा बाजार में सुविधा की उपज	प्रो. अजय पांडे (उपाध्यक्ष) प्रो. विनोद आहूजा (उपाध्यक्ष) प्रो. सिद्धार्थ सिन्हा प्रो. गोपाल नायक
मृदुल माहेश्वरी	पी एंड आई आर	कार्यस्थल पर लिंग दुविधाएँ : महिलाओं के कथन से अंतर्दृष्टि	प्रो.जेरोम जोसेफ (अध्यक्ष) प्रो. अनिल के. गुप्ता प्रो. टी. वी. राव
पी वेंकटेश	विपणन	भाषा अनुकूलन और विज्ञापन प्रभावकता : बहुसांस्कृतिक विज्ञापन के संदर्भ में एक अध्ययन	प्रो. अरिन्दम बैनर्जी (अध्यक्ष) प्रो. पी. के. सिन्हा (उपाध्यक्ष) प्रो.बिबेक बैनर्जी प्रो.एर्नेस्टो नोरोन्हा
पत्तुराजा सेल्वाराज	पी एंड आई आर	मुआवजा डिजाइन और संतुष्टि के निर्धारकों के कार्यकारी विचारों का एक अध्ययन	प्रो.जेरोम जोसेफ (अध्यक्ष) प्रो. बीजू वर्की प्रो. नवदीप माथुर

प्रबंध में फेलो कार्यक्रम

नाम	क्षेत्र	शोध प्रबंध शीर्षक	शोध प्रबंध सलाहकार समिति के सदस्य
प्रगीत एरोन	सी आई एस जी	व्यवसायीकरण को देखते हुए क्षमता का निर्माण : उत्पाद आधारित भारतीय दूरसंचार आरंभ का एक अध्ययन	प्रो.रेखा जैन (अध्यक्ष) प्रो. राकेश बसंत प्रो. रजनीश दास प्रो. अभिषेक मिश्रा
प्रसून अग्रवाल	पी एस जी	कम कार्बन अर्थव्यवस्था के लिए बुनियादी ढाँचा : भारत के लिए भावी परिदृश्य और नीतियाँ	प्रो. पी. आर. शुक्ला (अध्यक्ष) प्रो. आर. एच. धोलकिया प्रो. प्रेम पंगोत्रा
प्रियंका सिंह	एफ एंड ए	आदेश चालित बाजार में बोली विस्तार की गतिशीलता : भारतीय शेयर बाजार के प्रकरण	प्रो. अजय पांडे (अध्यक्ष) प्रो. जयंत वर्मा प्रो. अर्नब लाहा प्रो. सिद्धार्थ सिन्हा
शौनक रॉयचौधरी	बी पी	कम आय वर्ग की सेवा के लिए रणनीतिक नवाचार	प्रो. एस मणिकुट्टी (अध्यक्ष) प्रो. अब्राहम कोशी प्रो. पी.डब्ल्यू. खोकले
श्रीनाथ जगन्नाथन	पी एंड आई आर	चार औद्योगिक संबंधों के संदर्भ में कार्यकर्ता असुरक्षा का एक अध्ययन : एक संरचनात्मक दृष्टिकोण के बाद	प्रो. जेरोम जोसेफ (अध्यक्ष) प्रो. सुनील माहेश्वरी प्रो. नवदीप माथुर

स्नातकोत्तर व फेलो कार्यक्रम : छात्र संख्या

घ

	प्रबंध में स्नातकोत्तर कार्यक्रम	कृषि-व्यवसाय प्रबंध में स्नातकोत्तर कार्यक्रम	प्रबंध में फेलो कार्यक्रम	कुल
2000-01	381	-	46	427
2001-02	353	60	45	458
2002-03	357	61	46	464
2003-04	424	55	49	528
2004-05	501	55	54	610
2005-06	493	56	69	618
2006-07	488	55	66	609
2007-08	518	54	75	647
2008-09	560	44	84	688
2009-10	602	54	79	735
2010-11	**688**	**77**	**69**	**834**

नियुक्ति

बैच रुपरेखा ङ1

शैक्षणिक पृष्ठभूमि

कार्य	छात्रों का प्रतिशत
इंजीनियरिंग/प्रौद्योगिकी	88
कला	2
विज्ञान	4
चिकित्सा	0.5
अन्य	5.5

कार्य अनुभव

अवधि	छात्रों का प्रतिशत
नए	44
1-12 महीने	13
13-24 महीने	21
25-36 महीने	14
36 महीने से अधिक	8

प्रस्ताव एवं स्वीकार ङ2

समूह	प्रस्ताव	प्रस्तावों का प्रतिशत	स्वीकार	स्वीकार का प्रतिशत
समूह 1	128	30.12	113	37.17
समूह 2	123	28.94	95	31.25
समूह 3	120	28.24	73	24.01
समूह 4	54	12.70	23	7.57
कुल	**425**	**100.00**	**304***	**100.00**

*** एक छात्र नियुक्ति छुट्टी से वापस आया (305 नियुक्तियों में से 304 की नियुक्ति हुई) और एक छात्र की नियुक्ति अभी भी बाकी है।**

नए भर्तीकर्ता ङ3

कम्पनी का नाम
एयरसेल लिमिटेड
एनालिसीस मेसन
आविस्ता एड्वाइज़री
बजाज एलियांज
बीवीपी - बीसमेर वेन्चर पार्टनर्स
कोलगेट-पामोलिव
फ्लिपकार्ट डोट कोम
जिनी एंड जोनी
हेड्रिक एंड स्ट्रगल्स

कम्पनी का नाम
एचएमईएल (एचपीसीएल-मित्तल एनर्जी लिमिटेड)
आईनोटिक्स
इन्डिया इनफोलाइन
इन्डिया मेडट्रोनिक प्राइवेट लिमिटेड
इन्डस हेल्थ प्लस
इंगरसोल रेन्ड
आईक्यूआर कन्सल्टिंग
जयपुर रग्स कम्पनी लिमिटेड

कम्पनी का नाम
एम्फेसिस
पोकर्ण लिमिटेड
रामको इन्डस्ट्रिज़
रेलिगेयर
शापुरजी पाल्लोनजी
एसकेएनएल
वीडियोकोन डीटूएच
वायरफ्लूट

नियुक्ति

ङ4 स्थान अनुसार वितरण

स्थान	2009		2010		2011	
	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत
भारत	225	91.84	271	97.13	270	88.82
यूएसए	4	1.63	1	0.36	4	1.32
यूरोप	5	2.04	3	1.08	11	3.62
एशिया-पैसिफिक (हाँगकाँग, सिंगापुर, टोक्यो)	6	2.45	2	0.72	17	5.59
कुवैत, यूएई	5	2.04	2	0.72	2	0.65
कुल	**245**	**100.00**	**279**	**100.00**	**304***	**100.00**

* अभी एक छात्र की नियुक्ति होगी।

ङ5 विदेशी और देशी प्रस्ताव एवं स्वीकार

स्थान	2009			2010			2011		
	प्रस्ताव	स्वीकार	प्रस्तावों के सामने स्वीकार का प्रतिशत	प्रस्ताव	स्वीकार	प्रस्तावों के सामने स्वीकार का प्रतिशत	प्रस्ताव	प्रस्ताव	प्रस्तावों के सामने स्वीकार का प्रतिशत
विदेशी	20	20	100	8	8	100	34	34	100
देशी	283	225	79.51	331	271	81.37	391	270	69.05
कुल	**303**	**245**	**80.86**	**339**	**279**	**82.30**	**425**	**304***	**71.53**

* अभी एक छात्र की नियुक्ति होगी।

ङ6 क्षेत्रवार/कार्यवार नियोजन

क्षेत्र/कार्य	2009			2010			2011		
	विदेशी	भारतीय	कुल का प्रतिशत	विदेशी	भारतीय	कुल का प्रतिशत	विदेशी	भारतीय	कुल का प्रतिशत
बिक्री/विपणन	0	36	**14.69**	1	43	**15.77**	1	56	**18.42**
निवेश बैंकिंग वाणिज्यिक बैंकिंग/वित्त	13	89	**41.63**	4	71	**26.88**	28	69	**31.91**
प्रणालियाँ/आइटी/आइटीईएस	0	17	**6.94**	1	47	**17.20**	0	17	**5.59**
परिचालन	0	0	**0**	0	0	**0.00**	0	11	**3.95**
परामर्शी	4	59	**25.71**	0	75	**26.28**	5	83	**28.95**
सामान्य प्रबंधन (रिटेल, प्राइवेट इक्विटी, आदि)	3	24	**11.02**	2	35	**13.26**	0	34	**11.18**
कुल	**20**	**225**	**100**	**8**	**271**	**100**	**34**	**270***	**100**

* अभी एक छात्र की नियुक्ति होगी।

नियुक्ति

क्षेत्रवार शीर्ष भर्तीकर्ता ङ7

क्षेत्र	भर्तीकर्ता	कितने भर्ती किए गए	कुल स्वीकार का प्रतिशत
परामर्श	बी सी जी	11	3.6
	ई एक्स एल	11	3.6
	मैकिन्से एंड कंपनी	10	3.3
	एक्सेन्चर	8	2.6
बैंकिंग एवं वित्त सेवाएँ	बार्कलेस बैंक	8	2.6
	रॉयल बैंक ऑफ स्कॉटलैंड	8	2.6
	सिटी ग्रुप	8	2.6
सामान्य प्रबंध	रिलायन्स इन्डस्ट्रिज़ लिमिटेड*	7	2.3
	टी ए एस	4	1.3
आइ टी और प्रणालियाँ	आइनोटिक्स	6	2.0
	एम्फेसिस	6	2.0
विपणन	पी एंड जी	10	3.3
	एयरटेल	5	1.6
	एच यू एल	5	1.6

***सामान्य प्रबंधन के लिए सात भूमिकाओं से अलग विपणन की भूमिका की पेशकश रिलायन्स ने की थी, इसलिए रिलायन्स के द्वारा कुल 8 भूमिकाओं की पेशकश हुई।**

नियुक्ति

ङ8 पूर्व-नियोजन प्रस्ताव एवं स्वीकार

कंपनी का नाम	प्रस्ताव	स्वीकृत
आदित्य बिरला समूह	2	0
एयरटेल	2	1
एल्टिसौर्स	2	2
अमेरिकन एक्सप्रेस	1	0
ए टी केअर्नी	2	1
एक्सिस बैंक	1	1
बेइन एंड कम्पनी	5	5
बीएएमएल आईबीडी (बीओए एमएल)	2	2
बार्कलेयस कैपिटल	2	2
बी सी जी	4	4
बूज एंड कंपनी	3	2
सिनेपोलिस	1	0
सिटीग्रुप	4	4
क्लियर वॉटर कैपिटल	1	1
कॉग्निजैंट	3	2
कोकाकोला	1	0
क्यूमिन्स	1	1
डीबीएस	1	1
ड्यूश बैंक	1	1
फीडबैक वैंचर्स	3	1
फिन आईक्यू	1	0
ग्लोबल ई-प्रोक्योर	2	2

कंपनी का नाम	प्रस्ताव	स्वीकृत
गोल्डमैन सेश	4	4
हैंज इन्डिया	1	0
एच एस बी सी मार्केट्स	1	1
एच यू एल	2	2
आईटीसी लिमिटेड	1	1
जे एंड जे मेडिकल	1	1
जॉहन डियरे	2	0
जे पी मोर्गन	1	1
मैककिन्से एण्ड कंपनी	2	2
मोर्गन स्टेनले	4	3
नेसले डोमेस्टिक	1	1
नोमुरा	7	6
ऑबेरॉय रियल्टी	1	0
पी एंड जी	3	2
फिलिप्स	1	0
आर बी एस	11	8
रोथ्सचाइल्ड	1	0
टी ए एस	4	3
टाटा मोटर्स	1	1
यू बी एस	2	2
विप्रो कोर्प फाइनांस	1	0
कुल	**97**	**71**

पार्श्विक नियुक्ति

ङ9

कंपनी का नाम	प्रस्ताव	स्वीकृत
एक्सेन्चर	4	4
आदित्य बिड़ला ग्रुप	2	0
अमेजन डैवलपमैंट सेंटर	5	5
बेइन एंड कम्पनी	1	1
बार्कलेयस बैंक	3	2
बीवीपी - बीसमेर वेन्चर पार्टनर्स	0	0
सीईबी	1	1
क्लियर वॉटर कैपिटल पार्टनर	1	1
क्रिस कैपिटल	0	0
कॉग्निजैंट	12	2
डिलॉइट कंसल्टिंग	6	0
फ़्लिपकार्ट डॉट कॉम	2	0
एचसीएल इनफोसिस्टम	1	0
हेड्रिक स्ट्रगल्स	1	1
हिन्दुजा ग्रुप इंडिया	2	2
एचपी-ग्लोबल ई-बिज़नेस सेन्टर	1	0
आइनोटिक्स	10	6
इन्डिया मेडट्रोनिक प्राइवेट लि.	2	0
इन्डस वेली पार्टनर	1	1

कंपनी का नाम	प्रस्ताव	स्वीकृत
इन्फो एज (आई) प्रा. लि.	2	2
इनफोटेक	1	1
इंगरसोल रैंड	1	1
महिन्द्रा एंड महिन्द्रा	1	1
एमईएमसी	2	2
माइक्रोसोफ़्ट इन्डिया	1	1
एम्फेसिस	2	2
फिलिप्स इंडिया	1	0
प्राइसवॉटरहाउस कूपर्स	2	1
रामको सिस्टम्स लिमिटेड	3	1
आरपीजी ऐंटरप्राइज	0	0
शापूरजी	1	1
टेकनोपाक	0	0
टी एस एम जी	3	2
विर्तुसा	5	0
विप्रो लिमिटेड	1	0
यश बैंक	5	2
कुल	**86**	**43**

ङ10 उद्यमशीलता के विकल्प

	पीजीपी
छात्र का नाम	**उद्यमशीलता के क्षेत्र**
अरुणकुमार सी	ई-कोमर्स स्पेस
बी राजा मुकेश कृष्णा	ई-कोमर्स स्पेस
मधुर किशोर	काफ़े लौंज में पूर्ण सेवा
मनोज कुमार मीणा	रियल एस्टेट सेक्टर
नेहा दहिया	शिक्षण का आरंभ
राहुल सिंघल	रोगियों को चिकित्सा परामर्श प्रदान करने के लिए चिकित्सकों के लिए एक ऑनलाइन मंच
तुंगा दंडी विवेकानंद	ऑनलाइन वितरण
	पीजीपी-एबीएम
चारुलता शर्मा	विशेष तौर पर गैरसरकारी और उद्यमियों के लिए परामर्श
नूपुर गुप्ता	ऑनलाइन सूचना पोर्टल

ङ11 ग्रीष्मकालीन नियोजन का क्षेत्रवार वितरण

क्षेत्र	नियोजनों की संख्या	प्रतिशत
परामर्श	76	20
विपणन एंव बिक्री	70	19
सामान्य प्रबंध	34	9
बैंकिंग एवं वित्त सेवाएँ	149	39
आइ टी / आइ टी ई एस	40	11
अन्य	9	2
कुल	**378**	**100**

नियुक्ति

पीजीपी-एबीएम क्षेत्रवार नियुक्ति 2011 ङ12



अनुसंधान, प्रकरण लेखन परियोजनाएँ, एवं संगोष्ठियाँ

जारी परियोजनाएँ

	जारी परियोजनाएँ	प्रारंभ की गईं परियोजनाएँ	कुल	पूरी हो चुकी परियोजनाएँ	आस्थगित परियोजनाएँ	निरस्त परियोजनाएँ
अनुसंधान परियोजना	5	9	14	5	1	-
मूलधन परियोजना	4	7	11	4	-	-
केस विकास परियोजना	14	5	19	5	-	-
ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप परियोजना				7		
आर एंड पी द्वारा संयोजित संगोष्ठी				16		
कार्यशील पत्रक				47		

प्रारंभ की गई अनुसंधान परियोजनाएँ

- पिरामिड के तल के लिए कम लागत की स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली का विकास
  (प्रोफेसर ए. के. जायसवाल)
- वित्तीय संकट के बाद भारतीय बी पी ओ में काम और रोजगार
  (प्रोफेसर एर्नेस्टो नोरोन्हा एंव प्रेमिला डीक्रूज़)
- अनिजीकृत सताने की गतिशीलता को समझना (प्रोफेसर प्रेमिला डीक्रूज़)
- परियोजना आधारित शिक्षण और अधिगम की पद्धति
  (प्रोफेसर राजीव शर्मा एवं प्रो. एम. आर. दीक्षित)
- अव्यवसायीकरण या व्यवसायीकरण का पुनः आविष्कारः भारत में वैधानिक प्रक्रिया आउटसोर्सिंग (एलपीओ) में काम कर रहे वकीलों का प्रकरण
  (प्रोफेसर एर्नेस्टो नोरोन्हा)
- भारतीय कॉल सेन्टरों में उच्च प्रतिबद्धता प्रबंधन प्रथाएँ (प्रो. प्रेमिला डीक्रूज़)
- भारत में सामाजिक गतिशीलता (प्रोफेसर अंकुर सरीन)
- प्रतिभा प्रबंधन : दवा कम्पनियों में चुनौतियाँ एवं सर्वोत्तम प्रथाएँ (प्रोफेसर कीर्ति शारदा)
- भारतीय शेयर बाजार में प्रणालीबद्ध जोखिम कारकों के व्यवहार पर एक अध्ययन (प्रो.जोशी जेकब, प्रो. शोभेश अग्रवाला, और प्रो.जयंत वर्मा)

मूल धन परियोजनाएँ

- दोष सहिष्णु नेटवर्क डीज़ाइन (प्रो. प्रह्लाद वेंकटेशन)
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना : बीपीएल परिवारों के लिए स्वास्थ्य बीमा अभिगम का विस्तार (प्रो. डी कार्तिक)
- कर्मचारी उत्पादकता पर जुटने का प्रभाव : भारतीय आईटी कम्पनियों का एक दीर्घ अध्ययन (प्रो.डी कार्तिक और प्रो.राकेश बसंत)
- अनुपालन से मूल्य तक का आंतरिकीकरण : कर्मचारी के पूर्व समाजीकरण अभ्यस्त व्यवहार और संस्था के अपेक्षित कर्मचारी व्यवहार के बीच की महत्त्वपूर्ण भूमिका (प्रो.ज्योर्ज कंडाथिल)
- घरेलू उपकरणों के ऊर्जा लेबलिंग और उपभोक्ता व्यवहार (प्रो. राम मोहन तुरागा)
- नव आधुनिकतावादी योजना अभ्यास के प्रति समकालीन विकल्पों का अन्वेषण : शहरी रिवरफ्रन्ट परियोजनाओं का मामला (प्रो. नवदीप माथुर)
- सशस्त्र संघर्ष में बोधगम्य और संस्थानीकरण : अवधारणाओं को अभ्यास में कार्यान्वित करते हुए (प्रो. कीर्ति शारदा)

केस विकास परियोजनाएं

- एचडीएफसी सिक्योरिटीज़ लिमिटेड के लिए आईटी योजना
  (प्रोफेसर रजनीश दास)

अनुसंधान, प्रकरण लेखन परियोजनाएँ, एवं संगोष्ठियाँ

- उत्कृष्टता के लिए नवाचार : प्रबंधन शिक्षा में अग्रणियों के लिए कार्यक्रम
  (प्रोफेसर राजीव शर्मा और प्रो. विजय शेरी चंद)
- सेवा (एस ई डबल्यू ए)
  (प्रोफेसर अजीत एन. माथुर)
- इन्नोवासिन्त टेकनोलोजिज़ (आई) लिमिटेड
  (प्रोफेसर अजीत एन. माथुर)
